www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
15 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 11, अंक 57

मेरे नन्हे कदम प्ले स्कूल ने मनाया अपना 12वां वार्षिकोत्सव



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### सिस्टम की लापरवाही और सड़क के अभाव ने ली एक और जान

# घाघरा में आदिम जनजाति की गर्भवती ने तोड़ा दम

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड की दीरगांव पंचायत के सुदूरवर्ती झलकापाट गांव से रविवार को सामने आयी घटना से व्यवस्था की पोल खोल दी। सड़क नहीं होने के कारण आदिम जनजाति की एक गर्भवती समय पर अस्पताल नहीं पहुंच सकी और उसकी मौत हो गयी। उसका नाम सुकरी कुमारी था। रविवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सुबह करीब 11 बजे उसे बहंगी पर लाद कर गांव से निकले। झलकापाट से लगभग एक किलोमीटर दूर काड़ासिल्ली गांव तक उसे पहुंचाया। वहां से ममता वाहन/108 एंबुलेंस की मदद से महिला को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल, गुमला रेफर किया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही सुकरी कुमारी ने दम तोड़ दिया।

## 78 साल बाद भी सड़क नहीं

बता दें कि आजादी के 78 साल बाद भी झलकापाट गांव सड़क से नहीं जुड़ पाया है। बरसात में हालात और बदतर हो जाते हैं। सड़क के अभाव में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार गांव से दूर हैं। यह घटना योजनाओं और जमीनी हकीकत के बीच की खाई को उजागर करती है।



## नक्सल प्रभावित गांव, विकास से कोसों दूर

झलकापाट गांव में न सड़क है, न बिजली, न संचार और न ही स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था। वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन केवल आश्वासन मिल रहे हैं। सुकरी कुमारी की मौत इस उपेक्षा का दर्दनाक उदाहरण है। जब तक ऐसे गांवों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलेंगी, तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी।

## स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

अगर समय पर सड़क और एंबुलेंस की पहुंच होती, तो शायद एक जान बच सकती थी। कागजों में मौजूद ममता वाहन और 108 सेवा गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था और आपात सेवाएं इस मामले में पूरी तरह फेल साबित हुईं।

## चुटुपालू घाटी में घायल का वीडियो बना रहे थे लोग, सुदेश ने अस्पताल भिजवाया

सुदेश महतो की सार्थक पहल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुटुपालू घाटी में रविवार को एक बाइक सवार दुर्घटना में घायल होकर काफी देर से सड़क के किनारे गिरा हुआ था। लोग वीडियो बना रहे थे, लेकिन किसी ने उसे सहायता नहीं पहुंचायी। तभी हजारीबाग जाने के क्रम में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो का काफिला वहां पहुंचा। सुदेश महतो ने घायल बाइक सवार को देखकर अपना काफिला रुकवाया और उसे अस्पताल भिजवाया। उनके साथ केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर और मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, छात्र संघ अध्यक्ष ओम वर्मा, ऋतुराज शाहदेव तथा अन्य कार्यकर्ता भी थे।

### वन विभाग के पूर्व अधिकारियों पर लगा आरोप

# सीएम हेमंत सोरेन ने दिया जांच का निर्देश

- सोशल मीडिया पर की गयी थी शिकायत
- सरकारी आवास खाली नहीं करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड वन विभाग के कुछ सेवानिवृत्त उच्चाधिकारियों द्वारा सरकारी आवास को खाली नहीं करने के गंभीर आरोपों पर तत्काल संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया के माध्यम से मिली शिकायत के बाद, मुख्यमंत्री ने विभाग को फौरन कार्रवाई कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। झारखंड राबता हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी मतलुब इमाम ने झारखंड के वन विभाग के कुछ सेवानिवृत्त उच्चाधिकारियों पर सरकारी आवास और अन्य सुविधाओं का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने ट्वीट कर यह जानकारी दी थी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कार्रवाई करने की मांग की थी। इस पर हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने हाजी मतलुब इमाम के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। हेमंत सोरेन ने लिखा, तत्काल संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें एवं सूचना दें।

## क्या लिखा था शिकायत में

हाजी मतलुब इमाम ने अपने ट्वीट में कहा था, मुख्यमंत्री जी, जोहार। जानकारी के अनुसार वन विभाग के कुछ उच्च अधिकारी कई माह पूर्व सेवानिवृत्त हो गये हैं, लेकिन आज तक सरकारी आवास एवं सुविधाएं अभी तक ले रहे हैं, जो चिंता का विषय है एवं अनुशासनहीनता दर्शाता है। अनुरोध है श्रीमान इस पर उचित कार्रवाई की जरूरत है।




A Media Marketing Initiative.

# मेरे नन्हें कदम की 12वें वार्षिक महोत्सव “रिश्ते... दिल से दिल तक” ने जीता दिल













कार्यक्रम में उपस्थित जयंत मिश्रा (सचिव झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल), बादल राज (जिला अधिक्षक, रांची) एवं अन्य अतिथिगण

दिनांक 14 दिसम्बर 2025 को RIMS सभागार, प्रेम, उत्साह और भावनाओं से सराबोर हो उठा, जब मेरे नन्हें कदम ए स्कूल ने अपना 12वां वार्षिक महोत्सव भव्य रूप से मनाया. कार्यक्रम में प्रमुख अतिथिगण के रूप में जयंत मिश्रा (सचिव – झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल) बादल राज (जिला शिक्षा अधीक्षक – रांची) ने अपनी उपस्थिति से समारोह के गौरव को बढ़ाया. विशेष अतिथि के रूप मे डॉ सुनील कुमार (प्राचार्य – जी.डी. गोयनका स्कूल), श्रीमती नीना दास (उप प्राचार्या – जुनियर विंग, सुरेन्द्र नाथ सेन्टेनरी स्कूल) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों का उत्साह बढ़ाया.

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इस कार्यक्रम में ‘मेरे नन्हें



कदम ए प्ले स्कूल’ के रांची में संचालित 3 शाखाओं के लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया. LKG के बच्चों के द्वारा शिव-पार्वती एक्ट ने मानो पूरे वातावरण से भक्तिमय बना दिया. परिवार, दोस्ती और गुरु शिष्य संबंधों पर आधारित हर प्रस्तुति ने यह एहसास दिलाया कि हमारे जीवन में सच्चे रिश्ते ही असली आधार हैं. Play Group के बच्चों ने “मेरी मां” गाने ने पूरे सभागार की भावुक कर दिया. नन्हा कलाकार अपनी छोटी सी दुनिया को लेकर मंच पर उतरा.

क्लास नर्सरी की नन्हीं बच्चियां जब दुल्हन के रूप में स्टेज पर पहुंची तो ऐसा लगा मानों वो अपने मन के सारे भाव अपने पिता को समझा रही हो.

थीम के अनुसार इस कार्यक्रम में चाहे माता-पिता हो, नाना-नानी, दादा-दादी या मौसी और मामा हर रिश्ते के महत्व को दर्शाया गया.

मेरे नन्हे कदम विगत 12 वर्षों से बच्चों के ओवर ऑल डेवलपमेंट, क्वालिटी ऑफ एजुकेशन और एक्सीलेंस इन चाइल्ड केयर को प्राथमिकता दी है. पब्लिक स्पीकिंग और एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग के द्वारा बच्चों की पर्सनालिटी डेवलपमेंट में पूरा ध्यान दिया जाता है.



### मेरे नन्हें कदम की निदेशक विभा सिंह

मेरे नन्हें कदम – ए प्ले स्कूल की संस्थापक एवं निदेशक विभा सिंह ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया. बच्चों का बेहतरीन प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी. उन्होंने कहा कि बच्चों के आत्मविश्वास के लिए उनके अभिभावकों को बच्चों के हर प्रयास में चाहे वो सफल हो या न हो, और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि इससे बच्चों का मनोबल एवं आत्मविश्वास बना रहे. अपने विद्यालय के शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के कार्य की सराहना की. साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया.





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# नवजात की लगी बोली, पिता ने 7 दिन के बच्चे का कर दिया सौदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के डंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले एक पिता ने अपने सात दिन के नवजात बच्चे को बेच दिया था। गढ़वा पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए पलामू के रेड़मा इलाके में छापेमारी की और बच्चे को रिकवर किया गया। मौके से पुलिस ने बच्चे को खरीदने वाली एक महिला को भी हिरासत में लिया है, जिसे पूछताछ के लिए अपने साथ ले गयी।

**पलामू से बरामद हुआ बच्चा :** दरअसल, गढ़वा जिला में डंडा प्रखंड के चप्परदगा के रहने वाले एक पिता ने शनिवार को अपने बच्चे को बेच दिया था। इस बात की जानकारी पुलिस को लग गई। इसके बाद मामले में गढ़वा के डंडा थाना प्रभारी दिलीप कुमार ने पहल करते हुए मेदिनीनगर के इलाके में छापेमारी की और नवजात बच्चे को बरामद कर लिया। इसके बाद टीम ने बच्चे को सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया।

मामले में गढ़वा के थाना प्रभारी दिलीप कुमार बताया कि शनिवार को ही बच्चे को बेचा गया था, जिसे पलामू के रेड़मा इलाके में छापेमारी कर उसे रिकवर किया गया। मौके से बच्चे खरीदने वाले को भी हिरासत में लिया गया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। साथ ही बच्चा बेचने वाले दंपति को भी थाना बुलाया गया है।

## 58 हजार में किया गया था बच्चे का सौदा



थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चे को दो लाख रुपये में बेचा गया था। बच्चे के पिता ने बताया कि उनके पहले से ही 3 बच्चे हैं। यह उनका चौथा बच्चा था, जिसकी वजह से उस पर बेचने के लिए दबाव बनाया जाने लगा। बच्चे बेचने को लेकर मुझे 58 हजार दिया गया था और इसी लालच में आकर बच्चे को बेच दिया। इधर, सीडब्ल्यूसी सदस्य के अधिवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार रात को पुलिस द्वारा एक नवजात शिशु सौंपा गया है। सारी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया, ताकि बच्चे को अगर कोई दिक्कत हो तो उसका समुचित इलाज हो सके। वहीं, बच्चे की मां की दिमागी हालत ठीक नहीं है।

### लिट्टीपाड़ा प्रखंड के जामजुड़ी पंचायत के जामकुंदर गांव का मामला

# आदिम जनजाति के लोग आज भी झरने का दूषित पानी पीने को विवश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लिट्टीपाड़ा।** पहाड़ों में रहने वाले आदिम जनजाति के लोग आज भी मुलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। लोगों को न ही पक्की सड़क और मुहैया हुई है और न ही शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो पाया है। मामला प्रखंड अंतर्गत जामजुड़ी पंचायत के जामकुंदर गांव की है। गांव में शुद्ध पेयजल की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को मजबूरन झरने का दूषित पानी पीकर जीवन यापन करना पड़ रहा है। पहाड़िया टोला के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में न तो नल-जल योजना का लाभ पहुंचा है और न ही चापाकल काम कर रहा हैं। गर्मी के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाता है। जब झरनों का जलस्तर घट जाता है, फिर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग कई किलोमीटर पैदल चलकर दूसरे जगह से पानी लाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार झरने का पानी असुरक्षित है। इससे बीमारियों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। आदिम जनजाति जैसे संवेदनशील समुदाय के लिए स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता का अभाव प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है।

## क्या कहते हैं स्थानीय ग्रामीण

ग्रामीण सुकुरमुणि सोरेन, तालामय मरांडी, लुखी टुडू, मोगली मुर्मू, होपना सोरेन, देबा पहाड़िया ने बताया कि हम ग्रामीणों की समस्यायों को सुनने वाला कोई नहीं है। जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि आकर सिर्फ आश्वासन ही देते हैं, लेकिन कोई भी फायदा हम लोगों को नहीं पहुंचाते हैं। पहाड़ व जंगलों में रहने वाले हमलोगों किसी तरह जीवन यापन करते हैं।

# सदर अस्पताल में महिलाओं से ठगी, पति-पत्नी हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के सदर अस्पताल में ठगी का खुलासा हुआ है। यहां गर्भवती महिलाओं से 5-5 सौ रुपये यह कहकर ठगे गये हैं कि उन्हें बच्चा पैदा होने के पश्चात उनके खाते में मोटी रकम आयेगी। इस मामले में सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के अभिभावकों ने एक महिला और एक पुरुष को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया है। पकड़े गये पुरुष व महिला की पहचान करमा निवासी संकी कुमारी और पति नरेश कुमार के रूप में की गयी है। इधर मामले को लेकर सदर अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों ने बताया कि संकी कुमारी और उनके पति नरेश कुमार रविवार सुबह हमारे वार्ड में आये और कहा कि सभी लोग उन्हें 5-5 सौ रुपये जमा कर दें। इसके बारे में पूछे जाने पर संकी ने बताया कि सरकार की एक नयी स्कीम आयी है, जिसमें वैसी महिलाओं जो लड़की को जन्म देंगी उनके खाते में 15 हजार रुपये और वैसी महिलाएं जो लड़के को जन्म देंगी उनके खाते में 5 हजार रुपये आयेंगे। उक्त खाते को चालू कराने के लिए फिलहाल उन्हें 5-5 सौ रुपये लगेंगे। महिलाओं व उनके साथ आये रिश्तेदारों को इस बात की शंका होने पर उन्होंने इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दे दी और उक्त दोनों महिला एवं पुरुष को उनके हवाले कर दिया।

इधर पकड़ाये महिला पुरुष से जब अस्पताल प्रबंधन ने बातचीत की, तो उसने बताया कि उन्हें किसी पूनम और संगीता नाम की महिला का फोन आया था। उनके द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर इनसे 20 हजार रुपये भी लिए गये थे। उनके द्वारा कहा गया था कि आपको सदर अस्पताल में प्रसूति के लिए आयी महिलाओं से 5-5 सौ रुपए लेने हैं। इसके एवज में आपको तनख्वाह भी दी जायेगी। इधर सदर अस्पताल प्रबंधन द्वारा उक्त दोनों महिला और पुरुष को कोडरमा पुलिस के हवाले कर दिया गया है, जहां उनसे पुलिस मामले की गहनता से पूछताछ कर रही है। इस मामले पर पूछे जाने पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ रंजीत कुमार ने बताया कि पिछले 3-4 दिनों से ऐसी शिकायतें मिल रही थीं, जिसको लेकर सदर अस्पताल के कर्मियों, साथ ही साथ मरीजों को भी यह सूचना दे दी गयी थी कि अगर कोई भी इस प्रकार का व्यक्ति पैसे लेनदेन की बात करते हैं, तो तुरंत सदर अस्पताल प्रबंधन को सूचित करें। आज जब यह बातें सामने आयीं तो उन्हें अस्पताल के सुरक्षा गार्ड के द्वारा पकड़ कर कोडरमा पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई अब पुलिस करेगी।

ज्ञात हो कि सदर अस्पताल में पैसों का खेल चल रहा है। ओटी हो या लेबर रूम मरीज के साथ 500 से 1000 रुपया लिए जाने का आरोप आम है।

# साहिबगंज की ऐतिहासिक धरोहर तेलियागढ़ी को संरक्षित करने की जरूरत, इतिहासकारों ने शासन-प्रशासन से उठायी मांग

सुनील कुमार गौतम



साहिबगंज कॉलेज के इतिहास विभाग के एचओडी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर शिवनंदन



साहिबगंज कॉलेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर दिनेश कुमार यादव



डीसी साहिबगंज हेमंत सती

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** झारखंड की ऐतिहासिक और पुरातात्विक धरोहर तेलियागढ़ी किला आज उपेक्षा के कारण अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। उत्तरवाहिनी गंगा नदी के तट पर, राजमहल पहाड़ियों में स्थित यह किला प्राचीन और मध्यकालीन भारत में बंगाल का प्रवेश द्वार माना जाता था। कभी यह उत्तर भारत और बंगाल को जोड़ने वाले तीन प्रमुख मार्गों का रणनीतिक केंद्र रहा, लेकिन संरक्षण के अभाव में आज इसकी पहचान धीरे-धीरे मिटती जा रही है। इतिहासकारों का कहना है कि यदि समय रहते इस ऐतिहासिक स्थल को संरक्षित नहीं किया गया, तो तेलियागढ़ी किला केवल इतिहास की पुस्तकों तक सिमट कर रह जाएगा। वर्तमान में किले की दीवारें जर्जर हो चुकी हैं और संरचनाएं लगातार क्षतिग्रस्त हो रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थल न केवल शोध और अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी इसे विकसित किया जा सकता है। इतिहास के अनुसार तेलियागढ़ी क्षेत्र का संबंध प्राचीन जनपद अंग, मगध और पुण्ड्रवर्धन से रहा है। मौर्य, गुप्त और मुगल काल में यह क्षेत्र सामरिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण था। अकबर के शासनकाल में राजमहल बंगाल की अस्थायी राजधानी रहा और तेलियागढ़ी किला एक प्रमुख रक्षात्मक चौकी के रूप में प्रयुक्त हुआ। ब्रिटिश काल में यह स्थल संथाल विद्रोह का भी साक्षी रहा। साहिबगंज कॉलेज के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. शिवनंदन ने कहा कि यह किला विद्यार्थियों और शोधकताओं के लिए अमूल्य धरोहर है, जिसके संरक्षण के लिए सरकार को गंभीर प्रयास करने चाहिए। वहीं प्राध्यापक डॉ. दिनेश कुमार यादव ने इसे भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण केंद्र बताया। उपायुक्त हेमंत सती ने जानकारी दी कि जिला प्रशासन ने इसके संरक्षण के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखा है। वहीं रेल मंत्रालय ने भी साहिबगंज स्टेशन के सौंदर्यीकरण में तेलियागढ़ी किले को मॉडल के रूप में दर्शाकर इसके ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया है।

### चाइबासा के सारंडा जंगल में लगातार दो विस्फोट

# कोबरा के दो जवान हुए घायल एयरलिफ्ट कर लाये गये रांची



आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान रविवार शाम नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आइइडी में विस्फोट हो गया। इस घटना में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना छोटानागरा थाना क्षेत्र के बलिबा गांव के पास की है। सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चला रहे थे, तभी नक्सलियों द्वारा पहले से प्लांट किए गए दो आइइडी में विस्फोट हुआ। विस्फोट की चपेट में आने से 209 कोबरा बटालियन के दो जवान बुरी तरह घायल हो गये। घायल जवानों के नाम हेड कांस्टेबल अलख दास और हेड कांस्टेबल नरायन दास हैं।

जानकारी के मुताबिक,घायल जवानों को मौके पर प्राथमिक उपचार देने के बाद कड़ी मशक्कत से जंगल से बाहर निकाला गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया। पुलिस अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है और बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। बता दें सारंडा जंगल लंबे समय से नक्सली गतिविधियों का गढ़ रहा है। सुरक्षा बलों के लगातार अभियानों से बैकफुट पर आये नक्सलियों की ओर से इस तरह की घटनाएं उनकी हताशा का संकेत मानी जा रही हैं।

# 1000 करोड़ के साइबर फ्रॉड रैकेट का खुलासा 17 आरोपियों और 58 कंपनियों के खिलाफ चार्जशीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने करीब 1000 करोड़ रुपये के एक अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड रैकेट का खुलासा किया है।

सीबीआइ ने ऑपरेशन चक्र-V के तहत कार्रवाई करते हुए 17 आरोपियों (4 विदेशी नागरिक सहित) और 58 कंपनियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

इस मामले में झारखंड, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश में 27 ठिकानों पर छापेमारी की गयी। यह साइबर गिरोह ऑनलाइन निवेश और रोजगार योजनाओं के जरिए हजारों लोगों से धोखाधड़ी कर रहा था।

जांच में सामने आया कि साइबर अपराधी लोगों को फंसाने के लिए भ्रामक लोन ऐप्स, फर्जी निवेश योजनाएं (पोंजी और एमएलएम मॉडल), नकली पार्ट-टाइम नौकरी के ऑफर और धोखाधड़ी वाले ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते थे।

## जांच एजेंसियों से बचने के लिए अपनाते थे ये तरीके

आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, फिनटेक प्लेटफॉर्म, कई म्यूल बैंक अकाउंट्स, गूगल विज्ञापन, बल्क एसएमएस अभियान और सिम-बॉक्स आधारित मैसेजिंग सिस्टम का उपयोग किया, ताकि अपराध से प्राप्त धन को छिपाया जा सके।




## 111 शेल कंपनियों के माध्यम से 1000 करोड़ की रूटिंग

सीबीआइ की जांच में सामने आया कि इस नेटवर्क ने 111 शेल कंपनियों के जरिए धनराशि की रूटिंग की। इन कंपनियों को डमी निदेशकों, फर्जी दस्तावेजों और झूठे पतों के आधार पर पंजीकृत कराया गया था। इन्हीं के जरिए बैंक और मर्चेंट अकाउंट खोलकर पैसे का लेन-देन किया गया।

## सैकड़ों बैंक खातों का किया गया विश्लेषण

जांच के दौरान सैकड़ों बैंक खातों का विश्लेषण किया गया, जिसमें 1000 करोड़ से अधिक की राशि के ट्रांजैक्शन सामने आए। एक ही खाते में कम समय में 152 करोड़ से अधिक की रकम जमा होने की पुष्टि हुई।

## विदेश से संचालित हो रहा था साइबर फ्रॉड

सीबीआई के अनुसार, यह साइबर फ्रॉड नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय था और इसका संचालन विदेशी नागरिकों द्वारा विदेश से किया जा रहा था।

## अक्टूबर 2025 में तीन भारतीयों की गिरफ्तारी

अक्टूबर 2025 में सीबीआइ ने इस गिरोह से जुड़े 3 भारतीय आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ आपराधिक साजिश, जालसाजी, फर्जी दस्तावेजों के उपयोग और अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट, 2019 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई के अनुसार यह कार्रवाई ऑपरेशन चक्र-V के तहत अंतरराष्ट्रीय साइबर वित्तीय अपराधों के खिलाफ जारी अभियान का हिस्सा है।

# होमवर्क नहीं करने पर तीन साल की मासूम की पिटाई

### स्कूल प्राचार्य पर गंभीर आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में बच्चों के साथ शारीरिक दंड की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सेक्टर-8 स्थित किड्स केयर एकेडमी पब्लिक स्कूल में मात्र 3 वर्षीय बच्ची ऋषिका कुमारी को होमवर्क नहीं करने की ह्यगलतीह्ण पर प्राचार्य द्वारा कथित रूप से इतनी बुरी तरह पीटा गया कि उसके नन्हे गाल सूज गए। डर के मारे मासूम एक दिन तक खाना भी नहीं खा सकी। यह घटना उस समय प्रकाश में आई जब बच्ची के पिता ऋषितोष कुमार ने अपनी बेटी का सूजा हुआ चेहरा देखा। गुस्से और दुख से भरे पिता तुरंत स्कूल पहुंचे और मामले की शिकायत की। उन्होंने चास के एसडीओ प्रांजल ढांडा को बच्ची की तस्वीरें भेजकर न्याय की गुहार लगाई। मामला गंभीर होने पर एसडीओ ने मजिस्ट्रेट राजबाला के नेतृत्व में एक जांच कमेटी गठित की, जो पीड़ित परिवार के घर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की।जांच में पता चला कि बच्ची को जरूरत से ज्यादा पीटा गया था। मजिस्ट्रेट ने चोट के निशानों की पुष्टि की और प्राचार्य ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। प्रशासन ने फिलहाल स्कूल को सुधार का मौका देते हुए सख्त चेतावनी जारी की है।पीड़ित पिता ऋषितोष कुमार का कहना है कि वे पूर्ण न्याय चाहते हैं, लेकिन प्राचार्य के कथित राजनीतिक संबंधों के कारण परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, मेरी बेटी अभी किताब-कॉपी की दुनिया में कदम रख रही है और होमवर्क का डर उसकी मुस्कान छीन लेगा, यह कैसे सहन किया जाए?

यह घटना न केवल एक परिवार का दर्द है, बल्कि पूरे समाज के लिए बड़ा सवाल खड़ा करती है– क्या नन्हे-मुन्ने बच्चों को पढ़ाने का तरीका डर और मार-पीट हो सकता है? भारत में आरइटी एक्ट 2009 और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत स्कूलों में कॉर्पोरल पनिशमेंट पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है ताकि बच्चों का स्कूल सुरक्षित और खुशी का स्थान बना रहे।प्रशासन ने जांच जारी रखने की बात कही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.4 °c | 9.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.22 बजे |



## दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'वोट चोर-गद्दी छोड़' रैली

# मोदीजी का आत्मविश्वास खत्म शाह के हाथ कांपते हैं: राहुल गांधी

**खड़गे, सोनिया और प्रियंका समेत अन्य ने लिया भाग**

**कांग्रेस नेताओं ने रैली में संविधान की प्रतियां लहरायीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मविश्वास खत्म हो गया है। इतना ही नहीं, अमित शाह के हाथ भी कांपते हैं, क्योंकि उनकी वोट चोरी पकड़ी गयी है। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस के 'वोट छोड़ गद्दी छोड़' रैली में उन्होंने यह बात कही। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद सोनिया गांधी और सांसद सह महासचिव प्रियंका गांधी समेत अन्य नेता मौजूद थे। इसमें मंच पर मौजूद नेताओं ने संविधान की प्रतियां लहरायीं।

**चुनाव आयोग पर लगाया आरोप :** राहुल गांधी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह और विवेक जोशी भाजपा के साथ मिल कर काम कर रहे हैं। पीएम ने इनके लिए कानून बदला है। हम इस कानून को बदलेंगे और इन लोगों के खिलाफ एक्शन लेंगे। इन लोगों को नहीं भूलना चाहिए कि ये हिंदुस्तान के चुनाव आयुक्त हैं, भाजपा के नहीं।

**देश में सत्य और असत्य की लड़ाई चल रही है :** कांग्रेस नेता ने कहा कि मोहन भागवत ने कहा है कि विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है। यह आरएसएस की विचारधारा है। मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य का मतलब नहीं है, केवल सत्ता जरूरी है। देश में सत्य और असत्य की लड़ाई चल रही है। गांधी कहते थे कि सत्य सबसे जरूरी है। हमारे धर्म में सत्य को सबसे जरूरी माना जाता है। कांग्रेस के डीएनए में सत्य है, उनके डीएनए में असत्य और वोट चोरी है। वोट चोरी अंबेडकर के संविधान पर हमला है। ये लोग वोट चोरी करके सरकार चलाते हैं। इन्होंने नोटबंदी, जीएसटी से छोटे व्यापारियों को मारा है। ये सब कुछ इसलिए हो रहा, क्योंकि वोट चोरी हो रही है। ये लोग वोट चोरी नहीं करते, तो पांच मिनट में सरकार से बाहर हो जाते।



### बेटे को कुछ भी हो, देश के लोगों को नहीं: खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मेरे बेटे का आठ घंटे का ऑपरेशन होना था। मुझे घर से भी फोन आया कि आपको आना चाहिए, लेकिन जब देश के लिए जवान मर रहे हैं, इंदिरा-राजीव ने कुर्बानी दी, सोनिया ने सब कुछ त्याग दिया, मैं अपने बेटे के लिए इस लड़ाई को छोड़कर नहीं जा सकता। बेटे को कुछ भी हुआ, कोई बात नहीं, मगर देश के लोगों को कुछ नहीं होना चाहिए। हमें पीछे नहीं हटना है, पीछे हट जायेंगे, तो मर जायेंगे।

### हमने जो बनाया, भाजपा ने सब बिखेर दिया: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि आज पीएम मोदी बड़े-बड़े राष्ट्रपतियों के साथ हाथ में हाथ डाल कर फोटो खिंचाते हैं, लेकिन जनता के साथ नहीं खड़े होते हैं। ये आपसे नहीं पूछ सकते कि आपके दुख क्या हैं। संसद में इनका आत्मविश्वास घट जाता है। आंख से आंख नहीं मिला पाते। जनता का विश्वास मोदी-शाह से हट चुका है। आज इनको चुनाव आयोग की जरूरत है। इसके बिना ये नहीं जीत सकते। पीएम ऑफिस के अधिकारी बेटिंग एप चला रहे थे। इसकी चर्चा क्यों नहीं होती। जो इतने सालों में हमने बनाया, इन्होंने सब बिखेर दिया।

# मेसी के टूर ऑर्गेनाइजर को 14 दिन की हिरासत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेसी के भारत दौरे के ऑर्गेनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के 'गोट इंडिया टूर 2025' के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सताद्रु पर इवेंट में अव्यवस्था के आरोप हैं। लोक अभियोजक ने कोर्ट में हिरासत की मांग करते हुए कुछ पुलिसकर्मियों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को व्यवस्थित करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था। बता दें कि 13 दिसंबर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गये। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाये। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। सताद्रु मेसी और उनके साथियों को हैदराबाद के लिए छोड़ने गये थे।

**राज्यपाल सॉल्ट लेक स्टेडियम पहुंचे :** मेसी के इवेंट के दौरान हुए हंगामे के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को मौके पर जाकर जायजा लिया। शनिवार को मेसी के इवेंट में हंगामे और भीड़ की गड़बड़ी के बाद बोस को सॉल्ट लेक स्टेडियम में इंट्री नहीं दी गयी थी। उनके पहुंचने पर गेट बंद थे और स्टेडियम की लाइटें बंद थीं। राज्यपाल ने आरोप लगाया था कि यह कदम उनकी इंट्री रोकने के लिए था। उन्होंने इस पर विस्तृत जवाब मांगा था। बोस ने पहले सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुई घटना को कोलकाता के खेल प्रेमी लोगों के लिए काला दिन बताया था। उन्होंने राज्य सरकार को इवेंट ऑर्गेनाइजर को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। उन्हें हंगामे के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया था। कोलकाता पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आयोजकों ने स्टेडियम परिसर के अंदर पानी की बोतल और कोल्ड ड्रिंक ले जाने की अनुमति कैसे दी, जो ऐसे आयोजनों के दौरान प्रतिबंधित चीजें हैं।



### जांच टीम भी स्टेडियम का जायजा लेने पहुंची

जांच समिति के सदस्यों ने भी रविवार को घटनास्थल का दौरा किया और नुकसान का जायजा लिया। तीन सदस्यों की टीम ने स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान टूटी हुई प्लास्टिक कुर्सियों, मुड़े हुए मेटल बैरिकेड और बिखरी हुई गैलरी की जांच की। यह स्टेडियम भारत के सबसे बड़े फुटबॉल मैदानों में से एक है। कलकत्ता हाइकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस असीम कुमार रे की अगुवाई में टीम ने उस जगह से जांच शुरू की, जहां से मेसी ने इंट्री की थी। पैनल को नुकसान का आकलन करने और अराजकता की वजह बनने वाली घटनाओं के क्रम को फिर से बनाने की अनुमति देने के लिए सफाई और मरम्मत रोक दी गयी थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जांच टीम को चूक के लिए जिम्मेदारी तय करने और बड़े कार्यक्रमों में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सुधारात्मक कदम सुझाने का काम सौंपा है।

# बच्चों की बुनियाद को मजबूत करेगा विभा सिंह का विजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेरे नन्हे कदम की संस्थापक और निदेशक विभा सिंह ने एनुअल डे के कार्यक्रम में जिस तरह से भारत की संस्कृति के साथ रिश्तों के महत्व को दर्शाया, वह नन्हे कदम के बच्चों की बुनियाद को बेहद मजबूत करेगा। उनमे रिश्तों की समझ प्रगाढ़ होगी। माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन और अन्य पारिवारिक रिश्तों का क्या महत्व होता है, इस कार्यक्रम में बच्चों के परफॉरमेंस के जरिये उन्हें अवगत कराया गया। एक तरफ कार्यक्रम के दौरान विभा सिंह बच्चों में आत्मविश्वास भरने की कोशिश करती दिखीं, तो वहीं बच्चों के परफॉरमेंस को देख गर्व की अनुभूति भी महसूस कर रही थीं। विभा सिंह पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों की सुरक्षा के प्रति बेहद सतर्क भी दिखीं कि कहीं परफॉरमेंस के दौरान किसी बच्चे को तनिक भी दिक्कत नहीं हो। विभा सिंह का बच्चों के प्रति लगाव और भरोसा एक घटना से और प्रगाढ़ होता है। एक बच्चा मंच पर आया। उसे पेड़ों के बारे में स्पीच देनी थी, लेकिन बच्चा आत्मविश्वास नहीं जुटा पा रहा था। हॉल खचाखच भरा था। लाइट्स-कैमरा ऑन थे। बच्चा दो मिनट तक शांत रहा। हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। तभी विभा सिंह अपनी कुर्सी से उठीं और उस बच्चे के सामने खड़ी हो गयीं और उसे प्रोत्साहित किया। फिर उस बच्चे ने कमाल कर दिया। पूरी स्पीच दी। इसे कहते हैं खुद पर और अपने स्कूल के बच्चों पर भरोसा। मेरे नन्हे कदम की टीचर्स की तपस्या भी कार्यक्रम के दौरान साफ झलकी। उनका बच्चों के प्रति वात्सल्य अतुलनीय है। मेरे नन्हे कदम के सभी स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की और हर कसौटी पर खरे उतरे।





# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये नितिन नबीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से रविवार को जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है।



**पांच बार के विधायक और बिहार सरकार में मंत्री :** नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बांकीपुर से इस बार नितिन नबीन पांचवीं बार विधायक बने हैं। वह छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं। 45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। वह भाजपा के दिवंगत नेता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के बेटे हैं।

**तत्काल प्रभाव से लागू नियुक्तिः** बता दें कि यह नियुक्ति 14 दिसंबर से तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गयी है। आदेश में लिखा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नितिन नबीन, मंत्री बिहार सरकार को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

**नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के बेटे हैं नितिन :** भाजपा के नये राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पटना में जन्मे। उनके पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक रहे हैं। बता दें कि पिता के निधन के बाद नबीन सक्रिय रूप से चुनावी राजनीति में आये। चुनाव लड़ने से पहले नितिन नबीन भाजयुमो में भी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने पहली बार साल 2006 में उपचुनाव में जीत दर्ज की थी। इसके बाद उन्होंने 2010, 2015, 2020 और अब 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगातार विजय हासिल की। हाल ही में संपन्न हुए 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में नितिन नबीन ने 98,299 वोट हासिल करके राजद प्रत्याशी रेखा कुमारी को 51 हजार से अधिक वोटों के बड़े अंतर से हराया है।

# रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदधारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को सौंपा गया प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब के वर्ष 2025-27 सत्र के लिए नवनिर्वाचित पदधारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को रविवारको रांची प्रेस क्लब चुनाव संचालन समिति द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया। इसके साथ ही सभी नवनिर्वाचित पदधारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया।



बता दें कि कार्यकारिणी सदस्य के लिए 34 उम्मीदवार थे। इसमें प्रतिमा कुमारी को 413, संजय कुमार सुमन को 361, विजय कुमार गोप को 349, सौरभ कुमार शुक्ला को 328, निर्भय कुमार को 315, चंदन कुमार वर्मा को 286, अशोक कुमार गोप को 284, राजन बॉबी को 283, अमित कुमार को 276 और संतोष कुमार सिन्हा को 265 वोट मिले।

मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद सेवानिवृत्ति विश्वनाथ साहू ने सभी विजेता अधिकारी वर्ग और कार्य समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में चुनाव संचालन समिति के आरओ के रूप में सेवानिवृत्त जज विश्वनाथ साहू, एआरओ प्रभात सिंह, संचालन समिति में कन्वेनर के रूप में प्रमोद सिंह, आरजे अरविंद, रेखा पाठक, मोनू कुमार, अशोक द्विवेदी, गुलाम शाहिद, रंजीत कुमार, पिसी झा ने अपनी प्रमुख भूमिका निभायी। चुनाव संचालन समिति ने चुनाव को सफल बनाने के लिए रांची प्रेस क्लब के सभी पत्रकार सदस्यों का आभार जताया।

## झारखंड शराब घोटाला

# जगन तुकाराम को लाया गया रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी)की जांच और कार्रवाई लगातार जारी है। फर्जी बैंक गारंटी मामले में शनिवार को गिरफ्तार मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी के निदेशक जगन तुकाराम देसाई को रविवार को रांची लाया गया। एसीबी की टीम फ्लाइट से जगन तुकाराम देसाई को लेकर रांची एयरपोर्ट पहुंची। एसीबी रांची थाना कांड संख्या 09/2025 मामले में जगन तुकाराम देसाई को गुजरात के पोखरण स्थित सप्तगिरी कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी से एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी से संबंधित है।



कंपनी को ई-टेंडर की निविदा शर्तों के तहत झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के पक्ष में जोन-04 (धनबाद) के लिए बैंक गारंटी जमा करनी थी। लेकिन कंपनी ने जेएसबीसीएल के साथ धोखाधड़ी करते हुए फर्जी बैंक गारंटी जमा कर दी। एसीबी की जांच में अप्राथमिकी अभियुक्त जगन तुकाराम देसाई के विरूद्ध इस धोखाधड़ी के संबंध में ठोस साक्ष्य पाए गए, जिसके आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा,आर्थिक समस्याओं का समाधान,व्यापार वृद्धि।चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।
- **वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे,भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी,उद्योग-धंधे में सफलता।
- **मिथुन** आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे,नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।
- **कर्क** नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास,शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड़यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सरयू राय ने किया मानगो का दौरा, खोली नगर निगम की पोल

**सरयू राय का आरोप-ठेकेदार खुद नहीं कर रहा है काम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने रविवार को आजादनगर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा कर नगर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। आजादनगर विधायक प्रतिनिधि निसार अहमद की अगुवाई में दौरा किया गया। भाजपा आजादनगर मंडल अध्यक्ष फातिमा शाहीन प्रमुख रूप से मौजूद रहीं। दौरे की शुरूआत में नगर निगम कार्यालय से मात्र 10 कदम दूर गांधी मैदान मानगो में गंदगी का अंबार पाया गया। रोड नंबर 6 स्थित फुटबॉल मैदान में कचरा जमा था। उसे लोग वहीं जला रहे थे। रोड नंबर 9 में नाली की सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर बहता मिला। बागनशाशी मुर्दा मैदान की स्थिति और भी बदतर पाई गई। पूरा मैदान डंपिंग यार्ड में तब्दील हो चुका है।



निरीक्षण के दौरान गरीब कॉलोनी इमामबाड़ा के पास कचरे के ढेर मिले। ओल्ड पुरुलिया रोड गरीब कॉलोनी में दुकानों के सामने नाली के कलवत को सफाई के नाम पर तोड़ दिया गया, लेकिन तीन माह बाद भी उसका निर्माण नहीं हुआ। ओल्ड पुरुलिया रोड 5 नंबर में नईम स्टोर के सामने कचरा और नाली में जमा गंदगी के कारण नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। ओल्ड पुरुलिया रोड हड्डी गोदाम के नीचे बस्ती में नाली के अभाव में गंदा पानी खुले में बहता मिला। ओल्ड पुरुलिया रोड गणगौर के सामने की सड़क पूरी तरह टूट चुकी है, जहां लगभग 400 फीट सड़क के नए सिरे से निर्माण की जरूरत है। विधायक सरयू राय ने कहा कि वह मानगो नगर निगम के आयुक्त से बात कर साफ-सफाई का ठेका लेने वाली एजेंसियों का भुगतान रोकने को कहेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक दबाव बनाया जाता है तब तक काम होता है, उसके बाद ठेकेदार फिर ढीला रवैया अपना लेते हैं। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा उठाव पूरी तरह बंद मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। कहा कि अगर डोर-टू-डोर कचरा उठाव हो ही नहीं रहा है तो संबंधित एजेंसी को तुरंत हटाया जाए और बिल में कटौती कर भुगतान किया जाए। राय ने कहा कि सफाई ठेकेदार खुद काम नहीं कर रहे, किसी और से करवा रहे हैं। सफाई ठेकेदार पर नगर निगम तत्काल कार्रवाई करे। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि पश्चिम पप्पू सिंह, विधायक प्रतिनिधि उलीडीह संतोष भगत, जेडीयू उलीडीह मंडल अध्यक्ष परवीन सिंह, मनोज कुमार सहित उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


### 25 दिसंबर को होगा सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन, पीएम ऑनलाइन करेंगे संबोधित

# खेल प्रतिभाओं के साथ समाज के हर वर्ग का उत्सव है महोत्सव : संजय सेठ

- साइक्लोथन, मैराथन, फुटबॉल, तीरंदाजी, वूशु और लॉन बॉल का समापन
- कबड्डी और एथलेटिक्स में शामिल होंगे हजारों लोग
- 25 को प्रतिभागियों को मिलेंगे मेडल और पुरस्कार




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद खेल महोत्सव को लेकर रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रधान कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। इस प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 21 सितंबर से रांची में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ फिट युवा फॉर विकसित भारत के तहत आयोजित इस महोत्सव में सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि अधिक से अधिक संख्या में आम नागरिक भी शामिल हो खेलों के प्रति सब की रुचि बड़े यह उद्देश्य के साथ यह खेल प्रारंभ किया गया।

खेल सबके जीवन का हिस्सा बने, सभी स्वस्थ रहे, इस उद्देश्य के साथ युवाओं के उत्सव के रूप में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल महोत्सव में बड़ी संख्या में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी, नागरिक, और वरिष्ठ नागरिक भी अपना सभी सहभागिता निभा रहे हैं। 21 सितंबर को साइक्लोथोंन का आयोजन हुआ विकसित भारत 2047 के थीम पर आयोजित हुए साइक्लोन में 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभायी। सांसद खेल महोत्सव के दूसरे चरण में 12 अक्टूबर को स्वदेशी संकल्प के साथ मैराथन का आयोजन हुआ। इस मैराथन में 25000 लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई तीसरे चरण में फुटबॉल महासंगम का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र फुटबॉल का उत्सव मनाया गया। कांके, हटिया, ईचागढ़, रांची, सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से शुरू हुआ। इसके बाद इसका फाइनल टूर्नामेंट रांची में खेला जायेगा। फुटबॉल महासंगम में रांची विधानसभा क्षेत्र से 33, हटिया विधानसभा क्षेत्र से 18, कांके विधानसभा क्षेत्र से 16, खिजरी विधानसभा क्षेत्र 37, सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से 24 और ईचागढ़ विधानसभा से 20 टीमों ने भाग लिया। इसमें 32 महिलाएं की टीम शामिल हैं। नामकुम में लॉन बॉल का शुभारंभ हुआ, जिसमें 30 खिलाड़ी ने अपनी सहभागिता निभायी सिल्ली स्टेडियम और रांची के आर्चरी मैदान मोराबादी में तीरंदाजी का शुभारंभ हुआ। दोनों स्थानों पर 100 की संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए। मोराबादी में बुसु का भी शुभारंभ हुआ, जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। अगले हफ्ते 20 और 21 दिसंबर को मोराबादी मैदान में कबड्डी का भी आयोजन किया जाना है। इसमें रांची लोकसभा क्षेत्र से 100 से अधिक कबड्डी की टीमें भाग लेंगी। 24 दिसंबर को मोराबादी फुटबॉल ग्राउंड में एथलीट का आयोजन होगा। इसमें रांची लोकसभा क्षेत्र के 2000 से अधिक खिलाड़ी अपनी सहभागिता निभायेंगे। इसमें लंबी कूद, ऊंची कूद, 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल होगी। इसके अलावा 23 दिसंबर को ओटीसी ग्राउंड में रांची शहरी और ग्रामीण भाजपा के बीच फुटबॉल और क्रिकेट का उत्सव मनाया जायेगा। 25 दिसंबर को ओटीसी ग्राउंड में भव्य रूप से सांसद खेल महोत्सव का समापन किया जायेगा, जहां सभी विधानसभा क्षेत्र और लोकसभा क्षेत्र स्तरीय उत्सव में विजेता बने प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ओजस्वी उद्‌बोधन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त होगा। इसके अलावा गिल्ली डंडा, पिटो, रस्साकशी, जैसे पारंपरिक खेल भी समापन कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगी। प्रेस वार्ता में मधुकांत पाठक, अजय मारू, रामेंद्र कुमार, आनंद कुमार शामिल थे ।

# दो दिनों में 519 में 279 मंडल अध्यक्षों की प्रदेश भाजपा ने की घोषणा: डॉ प्रदीप वर्मा

- 16 दिसंबर तक सभी मंडलों के निर्वाचन की प्रक्रिया होगी पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश चुनाव अधिकारी सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने आज प्रदेश के 279 मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन की अधिकृत सूची जारी की।

डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि संगठन पर्व के तहत प्रदेश के सभी जिलों में स्थित मंडल के अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया तेज गति से चल रही है।

कहा कि पार्टी के संविधान के अनुसार सभी जिलों के जिला चुनाव अधिकारी और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में मंडल अध्यक्षों की सूची को घोषित किये जाने की



प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने कहा कि दो दिनों में 519 मंडलों में से 279 मंडल अध्यक्षों की घोषणा पार्टी की सांगठनिक दक्षता, शुचिता और पारदर्शिता को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि आगामी 16 दिसंबर तक शेष मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया भी विधिवत पूरी कर ली जायेगी।

उन्होंने सोशल मीडिया में मंडल अध्यक्षों की चल रही सूची को फेक और फैब्रिकेटेड बताया। कहा पार्टी विरोधी लोग कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने रांची महानगर,रांची ग्रामीण, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, गढ़वा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, चतरा, हजारीबाग, दुमका, रामगढ़, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद ग्रामीण, जामताड़ा, देवघर, पाकुड़, साहेबगंज, कोडरमा जिले के घोषित मंडल अध्यक्षों की अधिकृत सूची जारी की।

# भारतीय रेलवे का विद्युतीकरण अन्य देशों की तुलना में तेज प्रगति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रेलवे विद्युतीकरण के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। जहां यूनाइटेड किंगडम, जहां रेलवे की शुरूआत हुई थी, वहां आज भी केवल लगभग 39 प्रतिशत रेलवे नेटवर्क का ही विद्युतीकरण हो पाया है। अंतरराष्ट्रीय रेलवे संघ (इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवेज) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संघ में रेलवे विद्युतीकरण 56 प्रतिशत से अधिक है, जबकि एशियाझप्रशांत क्षेत्र में यह 60 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच चुका है। वैश्विक स्तर पर रेलवे विद्युतीकरण का औसत 42 प्रतिशत से अधिक है। इसके विपरीत, भारत ने दुनिया के सबसे बड़े और सबसे व्यस्त रेलवे नेटवर्कों में से एक का संचालन करते हुए भी अपने लगभग पूरे ब्रॉड-गेज नेटवर्क का विद्युतीकरण सफलतापूर्वक कर लिया है।

# पासवान कल्याण समिति की बैठक में वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह करने का निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पासवान कल्याण समिति की बैठक बबलू पासवान की अध्यक्षता में भठ्ठी रोड, कोकर स्थित कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम 18 जनवरी 2026 को रांची के रुक्का डैम में संपन्न होगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राधा कृष्ण किशोर, वित्त एवं योजना मंत्री, झारखंड सरकार उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय लाल पासवान, अध्यक्ष आवास बोर्ड झारखंड सरकार, जनार्दन पासवान विधायक छतरा, सुरेश पासवान विधायक देवघर तथा प्रकाश राम विधायक लातेहार को आमंत्रित किया जाएगा। समिति ने इस वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह में पासवान समाज के सभी सदस्यों से सादर उपस्थित रहने की अपील की है। बैठक में मनोज राम पासवान, राजा पासवान, रौशन पासवान, बबलू पासवान, पप्पू पासवान, धनमेन्द्र पासवान, प्रवीण पासवान, दीपू पासवान, दीपक दास, विशाल पासवान, कुणाल पासवान एवं चीतू पासवान शामिल हुए।




# मिजोरम को पहली बार रेल से मिलीं कारें, परिवहन और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सैरांग।** मिजोरम के इतिहास में पहली बार रेल मार्ग से कारों की खेप पहुंची है, जो राज्य के परिवहन, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। गुवाहाटी के पास चांगसारी से 119 मारुति कारों को लेकर एक ऑटोमोबाइल रैक सीधे सैरांग रेलवे स्टेशन पहुंचा। इससे आइजोल और आसपास के क्षेत्रों में वाहनों की उपलब्धता बढ़ेगी और लंबी सड़क यात्रा पर निर्भरता कम होगी। यह कदम मिजोरम के ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े डीलर्स, सर्विस प्रोवाइडर्स और उपभोक्ताओं के लिए



लाभकारी सिद्ध होगा। साथ ही, यह इंडियन रेलवे की कनेक्टिविटी बढ़ाने, क्षेत्रीय विकास को समर्थन देने और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। बैराबीझसैरांग रेलवे लाइन मिजोरम के लिए बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। दुर्गम पहाड़ी भूभाग में बनी यह 51.38 किलोमीटर लंबी रेल लाइन 45 सुरंगों से होकर गुजरती है और राज्य को देश के शेष हिस्सों से रणनीतिक रूप से जोड़ती है। इस रेल लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 सितंबर 2025 को किया था। उद्घाटन के अवसर पर आइजोल (सैरांग)झदिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) राजधानी एक्सप्रेस, आइजोल (सैरांग)झगुवाहाटी मिजोरम एक्सप्रेस तथा आइजोल (सैरांग)झकोलकाता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे मिजोरम का राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से पूर्ण एकीकरण हुआ। नयी रेल सेवाओं को यात्रियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। राजधानी एक्सप्रेस 147 प्रतिशत, मिजोरम एक्सप्रेस 115 प्रतिशत और सैरांगझकोलकाता एक्सप्रेस 139 प्रतिशत क्षमता के साथ चल रही हैं। इन सेवाओं से यात्रा अधिक सुविधाजनक, किफायती और समय की बचत वाली हुई है, वहीं शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच भी आसान हुई है। रेल लाइन के उद्घाटन के तुरंत बाद माल ढुलाई भी शुरू हो गई थी। 14 सितंबर 2025 को असम से आइजोल तक 21 सीमेंट वैगनों की पहली खेप पहुंची। इसके बाद सीमेंट, निर्माण सामग्री, वाहन, रेत और पत्थर जैसी आवश्यक वस्तुओं का नियमित परिवहन हो रहा है। 19 सितंबर 2025 को सैरांग से पहली पार्सल खेप भी भेजी गई, जिसमें एंथुरियम के फूल आनंद विहार टर्मिनल तक पहुंचाए गये। अब तक 17 रेक का संचालन हो चुका है, जिससे यह रेल लाइन एक भरोसेमंद लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर के रूप में उभर रही है और मिजोरम के आर्थिक व बुनियादी ढांचे के विकास को मजबूती मिल रही है।

# मनीष सोनी ने श्री श्याम प्रभु के भजनों पर सबको झुमाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा ट्रस्ट के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मंदिर में रविवार को 242वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री राधा-कृष्णजी का दिव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय की ओर से मेवायुक्त केसरिया खीर महाप्रसाद का विधिवत भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गयी। कार्यक्रम के दौरान भजन-संध्या का आयोजन भी किया गया। इसमें ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने श्री राधा-कृष्ण और श्री श्याम प्रभु पर आधारित सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आये और पूरा मंदिर परिसर श्री राधा-कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया।

ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि आज मंदिर में आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर-डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, पूरणमल सर्राफ, नंदकिशोर चौधरी, प्रभास गोयल, सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, मनीष सोनी, संजय सर्राफ, धीरज गुप्ता, परमेश्वर साहू, हरीश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष मौजूद थे।

## उजाड़ने से पहले बसाने की व्यवस्था करे सरकार : रानी कुमारी



**रांची (आजाद सिपाही)।** समाजसेविका और नारी शक्ति सेना (गुलाबी गैंग) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा है कि लोगों को बेघर करने से पहले उन्हें बसाने की व्यवस्था करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के संबंध में हाइकोर्ट का निर्णय सराहनीय कदम है। रानी कुमारी ने कहा कि सरकार अपनी जमीन चिन्हित कर उसकी मापी कराकर उसे अपने संरक्षण में ले, ताकि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण रुक सके। रानी कुमारी ने कहा कि वर्षों से अपनी मेहनत की कमाई से एक आशियाना बनाकर रहने वाले लोगों को एक झटके में बेघर कर दिया जाना अन्याय है। मकान तोड़ने और बेघर करने से पहले गरीबों को बसाने की व्यवस्था करना राज्य सरकार के जवाबदेही है। उन्होंने झारखंड सरकार से इस दिशा में यथोचित कदम उठाने का अनुरोध किया।

## सुबोधकांत सहाय ने रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री सहाय ने अपनी ओर से शुभकामना संदेश संप्रेषित करते हुए कहा है कि रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों के नेतृत्व में पत्रकार हित में ठोस कदम उठाये जायेंगे, ऐसी आशा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता पेशे की गरिमा बनाये रखते हुए पत्रकार हित में रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी के सदस्य सतत प्रयासरत रहें। उन्होंने नयी कमेटी के सफलतम कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डोरंडा कॉलेज में आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का किया गया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा कॉलेज, रांची के परिसर में रविवार को आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्‌घाटन परियोजना निदेशक, झारखंड महिला विकास समिति-सह-निदेशक, समाज कल्याण, किरण पासी (भाप्रसे) एवं डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर किरण पासी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा सीखना बेटियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक बालिका को यह प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करना चाहिए। झारखंड सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में राज्य के सभी सरकारी कॉलेजों में किशोरियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये जाने की दिशा में कार्य कर रही है,



ताकि बालिकाएं आत्मनिर्भर बन सकें, बाल विवाह से बच सकें। साथ ही अपनी शिक्षा पूर्ण कर सकें और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं की रक्षा भी कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि इस केंद्र के माध्यम से महाविद्यालय की छात्राओं को निःशुल्क कराटे का प्रशिक्षण दिया जायेगा, जो शिहान रंजीत मेहता के मार्गदर्शन में संचालित होगा। वहीं प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा संचालित सामाजिक आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत यह पहल समाज के उत्थान की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। हमारी छात्राएं ही नहीं, बल्कि समाज के वे सभी लोग जो बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं प्रशिक्षित बनाने में सहयोग करना चाहते हैं। उनके लिए महाविद्यालय हर संभव प्रयास करने हेतु सदैव तत्पर है।

बता दें कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य में बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की यह एक विशेष पहल है, जिसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में झारखंड महिला विकास समिति एवं डोरंडा कॉलेज के संयुक्त प्रयास से प्रारंभ किया गया है। इस मौके पर कराटे प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से सुसज्जित कराटे डोजो कक्ष का भी उद्‌घाटन किया गया।

### रेल आधुनिकीकरण को नयी गति

# 11 वर्षों में 42600 से अधिक एलएचबी कोचों का निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पिछले 11 वर्षों में 42,600 से अधिक लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोचों का निर्माण किया है। ये कोच यात्रियों को अधिक सुरक्षा, बेहतर आराम और उन्नत परिचालन दक्षता प्रदान करने के लिए डिजाइन किये गये हैं।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 में नवंबर 2025 तक 4,224 से अधिक एलएचबी कोचों का निर्माण किया गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में बने 3,590 कोचों की तुलना में लगभग 18 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि रेलवे की विनिर्माण क्षमता के सुदृढ़ीकरण और बेहतर उत्पादन योजना को दशार्ती है।

कारखानेवार उत्पादन की बात करें तो इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), चेन्नई ने 1,659 कोचों का निर्माण किया। वहीं मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ), रायबरेली ने 1,234 कोच और रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ), कपूरथला ने 1,331 एलएचबी कोचों का उत्पादन कर इस उपलब्धि में अहम योगदान दिया।



दीर्घकालिक आंकड़ों पर नजर डालें तो 2014 से 2025 के बीच एलएचबी कोचों का उत्पादन 42,600 से अधिक रहा, जबकि 2004 से 2014 के बीच केवल 2,300 कोच ही बनाए गये थे। यह लगभग 18 गुना वृद्धि भारतीय रेलवे के यात्री परिवहन को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के निरंतर प्रयासों को दशार्ती है।

स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देकर और आयात पर निर्भरता घटाकर भारतीय रेलवे ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ण और ह्यमेक इन इंडियाह्ण जैसी पहलों को मजबूती दे रहा है। आने वाले समय में रेलवे अपनी उत्पादन क्षमता को और बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और अधिक आरामदायक रेल यात्रा का अनुभव मिल सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



## ब्रदर्स एकेडमी के गौरवशाली 14 वर्ष पूरे : शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल

# ब्रदर्स एकेडमी एक भरोसेमंद और प्रतिष्ठित नाम है : पारस अग्रवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी ने रविवार (14 दिसंबर) को अपनी स्थापना के गौरवशाली 14 वर्ष पूरे किये। इस अवसर पर संस्था के निदेशक पारस अग्रवाल ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2011 में शुरू हुई यह संस्था आज न केवल झारखंड में, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक भरोसेमंद और प्रतिष्ठित नाम बन चुकी है। अग्रवाल ने बताया कि इन 14 वर्षों में ब्रदर्स एकेडमी ने सिर्फ एक कोचिंग संस्थान के रूप में नहीं, बल्कि छात्रों के सपनों को सही दिशा देने वाले एक संपूर्ण शैक्षणिक इकोसिस्टम के रूप में अपनी पहचान बनायी है। संस्था से अब तक हजारों छात्रों ने जेइइ, नीट और अन्य शीर्ष प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित की है।

उन्होंने संस्था की सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के अटूट विश्वास और शिक्षकों व मेंटर्स के अथक समर्पण को दिया। इस अवसर पर संस्थान ने गर्व, कृतज्ञता और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी अब तक की प्रेरणादायक यात्रा को नमन किया। यह सफर केवल वर्षों का नहीं, बल्कि विश्वास, कड़ी मेहनत, निरंतरता और उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है। इन 14 वर्षों में ब्रदर्स एकेडमी केवल एक कोचिंग संस्थान नहीं, बल्कि एक ऐसा शैक्षणिक परिवेश बन कर उभरी है, जहां विद्यार्थियों के सपनों को संवारने, आकांक्षाओं को दिशा देने और ठोस परिणाम हासिल करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

अग्रवाल ने बताया कि संस्थान ने अपने सभी विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपने सपनों की जिम्मेदारी ब्रदर्स एकेडमी को सौंपी। साथ ही अभिभावकों के विश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। इसके अलावा शिक्षकों, मार्गदर्शकों और टीम सदस्यों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की गयी, जिन्होंने शिक्षा को केवल पेशा नहीं, बल्कि एक मिशन के रूप में अपनाया। मित्रों, परिवारजनों और शुभचिंतकों के निरंतर सहयोग को भी इस सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया गया।





ब्रदर्स एकेडमी में शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह विद्यार्थियों के लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव बनी। अनुभवी फैकल्टी ने विद्यार्थियों के साथ शिक्षक के साथ-साथ मार्गदर्शक, प्रेरक और सहयोगी की भूमिका निभायी। व्यक्तिगत मार्गदर्शन, केंद्रित तैयारी और सुव्यवस्थित अध्ययन सामग्री के माध्यम से हर छात्र को उसकी पूरी क्षमता तक पहुंचने का अवसर मिला। अग्रवाल ने बताया कि संस्थान की सफलता की सबसे बड़ी गवाही इसके परिणाम रहे हैं। ब्रदर्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने नीट में झारखंड टॉपर, आइआइटी-जेइइ (मेन एवं एडवांस) में झारखंड और रांची सिटी टॉपर, जेइइ मेन में 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र तथा हर वर्ष लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

अग्रवाल ने बताया कि इन्हीं उपलब्धियों के कारण ब्रदर्स एकेडमी आज झारखंड की निर्विवाद नंबर-1 कोचिंग संस्थान के रूप में पहचानी जाती है। पारस अग्रवाल के अनुसार उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि रैंक और आंकड़ों से कहीं आगे है, वह है विद्यार्थियों का शिक्षकों पर अटूट विश्वास और अभिभावकों का संस्थान पर भरोसा। 14 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ब्रदर्स एकेडमी ने यह संकल्प दोहराया कि आने वाले समय में शिक्षा के मानकों को और ऊंचा किया जायेगा, व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जायेगा। झारखंड और बिहार में शिक्षा के नये मानक स्थापित किए जायेंगे। यह उत्सव अतीत की उपलब्धियों का सम्मान और भविष्य के लिए एक मजबूत वादा है। हर कोई सपना देखता है। कुछ ही हिम्मत करते हैं और आप सफलता हासिल करते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### भाजपा के लिए ऊर्जावान साबित होंगे नितिन नवीन : डॉ प्रणव कुमार बब्बू



रांची (आजाद सिपाही)। अधिवक्ता, भाजपा नेता और भारतीय कायस्थ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि बिहार के पथ निर्माण मंत्री और हाल ही में बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड मतों से जीतकर आये नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाना पूरी भारतीय जनता पार्टी के लिये ऊर्जावान निर्णय साबित होंगा। डॉ बब्बू ने कहा कि श्री नवीन की व्यवहार कुशलता, कर्मठता और उनके पारिवारिक संस्कार को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार पुनः यह साबित कर दिया है कि वह कार्यकर्ताओं की क्षमता को पहचानना और उसे सम्मानजनक स्थान देना बखूबी जानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ बब्बू ने कहा कि यह केवल नितिन नवीन का चयन नहीं बल्कि कुल मिलाकर बिहार, झारखंड और संपूर्ण हिंदी बेल्ट के साथ ही उस समाज का भी सम्मान है, जो सदैव से भाजपा के प्रति समर्पित रहा है और विकट परिस्थितियों में भी उसने हमेशा भारतीय जनता पार्टी का ही साथ दिया है क्योंकि भाजपा के सिद्धांतों, नीति और राष्ट्रवाद की भावना से वह पूरी तरीके से परिचित है। डॉ बब्बू ने विश्वास व्यक्त किया कि आनेवाले दिनों में हिंदी राज्यों के अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को भी राष्ट्रीय परिदृश्य में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जायेंगी, जिसका फायदा न केवल भारतीय जनता पार्टी को बल्कि संबंधित प्रदेशों और क्षेत्र को भी मिलेगा।

### सुदेश महतो ने नितिन नबीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने भाजपा संसदीय बोर्ड द्वारा बिहार के नगर विकास मंत्री नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी है और आशा व्यक्त की है कि उनकी नियुक्ति एनडीए को और ज्यादा मजबूती प्रदान करेगी। आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण तथा केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने भी नितिन नबीन को बधाई दी है।

### क्रिस्मस फीवर की शानदार शुरुआत




रांची (आजाद सिपाही)। आइफा इंटरनेशनल रांची में रविवार को क्रिस्मस फीवर की रंगारंग शुरुआत हुई। इस अवसर पर ड्रेस लाइक शांता तथा पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। नन्हे-नन्हे सांता बने बच्चों ने रैंप वॉक कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सगुफता बानो, सदाना परवीन तथा अलमा हसन शामिल थे। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन द्वारा प्रदान किये गये।

### नि:शुल्क विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। न्याय शास्त्र लॉ फर्म की तरफ से रविवार को को रांची के मोराबादी में स्थित हतमा इलके में नि:शुल्क विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय निवासियों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गयी और उनके लंबित कानूनी मामलों में भी सहायता प्रदान की गयी। इस मौके पर न्याय शास्त्र के संस्थापक तथा झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विश्वजीत कुमार तिवारी उपस्थित रहे। न्याय शास्त्र की तरफ सेप्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अंगिका राजश्री, कंटेंट डिपार्टमेंट की टीम लीडर शांभवी श्रोत्रिय और असिस्टेंट के रूप में अंजली कुमारी उपस्थित रहे। वालंटियर के रूप में कुमार अक्ष सुमेधा कुमारी और प्रणवी उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात, ऑस्ट्रेलिया आने का दिया न्योता

## झारखंड में निवेश की संभावनाओं और खान सुरक्षा को लेकर दोनों के बीच विशेष रूप से हुआ विचार-विमर्श

- मुख्यमंत्री और ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से रविवार को झारखंड दौरे पर आये भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम, प्रोफेसर सुशान मार्क्स, इंटरनेशनल लॉ, टॉम सैंडरफोर्ड, फर्स्ट सेक्रेटरी एवं अनघा, सीनियर इकोनामिक रिसर्च अफसर, ऑस्ट्रेलिया कांसुलेट-जनरल इन कोलकाता ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उनके बीच झारखंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने, विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने तथा निवेश की संभावनाओं पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ऑस्ट्रेलिया आने का आमंत्रण दिया।



मुख्यमंत्री ने श्रम आधारित अर्थव्यवस्था से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के अपने संकल्प के बारे में भी की चर्चा की, सहयोग का भरोसा मिला। मुख्यमंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई हाई कमिश्नर को झारखंड में उपलब्ध संसाधनों एवं निवेश को लेकर राज्य सरकार की नीतयों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने श्रम आधारित अर्थव्यवस्था से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के अपने संकल्प के बारे में भी चर्चा की, जिसपर उनके द्वारा सहयोग और साथ मिलकर आगे बढ़ने का का भरोसा दिलाया।

**खान सुरक्षा तथा जनजातीय समुदायों के विकास को लेकर भी हुई चर्चा :** भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर श्री फिलिप ग्रीन ने मुख्यमंत्री को ऑस्ट्रेलिया आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि खनन को लेकर झारखंड ऑस्ट्रेलिया में काफी समानताएं हैं। ऑस्ट्रेलिया में खान सुरक्षा एवं सुरक्षित खनन को लेकर किन तकनीकों का इस्तेमाल होता है, उससे मुख्यमंत्री को अवगत कराया । मुख्यमंत्री ने खनन के बाद जमीन को विकसित कर स्थानीय समुदाय को वापस करने की ऑस्ट्रेलिया सरकार की नीति की सराहना की। कहा कि वास्तव में खनन की ऐसी ही नीति होनी चाहिए। नीति यहां भी है, लेकिन इसका सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी सही ढंग से पालन नहीं कर रहे हैं। खान सुरक्षा एवं खनन में स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा कर संबंध में ऑस्ट्रेलिया सरकार की नीति अनुकरणीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री को यह भी कहा कि झारखंड ऑस्ट्रेलिया में भी जनजातीय समुदाय की बड़ी आबादी है। उनके विकास के लिए ऑस्ट्रेलिया में क्या कार्य हो रहे हैं, इसकी भी जानकारी दी।

# लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, रांची से दंपति गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में रहकर एक दंपति शहर के कारोबारियों को लोन देने के नाम पर लाखों का चूना लगा रहा था। शिकायत के आधार पर रांची पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ठग पति-पत्नी की तलाश ओड़िशा पुलिस को भी थी।

कांके पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक दंपति को गिरफ्तार किया है। दोनों के निशाने पर बड़े व्यवसायी होते थे, जिन्हें ये कम ब्याज और कम प्रोसेसिंग फीस पर बड़े अमाउंट के लोन दिलाने का वादा करते थे और मोटी रकम ऐंठ लेते थे। इन्होंने कांके थाना क्षेत्र में 70 लाख की ठगी की गयी थी, जिसके बाद ठग दंपती शिवाजी पाटिल और एंजेला कुजूर को गिरफ्तार किया गया। दरअसल, रामगढ़ जिले के व्यवसायी सरोजकांत झा को एंजेला कुजूर और शिवाजी पाटिल उर्फ अमित महतो ने अपने झांसे में लिया था और 74 लाख की ठगी की थी। सरोजकांत झा ने रांची के कांके थाना में एफआइआर दर्ज करायी थी।

एंजेला कुजूर और शिवाजी पाटिल ने व्यवसायी को कम ब्याज पर लोन दिलाने की बात कही थी। इसके एवज में व्यवसायी से 74 लाख रुपये भी ऐंठ लिए थे। वहीं लोन न मिलने पर एक जमीन को फर्जी तरीके से एग्रीमेंट कर दिया गया, जबकि वो जमीन भी ठग दंपती की नहीं थी। जब दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया, तब यह जानकारी मिली कि उन्होंने कई कारोबारी को लोन दिलाने के नाम पर ठगा है।

ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर ने बताया कि पुलिस की जांच में ये बात भी सामने आयी है कि ओडिशा के सुदाम बारीक नामक युवक के साथ काम करने वाले एक व्यवसायी को झांसे में लेकर करीब 42 लख रुपये की ठगी भी दंपति ने की थी। दोनों की तलाश ओड़िशा पुलिस को भी थी। दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# झारखंड में अगले दो दिन में फिर लौट सकती है शीतलहर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखी गयी है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली है। पहले जहां शीतलहर से कड़ाके की ठंड पड़ रही थी, वहीं तापमान बढ़ने से अब लोगों को राहत महसूस हो रही है। अगले 2-3 दिनों तक यह राहत बनी रह सकती है। हालांकि, इस राहत के बीच पलामू, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला, खूंटी और चतरा के लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। सुबह के समय घना कोहरा, दिनभर बर्फीली हवाएं और शाम के समय बढ़ती कनकनी लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं।

वहीं, देवघर, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा, दुमका, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में ठंड का असर कुछ कम हुआ है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान अब 11 डिग्री तक पहुंच गया है, जो पहले 7-8 डिग्री के आसपास था। हालांकि, सुबह और दोपहर के समय चलने वाली ठंडी हवाओं से बचाव की आवश्यकता बनी हुई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में फिर बदलाव आ सकता है, जिसके कारण राज्यभर में शीतलहर और कड़कड़ाती ठंड लौटने की संभावना है।

समक्ष, अनुमण्डल पदाधिकारी/ कार्यपालक दण्डाधिकारी, लोहरदगा
**शपथ पत्र**
मैं, सोमारी कुमारी पति सुनील उरांव निवासी ग्राम खंडा पोस्ट नरौली थाना कैरो जिला लोहरदगा झारखण्ड एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान देती हूँ-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि AYUSH ORAON मेरा पुत्र है सही व वास्तविक नाम है जो जन्म प्रमाण पत्र निर्गत हुआ है जिसमें अंकित है।
3. यह कि आधार कार्ड सं0 6030 2372 5108 है जिसमें मेरा पुत्र का नाम भुल से ABHISHEK ORAON दर्ज है।
4. यह कि उक्त आधार कार्ड में ABHISHEK ORAON के स्थान पर मेरा पुत्र का सही नाम AYUSH ORAON सुधार कराने हेतू यह शपथ पत्र संपादित कर रही हूँ।
5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है गलत पाये जाने पर मेरे उपर कानूनी कारवाई की जा सकती है।
Sl. No-1186, Date-28.11.2025

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार रांची शहर को सुंदर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में की जायेगी ठोस पहल : भजंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार रांची शहर में आवागमन व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं तथा आमजन के जीवन को और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने, प्रमुख सड़कों एवं चौक-चौराहों पर यातायात को सुचारु करने, बेतरतीब ढंग से लगे बिजली के खंभों एवं उन पर लटके तारों को व्यवस्थित करने तथा विभिन्न मार्गों पर अनावश्यक कट्स को बंद करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस क्रम में उपायुक्त द्वारा संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया कि शहर की सुंदरता, सुरक्षा और आम नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।



उपायुक्त ने बिजली के खंभों पर लटके अव्यवस्थित तारों को शीघ्र व्यवस्थित करने हेतु टेलीकॉम कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और शहर की छवि बेहतर बनायी जा सके। इसके अतिरिक्त, शहर में टोटो परिचालन के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसे लेकर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को टोटो संघ के साथ बैठक कर मार्ग निर्धारण, परिचालन अनुशासन एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य टोटो चालकों एवं आम नागरिकों के बीच संतुलन बनाते हुए सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उपायुक्त द्वारा पुनः टोटो चालकों के लिए यूनिफॉर्म और वाहन के पीछे चालक का नाम और मोबाइल नंबर बड़े अक्षरों में लिखवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

**AFFIDAVIT**
As per Affidavit GRN No. 2505869801 date 13.12.2025, I, DHARINIDHAR CHAND S/o Rajendra Chand, resident of Pancyayat Adardih, P.O-Adardih, P.o-Adardih, Dist. Seraikela - Kharsawan, Jharkhand-8312401, A/P : Ganga Path, Bhatia Basti, Kadma, P.O/P.S-Kadma, in town Jamshedpur- 831005, Dist. East Singhbhum. State of Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:
1. That I am an Indian citizen by birth and residing at above mentioned address since long along with my family members.
2. That the actual and correct name of my son is PRATIK CHAND" which is mentioned in his Matriculation certificates.
3. That in Aadhaar Card vido No. 6591 9777 6507 my son's name has been mentioned as PHATIK CHAND". 4. That Pratik Chand and Phatik Chand is one and the same person i.e. my son.
5. That the statements furnished above are true and genuine and if it is found felsr. incorrect I shall be solely responsible for the same.
6. That I swear this affidavit to correction my son's name as Pratik Chand" in your official documents for all purpose and intents.

# पितृसत्ता की गहरी पैठ...

हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की रिपोर्ट ने उस सच की परतें खोल दी हैं, जिसे आर्थिक उन्नति की चकाचौंध में बड़ी ही सजगता से छुपा कर रखने का प्रयास किया जाता रहा है। अमूमन यह विश्वास किया जाता है कि विकसित देश महिलाओं के आत्मसम्मान और सुरक्षा को लेकर बेहद सजग हैं, परंतु यूएन की रिपोर्ट इस मिथक से पर्दा उठाती है। संयुक्त राष्ट्र के ड्रग्स और अपराध कार्यालय और यूएन विमिन द्वारा हाल ही में जारी की गयी रिपोर्ट के मुताबिक विकसित देशों में भी महिलाएं अपने घर में सुरक्षित नहीं हैं, चाहे बात अमेरिका की हो या फिर यूरोपीय देशों की। रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2024 में 50,000 महिलाओं और लड़कियों की उसके अंतरंग साथी या परिवार के सदस्य द्वारा हत्या कर दी गयी। रिपोर्ट के मुताबिक इसकी वजह घरेलू तनाव, पितृसत्तात्मक दबाव, आर्थिक और भावनात्मक निर्भरता के साथ ही कई देशों में कमजोर कानून और धीमी न्याय प्रक्रिया भी है। किसी रिश्ते में हिंसा का उभरना अमूमन भावनात्मक शोषण से शुरू होता है। फिर वित्तीय शोषण और उसके बाद शारीरिक शोषण जैसे अधिक नियंत्रणकारी व्यवहारों में वह बदलता है। ऐसे में अक्सर शारीरिक शोषण की नौबत आने तक जीवन पूरी तरह उलझ चुका होता है। घर, बच्चे और वित्तीय मामले इस तरह से जुड़ जाते हैं कि इसे आसानी से छोड़ना मुश्किल हो जाता है। यह सोच दुनिया भर में गहरी पैठ बनाये हुए है कि पुरुष प्रोवाइडर (प्रदाता) होते हैं और महिलाएं उनकी संपत्ति होती हैं। इसलिए विवाहित होने पर, महिलाओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने पति की आज्ञा मानें, उनकी इच्छा के अनुसार कार्य करें और समान निर्णय लेने का प्रयास न करें। यदि वे इन मानदंडों का उल्लंघन करती हैं, तो दंड के तौर पर उन्हें शारीरिक हिंसा झेलनी पड़ सकती है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अमूमन या तो व्यक्तिगत मुद्दा करार दिया जाता है या 'कुछ बुरे पुरुषों' के व्यवहार के रूप में देखा जाता है। हालांकि यह एक व्यापक, सामूहिक, सामाजिक समस्या है, जिसकी जड़ें मर्दानगी को केंद्र में रख कर बनाये गये सामाजिक मानदंडों में निहित हैं। सामाजिक रूप से निर्मित ये धारणाएं महिलाओं का ही व्यवहार निश्चित नहीं करतीं, ये पुरुषों को भी कथित मर्दाने स्वभाव को अपनाने के लिए बचपन से ही तैयार करती हैं। 'जहरीली मर्दानगी' की यह पाठशाला निरंतर इस तथ्य को स्थापित करती रहती है कि स्त्रियों पर नियंत्रण के लिए शारीरिक दंड आवश्यक है। मर्दानगी की इन सामाजिक कसौटियों पर खरा उतरने का दबाव लड़कों और पुरुषों पर होता है और यह हिंसात्मक व्यवहार को कम नहीं होने देता चाहे विकास की कितनी ही इबारतें लिखी जायें।

**महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अमूमन या तो व्यक्तिगत मुद्दा करार दिया जाता है या 'कुछ बुरे पुरुषों' के व्यवहार के रूप में देखा जाता है। हालांकि यह एक व्यापक, सामूहिक, सामाजिक समस्या है, जिसकी जड़ें मर्दानगी को केंद्र में रखकर बनाये गये सामाजिक मानदंडों में निहित हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 जीडब्ल्यू बिजली बनाने की क्षमता तक पहुंचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालांकि यह बहुत महत्वांकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खास कर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा देने की क्षमता है, क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी।**

# नाभिकीय ऊर्जा मिशन

**अनिल काकोडकर**



**निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है, जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाजार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है।**

विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेजी से इस्तेमाल जरूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 जीडब्ल्यू बिजली बनाने की क्षमता तक पहुंचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालांकि यह बहुत महत्वांकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खास कर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा देने की क्षमता है, क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियां पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।

**हम आशा कर सकते हैं कि प्रस्तावित नाभिकीय विधेयक सभी हितधारकों की चिंताओं को दूर करेगा।**

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे जरूरी है समय लक्ष्य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेजी से परिनियोजन करना। सिर्फ. दो दशकों में 90 जीडब्ल्यू से ज्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि NPCIL, NTPC और BHAVINI के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियों की जरूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिजाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए। PHWR प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस्पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है, जो तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए NPCIL को अपने प्रोग्राम को कार्यान्वित करते समय PHWR प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात्मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक्व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक्त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।

निवेश का भी एक जरूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत जरूरी है, जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा।

निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है, जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाजार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है। इसलिए अपने बड़े थोरियम भंडारों के साथ भारत को जल्द से जल्द थोरियम पर स्विच कर लेना चाहिए और ऊर्जा सुरक्षित बनना चाहिए। इसके लिए हमारे थोरियम आधारित नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के विकास में तेजी लाने की जरूरत है। थोरियम का इस्तेमाल और यूरेनियम से बहुत ज्यादा एनर्जी वैल्यू पाना, जो किसी भी तरह से आज के समय की जरूरत बन जायेगी, इसमें नाभिकीय ऊर्जा का पुनर्संसाधन और पुनर्चक्रण करना जरूरी होगा। इस तरह संवृत नाभिकीय ईंधन चक्र में हमारी काबिलियत एक सुरक्षित और अनवरत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने और भरोसेमंद दीर्घकालिक नाभिकीय अपशिष्ट प्रबंधन में काम आयेगी। हालांकि, यह एक संवेदनशील व नाभिकीय प्रौद्योगिकी है और इसका शासन और नियंत्रण सरकार के पास ही रहना चाहिए। अमेरिका सहित ज्यादातर देश इस्तेमाल किये गये नाभिकीय ईंधन के स्थाई निपटान का मुद्दा नहीं सुलझा पाये हैं। निजी नाभिकीय प्रतिष्ठान और सरकारी नाभिकीय पुनर्चक्रण ऊद्योग के बीच ईंधन प्रबंधन इंटरफेस को कानून में ठीक से शामिल करने की जरूरत है।

मुझे लगता है कि दुनिया भर में नाभिकीय ऊर्जा को ज्यादा बढ़ावा देने के कारण, नाभिकीय पुनर्चक्रण पर ज्यादा जोर देना जरूरी होगा। इस तरह, फ्रंट एंड की तुलना में बैकएंड ईंधन चक्र, उतना ही बड़ा या उससे भी बड़ा उद्योग बन जायेगा। थोरियम, जो प्रसार प्रतिरोध उपलब्ध कराता है, इस मामले में और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है।

हमें यह मानना होगा कि हमारे PHWR सिस्टम सबसे ज्यादा लचीले हैं और कई तरह के ईंधन च्रक को सरल बनाने के लिए सबसे सही हैं, खास कर थोरियम की ओर हमारे संक्रमण की योजना के मामले में, जबकि थोरियम को विखडनीय यूरेनियम-233 में बड़े पैमाने पर बदलने के लिए द्रुत प्रजनक विकास को तेज करने की जरूरत है, अब जब हम आयातित यूरेनियम का इस्तेमाल करके बड़ी PHWR क्षमता सेट अप कर सकते हैं, तो PHWRs ऐसा करने और थोरियम के इस्तेमाल की दिशा में हमारी तरक्की को तेज करने का एक आसान विकल्प देते हैं। इस मकसद के लिए जरूरी विकास का काम परमाणु ऊर्जा विभाग में अनुसंधान एवं विकास पर मुख्यतः केंद्रित होना चाहिए, भले ही सरकारी और निजी क्षेत्र में नाभिकीय स्थापनाएं मानकीकृत और सिद्ध डिजाइन का इस्तेमाल करके तेजी से क्षमता बढ़ा रही हों। हम आशा कर सकते हैं कि प्रस्तावित नाभिकीय विधेयक सभी हितधारकों की चिंताओं को दूर करेगा, जिसमें ऊपर बताये गये कुछ हितधारक भी शामिल हैं और नाभिकीय ऊर्जा मिशन को उम्मीद के मुताबिक लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा।

**(लेखक : पूर्व सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं पूर्व अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग है।)**

## कोल्हान की खबरें

### कोल्हान विवि के कुलसचिव डॉ रंजीत कुमार कर्ण अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत करेंगे शोध पत्र



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रंजीत कुमार कर्ण देश की प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 17 से 19 जनवरी तक जेएनयू के स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज द्वारा आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी का विषय एटॉमिक, मॉलिक्यूलर, नैनो एंड ऑप्टिकल फिजिक्स रखा गया है, जिसमें देश-विदेश के जाने-माने वैज्ञानिक और शोधकर्ता भाग लेंगे। डॉ कर्ण इस संगोष्ठी में अतिथि वक्ता के रूप में आईएम-नोप 2025 विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। उनके शोध कार्य को अकादमिक जगत में विशेष महत्व के साथ देखा जाता है। उल्लेखनीय है इससे पूर्व भी डॉ रंजीत कुमार कर्ण देश और विदेश में आयोजित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं, जिससे कोल्हान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नई पहचान मिली है।

### चोरी की चार बाइक के साथ दो गिरफ्तार



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर आदित्यपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध व्यक्तियों को चार चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजनगर थाना अंतर्गत बारीजोड़ी निवासी, वर्तमान पता सालडीह बस्ती नीचे टोला एलआईसी कॉलोनी आदित्यपुर के 19 वर्षीय रवि महतो उर्फ पतली और पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर थाना स्थित इंद्रकाटा निवासी, वर्तमान पता आदित्यपुर एलआईसी कॉलोनी के नीचे घासी राम के भाड़ेदार के मकान में रहने वाले 23 वर्षीय सुरज सोय उर्फ डाकु शामिल है। आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया जिले के पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अवैध हथियार, मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री एवं संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में आदित्यपुर पुलिस ने छापेमारी कर चोरी के चार मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### नितिन नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर अमरप्रीत सिंह काले ने दी बधाई



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री काले ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा नितिन नबीन का समृद्ध सांगठनिक अनुभव, कार्यकुशलता और सार्वजनिक जीवन के प्रति समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनायेगा। उनके नेतृत्व में संगठन को नयी ऊर्जा और स्पष्ट दिशा मिलेगी। उन्होंने परमात्मा से उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए झारखंड की ओर से भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# खुंटपानी में युवक की गला घोंटकर हत्या, खेत में मिला शव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के खुंटपानी प्रखंड अंतर्गत पांड्रासाली थाना क्षेत्र के ऊपर लोटा गांव में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। गांव के 28 वर्षीय युवक सीनू राम जारीका की गला घोंटकर हत्या कर दी गयी। यह घटना सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि लगभग 8 बजे के बाद की बताई जा रही है। मृतक का शव उसके घर से करीब 100 मीटर दूर खेत में संदिग्ध हालत में पड़ा मिला, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। परिजनों के अनुसार, घटना के समय मृतक का पूरा परिवार एक परिचित के दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दूसरे टोली गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात लोगों द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया। बताया गया कि सीनू राम जारीका बागवानी का काम करता था। वह शाम करीब 8 बजे खेत से अपने बैलों को घर बांधने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। जब कार्यक्रम से लौटकर उसकी पत्नी घर पहुंची तो पति घर में नहीं मिला। इसके बाद उसने आसपास खोजबीन की। इसी क्रम में उसने देखा कि उसका पति घर से कुछ दूरी पर खेत में पड़ा हुआ है। शोर मचाने पर अन्य परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान मृतक के गले में रस्सी के स्पष्ट निशान पाए गए, जिससे गला घोंटकर हत्या किये जाने की आशंका जतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पांड्रासाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, चाईबासा भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# शिविर में 663 यूनिट रक्त का संग्रह

**पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बढ़ाया रक्तदाताओं का उत्साह**
**संस्था ने जताया आभार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था 'लोक समर्पण' के तत्वावधान में रविवार को सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप परिसर में एकदिवसीय स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रविवार शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, विशिष्ट अतिथि कोल्हान यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती और सम्मानित अथिति मजदूर नेता सह विभिन्न यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, महामंत्री आर के सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक चले शिविर में युवा एवं माहिला रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से उपहार स्वरूप हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। शिविर की समाप्ति पर कुल 663 यूनिट रक्त संग्रह किये गए। वही रक्तदाताओं को प्रेरित करने हेतु सेल्फी पॉइंट बनाये गये थे। जहां स्लोगन में रक्तदान हेतु प्रेरक संदेश लिखे थे। सेल्फी पॉइंट में संस्था के कुछ कार्यों को भी दर्शाया गया था। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा लोक समर्पण के द्वारा शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। इस बार नए उद्देश्य और व्यापक सोच के साथ रक्तदान शिविर में लोगों की भागीदारी ने ऐतिहासिक सफलता दिलायी है। संरक्षक सह समाजसेवी ललित दास ने बताया संस्था पहली बार रक्तदान शिविर इतने बड़े स्तर पर आयोजित किया। जिसमें सैकड़ों युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त की।

## जमशेदपुर में प्रथम पाणिनि उत्सव समारोह में बोले विधायक

# अब पदार्थ और विचार आपस में हो रहे हैं सहमत : सरयू

**हमारी वर्णमाला की शुरूआत पाणिनि से : रमा पोपली**

**पाणिनि के नाते हम लोग सूत्र जान सके : डॉ अग्निहोत्री**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि अब ऐसा लग रहा है कि पूरब (भारत) और पश्चिम (अमेरिका समेत अन्य देश) में वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से साम्य स्थापित होगा। पहले दोनों के बीच जो असमानता थी, वह पदार्थ और विचार के आधार पर था। पहले दोनों एक-दूसरे पर हावी होना चाहते थे। अब वह हावी होने का भाव, मतैक्य का भाव धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। महर्षि पाणिनि के काल से लेकर आज तक कई कालखंड बीत गये। इन कालखंडों में आचार-विचार के स्तर पर बड़े परिवर्तन हुए हैं। पाणिनि उत्सव मना कर हम उनके ज्ञान को वर्तमान में तो अपना ही रहे हैं, भविष्य में भी सकल ब्रह्मांड में स्थापित करने के योग्य होंगे।

सरयू राय पाणिनि उत्सव समिति के तत्वावधान में यहां न्यू बाराद्वारी के पीपुल्स एकेडमी के कालिदास सभागृह में आयोजित पाणिनि उत्सव में अपनी बात बतौर मुख्य अतिथि रख रहे थे। सरयू राय ने कहा कि ऐसे कई संकेत मिल रहे हैं, जिसका अर्थ यह है कि अब पदार्थ और विचार आपस में सहमत हो रहे हैं। समाज का एक कास वर्ग हमारी विभिन्नताओं को घातक हथियार बना कर हमें संघर्ष की राह पर धकेलने के लिए आमादा है लेकिन हमें उसमें फंसना नहीं है।

रमा पोपली ने कहा कि हमारी वर्णमाला की शुरूआत पाणिनि से है, उनके आशीर्वाद से है। आज के दौर में बच्चों के भीतर हम लोगों को वैज्ञानिक सोच, सृजन और टेम्परामेंट विकसित करने की जरूरत है।

डॉ मित्रेश्वर अग्निहोत्री ने कहा कि यह महर्षि पाणिनि ही थे, जिनके कारण हम लोग सूत्र काल को जान सके। वह न होते तो हम लोग सूत्र काल न जान पाते। उन्होंने कहा कि लोग पाणिनि को एक व्याकरण जानकार के रुप में ही जानते हैं जबकि सच यह है कि वह प्रकांड विद्वान थे, महाकवि थे, महाइतिहासकार थे। पाणिनि नहीं होते तो उस रुप में आज संस्कृत नहीं होती, जिस रुप में आज है। पाणिनि न होते तो आज कई भाषाएं नहीं होतीं। पाणिनि को संस्कृत तक ही न समेटें। उनका अवदान वृहत है।

कार्यक्रम को डॉ रागिनी भूषण और डॉ कौस्तुभ सान्याल ने भी संबोधित किया। पाणिनि फाउंडेशन की निदेशक रमा पोपली की पुस्तक पाणिनि शिक्षाशास्त्र का विमोचन हुआ।

### सोनारी आदर्श सहकारी गृह निर्माण समिति के कार्यालय में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सोनारी आदर्श सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड के नवनिर्वाचित निर्देशक मंडली की पहल पर रविवार को समिति के सदस्यों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सोनारी स्थित आदर्श नगर कार्यालय परिसर में पहली वार नए समिति के प्रयास से आयोजित की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में लगभग 300 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन धनंजय डे ने बताया सोनारी आदर्श सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड की नयी निर्देशक मंडली सभी सदस्यों तक हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए संकल्पित है। श्री डे ने बताया समिति द्वारा पहली बार इस तरह का निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया है, ताकि सभी सदस्य अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकें और समय रहते बीमारियों की पहचान हो सके। समिति के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर आशिम कुमार स्वैन ने बताया स्वस्थ सदस्य ही एक मजबूत और सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से समिति भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। उन्होंने कहा समिति अन्य बुनियादी और कल्याणकारी सुविधाओं को लेकर भी लगातार प्रयासरत है।

## एसपीडीसी इग्नू अध्ययन केंद्र में हुई अभिप्रेरणा बैठक, छात्र-छात्राओं को दी गयी जानकारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज इग्नु (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) अध्ययन केंद्र में रविवार को सत्र जुलाई 2025 के शिक्षार्थियों की अभिप्रेरणा बैठक आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित शिक्षार्थियों को इग्नु एवं उनके विषय-वस्तु के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्राचार्य प्रो निकलेश चौबे ने कहा कि इग्नु का लक्ष्य शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना है। लोगों की परिस्थितियां कैसी भी हो वे अपनी शिक्षा पूरी कर सकें। वहीं, एसपीडी कॉलेज इग्नु अध्ययन केन्द्र के समन्वयक प्रो अर्जुन प्रसाद ने शिक्षार्थियों के विषय-वस्तु के संबंध में विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने अध्ययन केंद्र में संचालित विभिन्न प्रोग्राम बीडीपी, बीए, बीकॉम, बीएजी, बीएएम, एमएचडी, एमपीएस, एमएएच, एमओएच, पीजीडीआरडी, सीएफएन, सीएनसीसी, काउंसिलिंग शेडयूल, स्टडी मैटेरियल, रिजल्ट, ग्रेड कार्ड आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि इग्नु अध्ययन केन्द्र में नामांकित सभी शिक्षार्थियों की मदद के लिए यहां के काउंसेलर हर वक्त तैयार हैं। इधर, अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक प्रो परवेज आलम ने असाईन्मेंट के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जबकि डॉ उमेश सहाय ने पीजीडीआरडी के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो कमलेश सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन प्रो राजीव रंजन मिश्रा ने किया। मौके पर अखिलेश कुमार तिवारी, राजेश शरण द्विवेदी, मनोहर राम, चन्द्रकान्त सिंह आदि उपस्थित थे।

## मृतक की पत्नी ने ठेकेदार पर लगाया साजिश के तहत पति की मौत का राज छिपाने का आरोप


**बड़डीहा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के बड़डीहा थाना क्षेत्र सलगा गांव में एक महिला ने अपने पति की मौत के कारण को साजिशन छिपाने का आरोप एक ठेकेदार पर लगाया है। इस संबंध में पीड़िता ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता सोगरी देवी ने बताया कि उसका पति सुरेन्द्र रजवार (50) बाहर ठेकेदारी का काम करते थे। शनिवार की सुबह 10 बजे बिहार के वारूण स्थित सोननगर में ठेकेदारी करने वाले ठेकेदार उसके पति का शव लेकर घर पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि उक्त ठेकेदार ने उसके पति की मौत के स्थान और सटीक कारणों के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। अफरा-तफरी के माहौल में घर पर शव छोड़कर भाग गये। जाते समय उसने कथित रूप से 10 हजार रुपये भी दिए, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया। महिला का कहना है कि अब तक उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई है कि उनके पति की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई। पीड़िता ने थाना प्रभारी से मामले की गंभीरता से जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

## गढ़वा में हवाई सेवा शुरू होने से चार राज्यों के लोग होंगे लाभाविंद : डॉक्टर पातंजली



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला में एयरपोर्ट के निर्माण और हवाई सेवा शुरू होने से व्यापार में तेजी, बेहतर चिकित्सा सुविधा तक आसानी से पहुंच, पर्यटन को बढ़ावा, रोजगार सहित क्षेत्र का समग्र विकास होगा । उक्त बातें भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कही। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के निर्माण एवं क्षेत्रीय परिचालन के शुरू होने से गढ़वा के पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोग सहित छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवं बिहार के लोग भी लाभावित होंगे। यहां के व्यापारियों और आसपास के जिले के लोगों को दिल्ली, कोलकाता, पटना, वाराणसी जैसे शहरों में जाने में समय की बचत होगी। कहा कि देश के चार प्रदेश झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। धार्मिक, प्राकृतिक और व्यापारिक दृष्टिकोण से क्षेत्र का समग्र विकास होगा। जैसा देवघर सहित अन्य जगहों पर देखा जा रहा है। डॉक्टर केशरी ने कहा कि गढ़वा में हवाई अड्डा के निर्माण से इस जिले में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। रियल एस्टेट, होटल सहित अन्य उद्योगों में निवेश बढ़ेगा । एयर बस सेवा शुरू होने से लोग अपने काम और परिवार को अधिक से अधिक समय दे पाएंगे। गढ़वा की अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार होगा।

## विगत 15 दिनों में जन-सहयोग से हजारों जरूरतमंदों तक पहुंचाये गये गर्म वस्त्र



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की पहल एवं देखरेख में सामाजिक-प्रशासनिक सहयोग से संचालित 'आइये खुशियां बांटें' अभियान रविवार को लगातार 15वें दिन भी जारी रहा। इस दिन गढ़वा सदर प्रखंड के धरमडीहा क्षेत्र में महादलित एवं दलित समुदाय के जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को गर्म वस्त्र, चप्पल आदि आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें तत्काल राहत मिल सके। एसडीएम और उनके सहयोगियों ने बताया कि बीते 15 दिनों से यह अभियान निरंतर विभिन्न वंचित बस्तियों में चलाया जा रहा है। अब तक हजारों जरूरतमंद लोगों तक गर्म कपड़े पहुंचाकर मानवीय संवेदना और सहयोग की गर्माहट पहुंचाई जा चुकी है। सदर एसडीएम ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल सामग्री वितरण नहीं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों के साथ खड़े होने का संदेश देना है। हम चाहते हैं कि सर्दी के इस मौसम में कोई भी परिवार असहाय महसूस न करे। उन्होंने समाज के अन्य सक्षम लोगों से भी इस मानवीय मुहिम से जुड़ने की अपील की। इस दौरान उस क्षेत्र के पीएलवी सदस्यों, ग्रामीणों के अलावा कंचन प्रसाद, अनिल कुमार और राजकुमार आदि मौजूद थे।

## खेलने के दौरान छत से गिरकर बच्ची घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के कड़ियां टोला में रविवार को ढाई साल की बच्ची सबा खातून खेलते हुए घर के छत से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां डॉ प्रिंस कुमार ने उपचार किया। बताया गया कि बच्ची अपने भाई-बहनों के साथ खेल रही थी। तभी छत में रेलिंग नहीं होने के कारण नीचे सिर के बल गिर कर घायल हो गई।

### पतंजलि योग समिति ने चार दर्जन नवनियुक्त सहायक आचार्यों को किया सम्मानित

# शिक्षक देश एवं समाज के निर्माता होते हैं : एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** पतंजली योग समिति परिवार की ओर से रविवार को समारोह आयोजित कर प्रखंड के चार दर्जन नवनियुक्त सहायक आचार्यों को सम्मानित किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गढ़वा एसडीएम संजय कुमार पांडे, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, विजय कुमार यादव, समिति के सुशील कुमार केशरी, संतोष चौबे, डॉ दीपक कुमार यादव, रूपु महतो, प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान नवनियुक्त सभी सहायक आचार्यों को नवजीवन अस्पताल की ओर से अंग वस्त्र, डायरी एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार शुक्ला ने किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि शिक्षक देश और समाज के निर्माता होते हैं। शिक्षक की भूमिका समाज में अहम होता है। वे लोग भाग्यशाली हैं कि इन्हें समाज निर्माण का दायित्व मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा आप जिस विद्यालय में जाए वहां बच्चों में किताबी ज्ञान के अलावा संस्कार भी दे। वहीं, प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि शिक्षक समाज के आईना होते हैं। शिक्षक समाज के अभिन्न अंग होते हैं। कार्यक्रम में डॉ लाल मोहन, मुखिया राम सागर महतो, सुषमा कुशवाहा, मदन यादव आदि ने भी अपने-अपने विचार साझा किये। इस मौके पर शिक्षक रवींद्र गुप्ता, दिवाकर प्रसाद, मनोज ठाकुर, कामेश्वर ठाकुर, सत्येंद्र कुमार, जुनैद अंसारी, रामाशीष पटवा, अखिलेश चौब, मिथिलेश तिवारी, समिति के शिवकुमार साह और छोटन प्रसाद आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते एसडीएम संजय कुमार पांडेय एवं अन्य गणमान्य।

## ऋषि राज की सफलता पूरे सगमा के लिए गर्व की बात : अंजू यादव



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीरबल गांव निवासी रमोद प्रसाद श्रीवास्तव के बड़े बेटे ऋषि राज श्रीवास्तव के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में चयनित होने की सूचना पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रखंड क्षेत्र की जिप सदस्य अंजू यादव एवं जिप सदस्य प्रतिनिधि ताराचंद यादव रविवार को ऋषि राज के आवास पहुंचकर उसे मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। जिप सदस्य अंजू यादव ने कहा कि जिले के सबसे पिछड़े माने जाने वाले सगमा प्रखंड के बीरबल गांव से निकलकर ऋषि राज श्रीवास्तव का जेएसएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा को क्वालीफाई करना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। ऋषि राज ने न केवल अपने परिवार, बल्कि गांव और प्रखंड का नाम भी रोशन किया है।

ऋषि की इस सफलता में परिवार का विशेष योगदान रहा। मां की प्रेरणा और पिता का विश्वास उनके सफर की मजबूत नींव बनी। जिप सदस्य अंजू यादव ने कहा कि ऋषि राज श्रीवास्तव की सफलता पूरे सगमा प्रखंड के लिए गौरव की बात है। उससे दूसरे युवा भी प्रेरणा लेंगें।

# पंचायत भवन और दुकानों में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के जनेवा पंचायत भवन सहित दो दुकानों में शुक्रवार की देर रात हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। उनकी पहचान भंडरिया निवासी जीतू कच्छप और मंहुगाई गांव निवासी राजेंद्र भुइयां के रूप में हुई है। पुलिस की मानें, तो दोनों आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से ताला तोड़कर लाखों रुपये के सरकारी एवं निजी सामान की चोरी की थी। जानकारी के मुताबिक चोरों ने सबसे पहले जनेवा पंचायत भवन के शौचालय की वेंटिलेटर तोड़कर भवन के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद लोहे की रॉड से प्रज्ञा केंद्र का दरवाजा तोड़ते हुए वहां से सीसीटीवी वेब कैमरा, पेन ड्राइव और बायोमेट्रिक डिवाइस की चोरी कर ली। इसके बाद आरोपियों ने जनेवा गांव निवासी रविंद्र सिंह के धान कुट्टी मिल एवं बबलू नायक की गुमटी का ताला तोड़कर भी सामान चोरी कर लिया था। इसकी सूचना मिलते ही भंडरिया थाना में कांड संख्या 57/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने त्वरित छापामारी करते हुए मदगड़ी (क) धसनी गांव से चोरी का सामान बरामद कर लिया। जिसमें धान कुटाई की एक मशीन, एक सीसीटीवी वेब कैमरा, कंबल, दरवाजे का पर्दा और चोरी में प्रयुक्त लोहे का पाइप शामिल है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## रंका, रमकंडा, चिनियां और भंडरिया प्रखंड के डिलरों को मिला फोरजी ई पॉस मशिन



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से रंका अनुमंडल अंतर्गत रंका, रमकंडा, चिनियां और भंडरिया प्रखंड क्षेत्र में आने वाले सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं को शनिवार को फोरजी ई पॉस मशिन दी गयी। बतातें चलें कि पूर्व में डिलरों को टू जी ई पॉस मशिन दिया गया था जिसमें नेटवर्क की समस्या हो रही थी। यहां तक कि दुकानदारों को ऊंचे स्थानों (पहाड़ी) पर भी चढ़ना पड़ता था तब जाकर मशिन काम करती थी। इन्हीं समस्याओं के मद्देनजर रखते इस बार झारखंड सरकार ने फोर जी ई पॉस मशिन दी है, ताकि नेटवर्क की परेशानी झेलनी ना पड़े। इस मौके पर रंका, रमकंडा, चिनियां और भंडरिया प्रखंड के सैकड़ो जनवितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित थे।

## शिविर लगाकर की गयी 150 मरीजों की जांच

**गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रफुल्ल क्लीनिक के बैनर तले चिनियां प्रखंड स्थित इंडो इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ टी पीयूष एवं डॉक्टर प्रफुल्ल कुमार ने करीब 150 मरीजों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी। इससे पहले शिविर का उद्घाटन डोल के मुखिया कृष्णा प्रसाद यादव एवं विद्यालय संचालक बलवंत यादव ने किया। इस अवसर पर कृष्णा प्रसाद यादव ने कहा कि प्रफुल्ल क्लीनिक के डॉ टी पीयूष का यह बहुत अच्छा प्रयास है। वहीं, बलवंत यादव ने कहा कि भविष्य में भी चाहूंगा कि महीने, दो महीने पर डॉक्टर साहब यहां आकर कैंप लगाएं।**

### श्रवण चंद्रवंशी के डंडई भाजपा का मंडल अध्यक्ष बनाये जाने से एक गुट नाराज

# वर्षो से एक ही व्यक्ति को जिम्मेदारी मिलने से बाकियों का टूट रहा मनोबल : अलख निरंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** भाजपा डंडई मंडल में पिछले कई बार से अध्यक्ष पद पर एक ही व्यक्ति की नियुक्ति होने से पार्टी में असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। भाजपा नेता सह डंडई मंडल प्रतिनिधि अलख निरंजन प्रसाद ने श्रवण कुमार चंद्रवंशी को दूसरी बाद मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए सवाल खड़े किए हैं। अलख निरंजन प्रसाद ने कहा कि पार्टी के ऐसे फैसलों से जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहे कई समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा। मंडल के नेतृत्व की जिम्मेदारी बार-बार एक ही व्यक्ति को सौंपी जा रही है। बताया कि श्रवण कुमार चंद्रवंशी साल 2005 से लगातार किसी न किसी संगठनात्मक पद पर बने हुए हैं। वे वर्ष 2005 से 2019 तक नवजवान संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रहे। वर्ष 2019 में नवजवान संघर्ष मोर्चा का भाजपा में विलय होने के बाद 2020 में उन्हें भाजपा डंडई मंडल अध्यक्ष बनाया गया। अब 2025 में उन्हें लगातार दूसरी बार उसी पद पर दोहराया गया है। इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगभग 25 वर्षों तक एक ही व्यक्ति को लगातार महत्वपूर्ण संगठनात्मक पदों पर बनाए रखना क्या पार्टी की लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप है। कहा कि इसके कारण नए चेहरों को अवसर नहीं मिल पा रहा है, जो पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। कार्यकर्ताओं को केवल चुनाव और कार्यक्रमों के समय याद किया जाना उचित नहीं है। अलख निरंजन प्रसाद ने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं को सम्मान और जिम्मेदारी दी जाए। नये सक्रिय और मेहनती कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने से पार्टी में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार होगा।



## कांडी मीडिया हाउस का उद्घाटन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में रविवार को कांडी मीडिया हाउस का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन युवा समाजसेवी रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे, वरिष्ठ पत्रकार प्रिय रंजन विनोद, जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार एवं पंसस प्रतिनिधि अनूप कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान पत्रकार से सरकारी शिक्षक बने दुर्गेश कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार पंडित और वरुण कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी रजनीश रंजन दुबे ने कहा कि सभी सम्मानित साथी अपने जीवन के नए दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करें, यही शुभकामना है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कांडी निवासी दिवंगत पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर शोक व्यक्त किया। कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। उन्हें समाज में व्याप्त समस्याओं, गरीब, असहाय और दबे-कुचले वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाना चाहिए। साथ ही सरकारी कार्यालयों में व्याप्त कुरीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्भिक होकर कलम चलाना चाहिए। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार प्रिय रंजन विनोद ने संपादक सम्राट पंडित हरि विष्णु पराड़कर के विचारों को उद्धृत करते हुए पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने कांडी मीडिया हाउस के उद्घाटन पर पत्रकारों और सहयोगियों को बधाई दी। इस मौके पर एसआई रोशन राम, अरविंद कुमार, इमामुद्दीन खान, पंकज कुमार, राम रंजन, विजय पाण्डेय, श्रवण राम, ब्रजेश पाण्डेय, अनूप कुमार सिंह, विवेक चौबे, दीपक कुमार सिंह, रूपेश पाण्डेय, विनोद प्रसाद, राजू कुमार, नन्हक कुमार, लालेश्वर चौबे और नंदू प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पिकअप-बाइक की टक्कर में दो सगे भाई घायल

**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र के चंद्रवंशी पेट्रोल पंप के समीप गहिड़ी गांव एवं मझिआंव खुर्द गांव के सिवाना स्थित मुख्य सड़क के टर्निंग पॉइंट पर रविवार की सुबह नौ बजे पिकअप और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। इस हादसे में दो सगे भाई घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को स्थानीय सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां, प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक शर्मा (30) को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि उनके छोटे भाई सोनू शर्मा (22) को आंशिक चोटें आई थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस क्षतिग्रस्त बाइक एवं पिकअप को जब्त कर थाना ले आई है। जानकारी के अनुसार दोनों भाई पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत तीसीबार गांव निवासी शैलेश शर्मा के पुत्र हैं। दोनों पेशे से कारपेंटर (बढ़ई) हैं और फर्नीचर के काम से बाइस से मझिआंव जा रहे थे। बताया गया कि रविवार की सुबह क्षेत्र में घना कुहासा छाया था, जो सुबह 7.30 बजे तक बना रहा, जिससे दृश्यता कम थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने की बैठक

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार ने रंकाखुर्द ग्राम में जल जीवन मिशन जल नल योजना को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें हर घर जल नल योजना के तहत नयी जलापूर्ति कनेक्शन करने, सभी कनेक्शन धारी व्यक्तियों से विभाग को प्रत्येक महीने 40 रूपए शुल्क जमा करने और घर-घर पानी पहुंचाने संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर जल सहिया सबिता देवी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संजय चंद्रवंशी, मुरारी चंद्रवंशी और विपिन तिवारी आदि उपस्थित थे।

## घर के सामने खड़ी कार में लगी आग

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जनेवा गांव निवासी जितेंद्र गुप्ता के घर के बाहर खडी कार में शनिवार की रात आग लगने से कार जलकर पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इसकी तत्काल सूचना भंडरिया थाने को दी गई। भंडरिया इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुभाष कुमार दल बल के साथ रविवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। कार में आग कैसे लगी इसका खुलासा अबतक नहीं हो सका है। भुक्तभोगी जितेंद्र गुप्ता ने थाने में बताया कि उसकी कार शनिवार की रात घर के बाहर खडी थी। तभी रात 12 बजे 9977036261 से एसएमएस कर कार में आग लगने की सूचना दी गयी। जैसे ही दरवाजा खोलकर बाहर निकलकर कार में पूरी तरह लग चुकी थी।

# दीपक चंद्रवंशी के मझिआंव भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दीपक चंद्रवंशी को भाजपा मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा होने पर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं- समर्थकों ने स्थानीय शिव मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान जिले एवं स्थानीय स्तर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष दीपक चंद्रवंशी को बधाई दी। उन्हें भगवा गमछा, अंगवस्त्र एवं फूल-मालाओं से सम्मानित किया। इसके बाद एक-दूसरे को मिठाइ खिलाकर और रंग-अबीर लगाकर खुशी साझा की। इसके बाद जुलूस शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर ब्लॉक रोड, मुख्य बाजार मार्ग होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने दीपक चंद्रवंशी को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, वे उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरे उतरेंगे। वहीं, दीपक चंद्रवंशी ने सभी वरिष्ठ नेताओं-कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र पांडे, नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, शोभा जायसवाल, पूर्व जिला महामंत्री प्रेमानंद त्रिपाठी, अर्जुन दास, वीरेंद्र नाथ दुबे, मारुत नंदन सोनी, संजय प्रसाद कमलापुरी, सच्चिदानंद सिंह, भगवान दत्त तिवारी और राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी बाबा केशव नारायण दास आदि उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in
08

## रामलाल महतो को भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष और मुखिया रीना देवी को बनाया गया मंडल प्रतिनिधि



पिपरवार (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता रामलाल महतो को भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष और बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी को भाजपा पिपरवार मंडल प्रतिनिधि बनाया गया है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला कार्यालय में पिपरवार मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रतिनिधी का नामांकन लिया गया, जिसके बाद प्रदेश से आये चुनाव प्रवेक्षक मनोज बाजपेई ने रामलाल महतो को मंडल अध्यक्ष और मुखिया रीना देवी को मंडल प्रतिनिधी के नाम की घोषणा किया। इस अवसर पर प्रदेश चुनाव प्रवेक्षक सीमा शर्मा एवं मनोज बाजपेई ने दोनों को पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा चतरा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, जिला चुनाव अधिकारी प्रदीप सिंह, सह चुनाव अधिकारी नवीन साह के अलावा सांसद प्रतिनिधी रविंद्र सिंह, धनराज भोगता, सुखी गंझु, राजेंद्र प्रसाद सहित कई भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजुद थे। इधर रामलाल महतो को भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष और मुखिया रीना देवी को भाजपा पिपरवार मंडल का प्रतिनिधि बनाये जाने पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने दोनों को बधाई देते हुए भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया है।

## विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत भवन में रविवार को विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महेंद्र गंझु और संचालन अमर कुमार महतो ने किया। इस बैठक में ट्रक ऑनरों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी और सभी ट्रक मालिकों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में वर्ष 2018 के तय भाड़ा व नगद भाड़ा भुगतान पर सहमति बनी। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जो लिफ्टर और डीओ होल्डर के द्वारा तय भाड़ा का भुगतान नहीं किया गया, तो वेसे डीओ होल्डर और लिफ्टरों का ट्रक का परिचालन नहीं होने दिया जायेगा। तय भाड़ा और नगद भाड़ा का भुगतान नहीं होने पर संबंधित डियो होल्डरों का काम बंद कराया जायेगा। इस बैठक मे मुख्य रूप से महेंद्र गंझु, आशिक अली, रचित गंझु, रामबालक गंझु, गब्बर, अमर कुमार महतो, श्रवण महतो, शल्खू, इदरीश अंसारी, लियाकत अंसारी, प्रेम ठाकुर, जमीर अंसारी सहित काफी संख्या में ट्रक ओनर मौजूद थे।

## पूर्व छात्र उमंग तापड़िया ने कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग प्रदान की



मुरी/ सिल्ली (आजाद सिपाही)। डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में रविवार को विद्यालय के पूर्व छात्र उमंग तापड़िया का आगमन हुआ। उमंग तापड़िया ने पहले ही प्रयास में चार्टर्ड अकाउंटेड फाइनल क्लियर कर लिया। उन्होंने अपनी आर्टिक्लशिप मशहूर फर्म प्राइस वॉटरहाउस कूपर्स से की। रविवार को हमारे विद्यालय में इन्होंने प्रात:कालीन सभा को संबोधित किया और अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विशेष रूप से उन्होंने विद्यालय के कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग प्रदान की तथा उन्हें विभिन्न व्यावसायिक अवसरों और लक्ष्य निर्धारण के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर उमंग तापड़िया द्वारा एसओएफ ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये गये। विद्यालय की ओर से उमंग तापड़िया जी को शॉल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी शरण तथा विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का का महत्वपूर्ण योगदान था।

## क्रिसमस गैदरिंग सह खीस्तीय मिलन समारोह



खूंटी (आजाद सिपाही) । सीएनआई चर्च कोटेंगसेरा, तोरपा मण्डली के तत्वावधान में रविवार को प्रमण्डली स्तरीय क्रिसमस गैदरिंग सह खीस्तीय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तोरपा मंडली के बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडली प्रचारक प्रेमानंद कोनगाड़ी की अगुवाई में पवित्र आराधना के साथ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने बाइबिल के वचनों के माध्यम से क्रिसमस का संदेश देते हुए यशायाह 7:13-14 तथा लूका 2:1-5 का पाठ किया और प्रभु यीशु मसीह के जन्म का महत्व बताया। महिला सेवा मसीही संगति द्वारा 'इचा बहा मुरुद बहा' गीत पर सुंदर नृत्य, क्रिसमस की झांकी और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समारोह के दौरान संडे स्कूल के बच्चों एवं अभिभावकों के लिए बिस्किट रेस, पासिंग द बॉल, चम्मच रेस तथा म्यूजिकल चेयर जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में मण्डली के पदाधिकारी, युवा-युवतियां, माता-पिता, भाई-बहन एवं संडे स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

खूंटी (आजाद सिपाही)। वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा 317वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को तोरपा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ममरला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक कोचे मुंडा के सहयोग से किया गया। यह केंद्र पिछले 29 वर्षों से प्रत्येक माह सुदूर वनवासी क्षेत्रों में जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करता आ रहा है। वरीय उपाध्यक्ष किशोरी लाल चौधरी ने बताया कि समिति समाज के दानवीरों के सहयोग से लगातार 29 वर्षों से प्रत्येक माह ऐसे शिविर आयोजित कर रही है। पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने बताया कि शिविर में लगभग 300 ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चों का नि:शुल्क इलाज किया गया तथा उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं साड़ी का भी वितरण किया गया। शिविर में रांची से आये 50 से अधिक लोगों ने सहभागिता की, जिनमें राजेश खंडवाल, राकेश चौधरी, पूर्व जज पीएन पांडे, ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रकाश बजाज, विकास अग्रवाल, घनश्याम शर्मा, ओम प्रकाश बजाज, योगेश शर्मा, जयंत झा, संजय गुप्ता, पूनम गुप्ता, सुरेश चौधरी, अमन सिन्हा सहित चिकित्सक डॉ उमेश जायसवाल, डॉ अनिल खेतान, डॉ किरण राज एवं अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### केडीएच परियोजना क्षेत्र में अवैध कोयला खनन पर सीआइएसएफ-सीसीएल की संयुक्त कार्रवाई

# चार गिरफ्तार, सामान जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत में एनके एरिया की केडीएच परियोजना खदान से सटे इलाके में रविवार की सुबह में सीआईएसएफ और सीसीएल सुरक्षा विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध रूप से कोयला खनन कार्य कर रहे लोगों को पकड़ा गया। इस कार्रवाई में अवैध कोयला खनन कार्य में शामिल दीपक गंझू (उम्र 30 वर्ष), सुखराम मुडा (उम्र 45 वर्ष), रतवा उरांव (उम्र 30 वर्ष), तथा दिलीप मुंडा (उम्र 26 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। साथ ही सीआईएसएफ क्यूआरटी टीम द्वारा आसपास के क्षेत्र की तलाशी लेने पर मौके से अवैध खनन कार्य में प्रयुक्त 03 साइकिल, पानी निकालने का लगभग 100 मीटर पाइप, 02 बेलचा एवं 02 टॉर्च बरामद किये गये। इसके बाद चारों आरोपियों और जब्त सामग्री को खलारी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं संबंधित मामले में थाना में सनहा दर्ज करने के साथ अग्रेतर कानुनी कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

इधर एनके महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने क्षेत्र में अवैध कोयला खनन को रोकने को लेकर कहा कि आगे भी सीआईएसएफ और सीसीएल सिक्युरिटी द्वारा लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।



अवैध कोयला खनन में पकड़े गये लोगों के साथ जब्त सामग्री।

# केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने मंडल अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली एवं पतरातु मंडल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक और उनके प्रतिनिधि श्याम सुंदर महतो, जबकि पतरातू मंडल अध्यक्ष भागीरथ महतो एवं उनके प्रतिनिधि सृष्टिद्धार प्रजापति उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की भी मौजूदगी रही। कार्यक्रम में विधानसभा से विनय कुमार महतो उर्फ धीरज भी विशेष रूप से उपस्थित थे। मंत्री संजय सेठ ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए मंडल स्तर पर किये जा रहे प्रयासों को मजबूत करने का आह्वान किया।



## रक्षा राज्य मंत्री ने राहे मंडल अध्यक्ष मेघनाथ और प्रभारी गंगाधर को दी बधाई



राहे (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को रांची स्थित अपने आवास पर भाजपा राहे मंडल के मंडल अध्यक्ष मेघनाथ महतो और मंडल प्रभारी गंगाधर साहू को नयी पारी के लिए बधाई दिया। इस दौरान संगठन के मुद्दे पर बात किया और दोनों को अंग वस्त्र देकर बधाई दिया। मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो और धीरज सहित जिला के पदाधिकारी मौजूद थे।

# दलदल में फंसे बीमार हाथी की इलाज के दौरान मौत

**जंगली हाथियों की मौत की संख्या में लगातार बढ़ोतरी से वन विभाग के पास बड़ी चुनौती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़-सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल वन क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के चातरमा गांव के कीचड़ नुमा खेत में गिरने से इलाज के दौरान करीब एक महीने से बीमारी से ग्रस्त एक हाथी की मौत हो गयी। रविवार को पशु चिकित्सा पदाधिकारी का टीम द्वारा पोस्टमार्टम कर हाथी को बगल में ही दफनाया गया। हाथी की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने फुल, अगरवत्ती से मृत हाथी का पूजा पाठ भी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को हाथी एक दलदल खेत में फंस गया और चाहकर भी दलदल से निकल नहीं पाया। वन विभाग को सूचना मिलते ही रेंजर शशि प्रकाश रंजन, वन पाल राधारमण ठाकुर, राणा प्रताप, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के के चौधरी पहुंचे और हाथी चिकित्सकों का टीम द्वारा हाथी का इलाज प्रारंभ किया।

वन पाल राधारमण ठाकुर से बात करने पर उन्होंने बताया कि स्थानीय चिकित्सक और गुजरात के स्पेशल चिकित्सकों की टीम द्वारा हाथी का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि 45 बोतल स्लाइन चढ़ाया गया। काफी प्रयास के बाद भी हाथी को बचाने में चिकित्सकों का दल नाकाम रहा। देर रात को हाथी की मौत हो गयी। हालांकि रात भर वन विभाग के पदाधिकारी घटनास्थल पर डटे रहे। बताया जा रहा है कि एक माह से बीमार चल रहे हाथी को ठीक करने के लिए लगभग 10 लाख रुपये तक वन विभाग द्वारा खर्च किया जा चूका है।



**दो वर्ष में 6 हाथियों की विभिन्न घटनाओं से हो चुकी है मौत**

दो वर्षो में ईचागढ, कुकडू और नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न घटनाओं से 6 हाथियों की मौत हो गयी है। वहीं बीते कई वर्षो के अंदर दर्जन भर हाथियों की मौत हो गयी है। आये दिन हाथियों की विभिन्न कारणों से हो रही मौत वन विभाग की लापरवाही या तो हाथी मानव संघर्ष का नतीजा है, जो मृत्यु दर को रोकना वन विभाग के लिए काफी चुनौतीपूर्ण होगा।

## बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी बुंडू के छात्रों ने टेनिस नेशनल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल में लिया हिस्सा



बुंडू (आजाद सिपाही)। रविवार को बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी बुंडू के बच्चे-बच्चियां रांची स्थित खेल गांव में शॉप टेनिस नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 के ट्रायल हेतु पहुंचे, जहां बच्चे-बच्चियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी के निर्देशक भुवनेश्वर प्रमाणिक ने बच्चे-बच्चियों का उत्साहवर्धन किया।

## निशु:ल्क मेडिकल कैंप का आयोजन



तमाड़। सारजमडीह (तमाड़) में रेन एसवीपीसी हॉस्पिटल, बुंडू के तत्वावधान में सारजमडीह पंचायत भवन में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप करम सिंह महतो, शक्तिपद अकेला, पवन कुमार और जय प्रकाश सेठ जी के सहयोग से संपन्न हुआ। इस मेडिकल कैंप में रेन एसवीपीसी हॉस्पिटल की मेडिकल डायरेक्टर डॉ नेहा, रेन हेल्थकेयर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ रमन, सिद्धि विनायक पॉली केयर के डायरेक्टर कमलेश कुमार सिंह, तथा डॉ राम सिंह एवं डॉ चंदन कुमार ने अपनी सेवायें प्रदान कीं। कैंप के दौरान उपस्थित लोगों को मुफ़्त चिकित्सा परामर्श एवं मुफ़्त दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सारजमडीह पंचायत के 160 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। रेन एसवीपीसी हॉस्पिटल ने भविष्य में भी पांच परगना क्षेत्र में इस प्रकार के जनहितकारी नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# बंद की जा रही सड़क को लेकर सांसद को सौंपा गया ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैक्लुस्कीगंज।** लपरा पंचायत अंतर्गत मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क को रेलवे द्वारा बंद किए जाने की संभावना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार के रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ को सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली यह सड़क गांव के लोगों के लिए मुख्य आवागमन मार्ग है। वर्षों से इसी मार्ग के माध्यम से ग्रामीणों का दैनिक जीवन संचालित होता आ रहा है। इसी सड़क से विद्यार्थी विद्यालय और कॉलेज जाते हैं, मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जाता है, किसान खेतों एवं बाजार तक आते-जाते हैं, वहीं एंबुलेंस व अग्निशमन जैसी आपातकालीन सेवाओं का संचालन भी इसी मार्ग से होता है।

ज्ञापन में मांग की गयी है कि किसी भी परिस्थिति में उक्त मार्ग को बंद न किया जाये। यदि सुरक्षा कारणों से किसी प्रकार का परिवर्तन आवश्यक हो, तो मार्ग बंद करने से पूर्व एक सुरक्षित एवं स्थायी वैकल्पिक सड़क की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह मार्ग बंद किया गया तो पूरा क्षेत्र मुख्य सड़क से कट जाएगा, जिससे आम जन-जीवन, आजीविका तथा आपातकालीन सेवाओं पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों ने सांसद से इस मामले पर सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपने वाले लोगों में ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू, मंडल प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह सहित अरविंद सिंह, कमलेश राम, शशि प्रसाद, संजीव तिवारी, रामकुमार दुबे, प्रमोद सिंह एवं अनिल तुरी उपस्थित थे।



## रक्तदान सह नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित



बुंडू (आजाद सिपाही)। मानव सेवा संस्था की ओर से रविवार को मौसी बाड़ी मंदिर परिसर में रक्तदान सह नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 115 युनिट रक्त संग्रह किया गया। मानव सेवा संस्था के संस्थापक प्रदीप कुमार उर्फ रोशन कुमार ने कहा कि संस्था द्वारा या दूसरा बड़ा सेवा कार्यक्रम है। रक्त की एक-एक गुण और नेत्रदान से किसी के जीवन में नई रोशनी लाई जा सकती है। यह हमारा मानव धर्म है कि हम समाज के लिए आगे आये संस्था के अध्यक्ष शुभम कुमार उर्फ गोलू और सचिव जीतू कुमार ने बताया कि बुंडू और तमाड़ क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों ने मंदिर परिसर में आकर रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा एवं महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा संयुक्त रूप से किया। रक्तदान शिविर में बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ भी आये और अपना रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन हमारे क्षेत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है कि लोग खुद से आकर अपना रक्तदान कर रहे हैं। रांची के शार्प साइट आई हॉस्पिटल के द्वारा कल 70 मरीजों का नि:शुल्क जांच किया गया, जिसमें 30 मरीजों का मोतियाबिंद की पुष्टि की गयी। रक्तदान शिविर में कुल 115 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर प्रमोद कुमार, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, विकास कुमार सचिन कुमार, पंडित जगतपति पाठक, आनंद कुमार, मुसेफ खान, संतोष कुमार, शुभम साहू, जीतू कुमार, सानू कुंडू, सूरज लायक, निर्मल कुमार, शुभम जायसवाल, शिवम जायसवाल, निर्मला साहू, पुरेंद्र महतो, ललित साहू, विजय कुमार, आलोक दास, अमन कुमार, हर्षवर्धन शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# सिङबोंगा की स्तुति से भक्ति, श्रद्धा, प्रेम और भाईचारा बढ़ता है : सोमा कंडीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के जिबलोंग गांव में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का प्रथम शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी। वोकार्यक्रम का नेतृत्व अंनतोनी मुंडा, जोहन तोपनो, ग्रेस तोपनो और अजय तोपनो ने किया। सभा को संबोधित करते हुए धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से आत्मा में भक्ति और श्रद्धा का विकास होता है, साथ ही समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। इससे लोभ, लालच और अहंकार जैसी बुराइयां दूर होती हैं तथा जीवन में सुख-शांति आती है। उन्होंने कहा कि भगवान के सामने सभी समान हैं और सभी पर समान कृपा होती है, इसलिए हमें सदा धर्म के मार्ग पर चलकर आपसी सौहार्द बनाए रखना चाहिए। उन्होंने न केवल धर्म-संस्कृति की रक्षा की, बल्कि जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा के लिए भी संघर्ष किया। आज उसी विरासत को बचाने के लिए सरना धर्म कोड की मांग की जा रही है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि महापुरुषों के संकल्प को अपनाकर सरना कोड के लिए संगठित संघर्ष किया जाये।

कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, डॉ. सीताराम मुंडा, मथुरा कंडीर, विश्राम टूटी, रमण टूटी, चोंगे मुंडा, लुथडू मुंडा, बिरसा तोपनो, बाजू मुंडा, लेचा बारला, जेवियर भुइयां सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।



### टीकर हाइस्कूल मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रेम होटल एनएच 33 ने खिताब पर किया कब्जा

**प्रथम विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये और ट्राफी, द्वितीय उप विजेता टीम को एक लाख 21 हजार रुपये और ट्राफी देकर किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाईस्कूल मैदान में 22 वां एक दिवसीय डेढ़ लाख टंकिया फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नेताजी स्पोटिंग रेमता खूंटी और प्रेम होटल एन एच 33 के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में प्रेम होटल एन एच 33 ने नेताजी स्पोटिंग रेमता खुंटी को पछाड़ कर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रथम विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये एवं ट्राफी , द्वितीय उप विजेता टीम को एक लाख 21 हजार रुपये एवं ट्राफी, तीसरे व चौथे स्थान पर रहे लालटु स्पोटिंग एवं डाक्टर स्पोटिंग चोगा को 25-25 हजार रुपये एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।

खेल का उद्घाटन राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने राष्ट्रीय गीत और झंडा फहराकर किया। आयोजन समिति आरएफसी क्लब टीकर के द्वारा खेल मैदान, दर्शक दीर्घा और मंच को दुल्हन जैसा सजाया गया था। प्रतियोगिता में विधायक सविता महतो, आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, भाजपा नेता पप्पु वर्मा आदि ने जनसमूह को संबोधित किया।

मौके पर विधायक के भाई संजय महतो, प्रमुख गुरूपद मार्डी, खेल अध्यक्ष ललित मोहन घोष, सचिव दिवाकर कैवर्त, कोषाध्यक्ष गुरू दयाल शर्मा, अभिराम उरांव, बनमाली रजक, मुकेश गुप्ता, सुभाष महतो, अनिल सिन्हा, बासुदेव चटर्जी, श्यामापद, कार्तिक, परशुराम, खगेंद्र प्रामाणिक, निमाई गोप, शक्ति महतो नरेंद्र गोप, मानिक घोष, राधानाथ, ताहिर अंसारी, फकीर प्रामाणिक, मधु गोप, भजोहरी महतो, मनोरंजन ठाकुर, फटीक गोराई, नकुल घोष, निर्मल गोराई आदि सदस्य उपस्थित थे।




## बचरा दक्षिणी पंचायत में वोटर कार्ड मैपिंग को लेकर विशेष शिविर आयोजित



पिपरवार। बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में रविवार को वोटर कार्ड का मैपिंग (एसआईआर) कैंप का आयोजन किया गया। मुखिया रीना देवी के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में पंचायत के सैकड़ो लोगों का आनलाइन मैपिंग किया गया। मुखिया रीना देवी ने बताया कि वोटर कार्ड मैपिंग कार्य को लेकर सभी बुथों के बीएलओ के द्वारा मैपिंग का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत के मतदाताओं का वर्ष 2003 के मतदाता सूची से उनके माता-पिता की सूचि से मैपिंग करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने पंचायत के सभी मतदाताओं से कैंप में आकर इसका लाभ उठाने की अपील की, साथ ही उन्होंने कहा कि वोटर कार्ड से मैपिंग का कार्य संबंधित बुथों के बीएलओ के द्वारा आगे भी लगातार किया जायेगा। इस कैंप में मुख्य रूप से मुखिया रीना देवी, सांसद प्रतिनिधी रविंद्र कुमार सिंह, वार्ड सदस्य किरण देवी, प्रमोद प्रजापती के अलावे बीएलओ केवल महतो, गुनेशवर महतो, आशा देवी, काविन्री देवी, मनोहर साव सहित काफी संख्या में पंचायत के लोग मौजूद थे।

# तीन प्राइवेट बैंकों से लोन दिलाकर 50 लाख की ठगी, महिला एजेंट हुई फरार

## पैसे की रिकवरी के लिए नोटिस मिलने के बाद हुआ मामले का खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता




**चान्हो।** थाना क्षेत्र के पतरातू-तेतरटोली से तीन प्राइवेट बैंकों से लोन दिलाने के नाम पर महिला एजेंट द्वारा करीब 50 लाख रुपये की ठगी किये का मामला सामने आया है। आरोप है कि एजेंट चान्हो के चारा स्कूल की पूर्व शिक्षका रेशमा केरकेट्टा ने अलग-अलग प्राइवेट फाइनेंस बैंकों से लोन स्वीकृत कराकर पीड़ितों के खातों में राशि डलवाई। उसके धोखे से पूरी रकम अपने नियंत्रण में लेकर फरार हो गई। रविवार को पीड़ितों ने बताया कि, महिला एजेंट ने खुद को अधिकृत लोन कंसल्टेंट बताते हुए कम ब्याज दर पर लोन दिलाने का झांसा दिया था। विश्वास में लेकर उसने दस्तावेज जुटाए और तीन प्राइवेट बैंकों से क्रमशः लोन पास कराया। जैसे ही लोन की राशि खातों में आई, एजेंट ने धोखे में रख कर सभी महिलाओं के खाते से अंगूठा लगवा कर अपने सहयोगी मनीष कुमार नामक व्यक्ति के माध्यम से सभी रकम ट्रांसफर करवा ली। कुछ दिनों बाद जब बैंक की किश्तों का दबाव बढ़ा और एजेंट से संपर्क नहीं हो पाया, तब पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ितों ने अभी भी इसकी शिकायत थाने में नहीं दी है। पीड़ितों का कहना है कि सभी कागजत पूरी करने के बाद थाने में शिकायत की जाएगी।

### पीड़ित महिलाएं

रीना कुमारी 1.50 लाख, ‌‌ुमन देवी 1.30 लाख, शांति देवी, 74 हजार, अनिता देवी तीन लाख, मंजू देवी 80 हजार, पुष्प देवी 1.30 लाख, शांति देवी 1.90 लाख, सुनीता देवी दो लाख, मनी देवी 1.50, नीरा मुनि 85 हजार, सुनीता देवी 1.24 लाख, रैमुनि देवी एक लाख, चांदनी देवी एक लाख, पूर्णिमा कुमारी 45 हजार, अनिता देवी 1.30 लाख, कर्मी देवी 1.10 लाख रुपये सहित संतोष कुमार, नामक युवक से भी 3.50 लाख रुपये आदि की ठगी की गयी है।

## याद किये गये शहीद पुलिस जवान हरखनाथ महतो



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला पुलिस बल के जवान शहीद हवलदार हरखनाथ महतो का 16वां शहादत दिवस रविवार को गोंदलीपोखर चौक में मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने शहीद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि देश, राज्य और समाज की सुरक्षा के लिए उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। समारोह में शहीद की पत्नी रेशमी देवी, पुत्र और पुत्री को सम्मानित भी किया गया। बतातें चलें कि बेड़वारी निवासी पुलिस हवलदार हरखनाथ महतो 14 दिसंबर 2009 को लोहरदगा में एक उग्रवादी घटना में शहीद हो गए थे।

# झारखंड सरकार आंदोलनकारियों के वजूद को मिटने न दें : पुष्कर महतो

- झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला पश्चिमी जोन की बैठक
- 3 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री आभार यात्रा में शामिल होने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला पश्चिमी जोन की बैठक रविवार को बेड़ो के बारीडीह स्थित पड़हा जतरा मैदान में हुई। जिसमें तीन जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री के प्रति आभार यात्रा मरंगम के जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस आभार यात्रा में रांची पश्चिम क्षेत्र से लगभग पांच हजार झारखंड आंदोलनकारी परंपरागत वाद्य यंत्रों, वेशभूषा एवं परंपरागत अस्त्र शस्त्र के साथ शामिल होंगे। आंदोलनकारियों ने समाज में स्वाभिमान के साथ जीने के अधिकार के सवाल को लेकर सरकार से मांग की, कि राजकीय मान सम्मान अलग पहचान, बोल वचन के लिए रोजी-रोजगार नियोजन की गारंटी और जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी के लिए सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपये देने की मांग की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी सच्चे, भोले- भाले और ईमानदार हैं। सरकार आंदोलनकारियों के वजूद को मिटने ना दें, बल्कि उत्तराखंड की तर्ज पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण एवं अन्य सभी प्रकार के देय सुविधाओं का लाभ झारखंड सरकार भी अंगीकृत करते हुए लाभान्वित करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आंदोलनकरियों की हिम्मत एवं सहारा बने, सुविधाएं सुलभ कराएं। वहीं, बैठक का संचालन करते हुए रांची जिला संयोजक धनंजय कुमार राय ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान ही सरकार के अस्तित्व का प्रतीक है। प्रखंड अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने त्याग बलिदान एवं संघर्ष के बल पर राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। सरकार प्रत्येक आंदोलनकारी एवं उनके बाल बच्चों को न्याय के साथ सम्मान और अधिकार दें। वहीं, सहिंद्र लकड़ा ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में बेड़ो, इटकी, लापुंग, मांडर और चान्हो प्रखंड के आंदोलनकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सरकार को सभी आंदोलनकारियों को पेंशन और बच्चों को नौकरी देकर सम्मानित करना चाहिए। बैठक में एतवा उरांव, बंधना उरांव, बंदे उरांव, सहिंद्र लकड़ा, पीटर तिर्की, जतरु खेस, घीनु उरांव, शिव शंकर कुमार, पीयूष तिर्की, द्रोथी लकड़ा, गयासुद्दीन अंसारी, बंधु उरांव, भौवा उरांव, अरविंद तिग्गा, सुधीर मिंज, बुधराम लोहरा, चम्पा उरांव सहित बेडो, मांडर, नरकोपी, इटकी, नगडी, लापुंग क्षेत्र के आंदोलनकारी उपस्थित हुए।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कुटियातू मुखिया सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना रांची की ओर से जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कुटियातू मुखिया निशा उरांव को उत्कृष्ट मुखिया का सम्मान मिला। इस दौरान डीडीसी ने मुखिया निशा को शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, मुखिया ने कहा कि यह सम्मान पंचायत वासियों को समर्पित है। यह सम्मान मुझे पंचायत में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते रहेगी। वहीं मुखिया को बधाई देने वालों में शिक्षक राजेश कुमार एवं सुरेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## जनवितरण दुकान में मारपीट, एक व्यक्ति घायल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के भोंडा गांव में राशन लेने को लेकर हुए विवाद में मारपीट होने की घटना सामने आई है। मारपीट में भोंडा गांव निवासी आजाद अंसारी घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट आई है। घायल आजाद को परिजन रातू सीएचसी ले गये, जहां उसका इलाज चल रहा है। आरोप है कि चंदन नामक युवक ने हाथ में पहने कड़े से आजाद के सिर पर हमला किया था। घटना रविवार की सुबह नौ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक आजाद अंसारी जनवितरण प्रणाली के दुकानदार लाल जयराम नाथ शाहदेव की दुकान राशन लेने पहुंचा था। इसी बीच चंदन भी वहां पहुंचा। उसने पहले राशन लेना चाहा तो आजाद ने उसे रोकते हुए कहा कि पहले उसका नंबर है। इसी मामूली बात पर दोनों की बकझक हुई और चंदन ने हाथ में पहने कड़ा से आजाद के सिर पर वार कर दिया। मामले को लेकर आजाद अंसारी ने आरोपी चंदन लोहरा के खिलाफ रातू थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## सेवा भारती ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सेवा भारती के जोन्हा गुड़ीडीह सेवा धाम की ओर से संचालित बाल संस्कार केन्द्र बेंती, लेप्सर और ओबर डुमर टोली के आसपास के गांवों में रविवार को सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मालूम हो कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए सेवा भारती गुड़ीडीह की ओर से प्रत्येक वर्ष क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर केंद्र की निरीक्षक जयमाला देवी, सेवा धाम स्कूल कि प्रचार्या पूजा कुमारी, राकेश कुमार, बुद्धदेव मुण्डा, बाल संस्कार केंद्र की शिक्षिका सुमन देवी, समाज सेवी अजय कुमार करमाली, गंधिया करमाली, सलुवा करमाली, रामधनी करमाली, बड़ी देवी, लगती देवी, सफी देवी, एतवारी देवी, शिवसागर करमाली, पुसो देवी, अघनी देवी, दसईयां करमाली, शोभनी देवी, लगनी देवी, शुकरमनी देवी, शिलामणि देवी, सोशिता देवी, मैनो देवी, सुखदेव करमाली, सुकरा करमाली, अन्दु करमाली, शिव शंकर मुंडा, रूनिया देवी, सोहरी देवी, सुकरी देवी, बिरसी देवी, तनु बेदिया, बिरसा मुंडा, बन्नू मुंडा, मोहर मुंडा, कलेश्वर बेदिया आदि मौजूद थे।

## बुढ़मू प्रखंड कमेटी का गठन, सुजल साहू बने अध्यक्ष




**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** भारतीय किसान संघ की बैठक रविवार को प्रखंड के सिदरोल में हुई। जिसकी अध्यक्षता रांची जिला के युवा प्रमुख जय प्रकाश महतो ने किया। इसमें संगठन के प्रदेश महामंत्री दीपक उरांव, प्रदेश युवा प्रमुख शिव कुमार साहू , रातू प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष पंचम महतो एवं पूर्व बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार यादव उपस्थित थे। इसमें सर्वसम्मति से बुढ़मू प्रखंड का गठन किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष सुजल कुमार साहू, उपाध्यक्ष राजकुमार टाना भगत एवं अमित कुमार साहू, मंत्री मनोज खलखो, सह मंत्री राजेंद्र कुमार, सोमनाथ यादव राजेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विजय ताना भगत, कार्यालय मंत्री सेवा संत कुमार, जैविक प्रमुख निखिल कुमार, महिला प्रमुख विनीता एक्का, मीडिया प्रचार प्रसार प्रमुख रानी कुमारी, बीच प्रमुख रूपा तिर्की, जल प्रमुख राजेंद्र दिग्वार, विद्युत प्रमुख सुनील मुंडा, सदस्य अशोक कुमार, अनूपा उरांव, कृष्ण कुमार, सुनील मुंडा, अमन मुंडा और करण मुंडा को बनाया गया है।

# ‘उत्तम ज्वेलर्स’ से हुई चोरी के 16 दिन बाद खेत में रखे पुआल की गांज में मिले खाली डिब्बे

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना अंतर्गत बाजार टांड़ के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर स्थित ‘उत्तम ज्वेलर्स’ नामक आभूषण की दुकान में विगत 28 नवंबर को चोरी की घटना हुई थी। चोरों ने दुकान का शटर उखाड़ कर और ग्रिल का ताला तोड़कर वहां से करीब 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपए नकद चोरी कर ली थी। इसके 16 दिनों बाद खेत में रखे पुआल की गांज से रविवार को ज्वेलरी के खाली बॉक्स बरामद हुए हैं। आशंका है कि 16 दिनों के बाद चोरों ने सबूत छिपाने की कोशिश भी की। वे ज्वेलरी बॉक्स को दुकान से कुछ दूरी पर करांजी पाकल मेड़ी गांव के बीच साइड स्थित एक चौंरा स्थल पर जयंत केरकेट्टा की खेत में धान मिसाइ के बाद रखे पुआल के गांज में छिपाकर रखा था। रविवार की सुबह जब काम से जयंत केरकेट्टा ने पुआल को हटाया तो ज्वेलरी बॉक्स वहां से बरामद हुआ। इसकी सूचना बेड़ो पुलिस को दी। खबर पाते ही बेड़ो थाना प्रभारी सुजित कुमार उरांव दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये और बॉक्स को जब्त कर लयिा। थाना प्रभारी ने बताया कि बॉक्स के साथ चांदी की दो चैन, दो बिछिया, दो अंगूठी एक चांदी का लॉकेट और उत्तम ज्वेलर्स का पुर्जा मिला है। इससे यह स्पष्ट है कि चोर पूरी योजना बनाकर आए थे। थाना प्रभारी ने घटनास्थल सहित आसपास के स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अज्ञात अपराधियों की तलाश के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी का सहयोग लेकर चोरों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ विद्या भारती के सप्तशक्ति संगम की क्षेत्रीय संयोजिका सह विद्या विकास समिति की सहमंत्री डॉ पूजा, मुखिया सुशांति भगत, काठीटांड विद्यालय की पूनम एवं बीजूपाड़ा विद्यालय की पूजा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डॉ पूजा ने कहा कि मातृ शक्तियां ही कुटुंब व्यवस्था की मेरुदंड होती है। कहा कि नारी समाज ही राष्ट्र की आत्मा है। वहीं, पूनम ने कहा कि मातृशक्ति से ही समाज का विकास एवं कल्याण संभव है। मौके पर रांची विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे, भवानी शरण सिंह और वाणी कुमार रॉय आदि थे।

## मंदिर स्थानांतरण को लेकर हुई बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची-पुरुलिया रोड चौड़ीकरण के चलते नामकुम रेलवे स्टेशन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर को हटाने और उसके निर्माण को लेकर सड़क विभाग के एसडीओ और मंदिर कमेटी के बीच रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनीष राय ने की। इस दौरान मंदिर के स्थान को चौड़ीकरण के काम से होने वाली बाधा और मंदिर को स्थानांतरित करने पर चर्चा की गई। मनीष ने आजाद सिपाही से कहा कि बैठक रखने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में विकास कार्य भी हो और धार्मिक आस्था भी बनी रहे। इधर, कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि मंदिर निर्माण को लेकर नारायणिपुरम अपार्टमेंट परिसर में चार कट्ठा जमीन दिया गया है। जिस पर एसडीओ ने उक्त जमीन पर नक्शा पास कराकर देने की बात कही। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने एसडीओ से जब तक नारायणिपुरम में मंदिर का निर्माण शुरू नहीं हो जाता तब तक नामकुम सम्राट पेट्रोल पंप और स्वर्णरेखा पुल तक रोड चौड़ीकरण करने के काम को रोकने की अपील की।

# भारतीय ज्ञान परंपरा से होगा टिकाऊ विकास : डॉ मयंक




इस्कॉन के साथ मिलकर उषा मार्टिन का ग्रामीण विकास की पहल

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारतीय ज्ञान परंपरा, ग्रामीण विकास के लिए एक समग्र और सतत दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह प्रकृति-आधारित समाधानों, सामुदायिक सशक्तिकरण, स्वदेशी कृषि तकनीकों को बढ़ावा देती है। उक्त बातें चिंतक और उषा मार्टिन के ग्रामीण विकास विभाग के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कही। वे रविवार को हेसल गांव में उषा मार्टिन फॉउंडेशन और इस्कॉन के साथ गांवों में विकास अभियान की शुरूआत पर बोल रहे थे। इस अभियान के तहत आधा दर्जन गांवों में परिवार मूल्य, भारतीय जीवन परंपरा, शराबबंदी, यौगिक खेती आदि विषयों पर कार्य किया जाएगा। डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि आत्मनिर्भर गांव में सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षित होता है, जो ‘वसुधैव कुटुम्बकम’ और ‘सर्वे भवन्तु सुखिनः’ जैसे मूल्यों के साथ आधुनिक विकास लक्ष्यों को जोड़ता है। वहीं, इस्कॉन रांची ने ग्रामीण गृहस्थों के लिए एक भारतीय ज्ञान प्रणाली कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें गांवों में वैदिक सभ्यता की खेती पर एचजी परम प्रकाश श्यामसुंदर प्रभु का प्रवचन शामिल था। सुधीर कृष्ण चैतन्य दास ने बताया कि उनका कार्य ग्रामीण समुदायों के ज्ञान और संस्कृति को सम्मान देना है। जिससे समग्र विकास संभव हो सके। इस मौके पर साची कुमार दास, अद्वैत दास, अभय कुमार, अनुराग इंद्रगुरु, स्वास्तिक साहा, कंपनी के वरुण कुमार, भुनेश्वर महतो के साथ हेसल, उलातु, बसेरा और लुपुंग के ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसएसबी 26वीं बटालियन ने धूमधाम से मनाया अपना 20वां स्थापना दिवस

# अत्याधुनिक हथियारों, ड्रोन तकनीक और सुरक्षा उपकरणों को देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

आजाद सिपाही संवाददाता





**अनगड़ा।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 26वीं बटालियन ने रविवार को अनगड़ा स्थित वाहिनी मुख्यालय परिसर में अपना 20वां स्थापना दिवस उत्साह एवं गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर देश की आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, सामुदायिक कल्याण के प्रति बटालियन की सतत प्रतिबद्धता और शौर्य को रेखांकित किया गया। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद बटालियन की विगत वर्षों की उपलब्धियां, कार्यक्षमता, उत्कृष्ट सेवा एवं अन्य गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान वर्ष 2025 में बटालियन की ओर से संचालित नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम सहित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी को भी साझा किया गया। समारोह में अत्याधुनिक हथियारों, सुरक्षा उपकरणों एवं ड्रोन तकनीक की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट सरदार सिंह ने बल के गौरवशाली परंपरा, इतिहास, अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्र सेवा के संकल्पों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समस्त कार्मिकों, परिजनों एवं आमंत्रित अतिथियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसएसबी कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए खेलकूद सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बल की सामूहिक भावना, अनुशासन एवं सांस्कृतिक विविधता की झलक देखने को मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागपुरी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। यह झारखंड का एक जीवंत एवं पारंपरिक लोक नृत्य है, जो नागपुरी संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। ग्रामीण जीवन की सरलता, एकता एवं उल्लास को दर्शाता है। इसके अलावा वाहिनी के स्वान दस्ता की ओर से अनुशासन, प्रशिक्षण एवं कार्यकुशलता पर आधारित प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। बल के परिवारजनों एवं बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों के लिए स्पून रेस, बोरी रेस, जलेबी रेस तथा परिवारजनों के लिए म्यूजिकल चेयर रेस शामिल थे। वहीं एसएसबी कार्मिकों की एआईआरटी एवं एचक्यूआर कोय टीमों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित हुई। बाद में प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल 26वीं बटालियन ने सीमाओं की सुरक्षा, आंतरिक शांति, सम्मान, साहस और व्यावसायिकता के साथ राष्ट्र सेवा के अपने संकल्प को पुनः दृढ़ता से दोहराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंस्पेक्टर मैसनाम प्रीतम सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पुराने और अनुपयोगी वस्त्र गरीब को देकर पुण्य कमायें : कैलाश कुमार

बेड़ो कपड़े बैंक ने लापुंग के हुलसू गांव में बांटे कपड़े



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड के बीच बेड़ो कपड़ा बैंक ने लापुंग प्रखंड के हुलसू गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़े-कंबल का वितरण किया। उक्त वितरण हुलसू के उप मुखिया अरविंद सिंह के सहयोग से हुआ। कपड़ा बैंक की टीम ने गांव के लोगों के बीच बड़ी संख्या में कपड़े वितरित किए, जिनमें साड़ी, शॉल, स्वेटर, सूट, पैंट-शर्ट और बच्चों के कपड़े शामिल थे। इसके अलावा, ठंड से बचाव के लिए बुजुर्गों को 30 कंबलों का भी वितरण किया गया।

### छह वर्षों से चल रहा नि:स्वार्थ कार्य

कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि उनका संगठन पिछले छह वर्षों से लगातार प्रति रविवार को दूर-दराज के गांवों में जाकर नि:स्वार्थ भाव से कपड़े और कंबल का वितरण करता है। बताया कि कपड़ा बैंक एक 'कड़ी' के रूप में काम करता है। लोग अपने घरों और दुकानों से अनुपयोगी या अतिरिक्त कपड़े बैंक में जमा करते हैं, और उन्हीं कपड़ों को छांटकर जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। कैलाश कुमार ने कहा कि आज भी बहुत से लोगों के पास तन ढकने और ठंड से बचने के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं हैं। कपड़ा बैंक ऐसे ही जरूरतमंदों तक पहुंचकर उनके लिए कपड़े उपलब्ध कराकर एक छोटा सा प्रयास कर रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे अपने घरों के अनुपयोगी कपड़े कपड़ा बैंक में जमा करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को ठंड से बचाया जा सके। मौके हुलसू के मुखिया मनोज मनबहाल होरो, उप मुखिया अरविंद सिंह, वार्ड सदस्य अनुपम टोपनो, धनेश्वर आदि थे।

# बसिया प्रखंड में मात्र एक ही लैंपस, कैसे होगी धान की खरीदारी

**लौंगा लैंपस को धान अधिप्राप्ति करने का आदेश देने की मांग**

हिमांशु रंजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** सरकार के आदेश पर जिला प्रशासन को किसानों से धान की खरीदारी करनी है। जिला प्रशासन इसके लिए हर संभव प्रयास भी कर रहा है। धान अधिप्राप्ति के लिए जिला प्रशासन को अधिक से अधिक धान अधिप्राप्ति केंद की जरूरत है। ताकि किसानों को सहूलियत हो और अधिक से अधिक धान खरीदे जा सकें। लेकिन कुछ लैम्पस यानी धान अधिप्राप्ति केंद्र ऐसे भी हैं जो जिला प्रशासन के पदाधिकारियों की अनदेखी का शिकार हो रहा है। उसमें एक नाम लौंगा लैम्पस है। इस वर्ष धान अधिप्राप्ति के लिए पूरे बसिया में एकमात्र खटखुरा लैम्पस को प्रस्तावित किया है जबकि पूरे बसिया प्रखंड में कुल 15 लैम्पस है। कई लैम्पस तो अपनी अहर्ता को पूरी नहीं कर पाने के कारण बंद पड़े हैं, लेकिन लौंगा अपनी सभी अहर्ता पूरी करने के बावजूद विभागीय उदासीनता का शिकार है।

**आमसभा कराकर किया गया बोर्ड का गठन :** वर्ष 2022 जनवरी में आम सभा कराकर निर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा नियमानुसार नये अध्यक्ष सचिव एवं कार्यकारी सदस्यों का चुनाव किया गया है इसमें पुराने लैंपस के कोई भी सदस्य सम्मिलित नहीं है वर्ष 2024-25 में नवनिर्वाचित लौंगा लैंपस द्वारा धान अधिप्राप्ति का कार्य सफलतापूर्वक किया गया है ऑडिट भी अप टू डेट है किसी प्रकार का कोई फजीर्वाड़ा करने संबधी कोई आरोप भी नही है।

## कृषि मंत्री से बात कर सुलझाऊंगी समस्या: जिप सदस्य

इस संबंध में लौंगा लैम्पस लिमिटेड के अध्यक्ष पीटर मिंज एवं सचिव प्रवीण रोशन सिंह ने बसिया के जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग को आवेदन देकर कहा कि लौंगा लैम्पस लिमिटेड कलिगा एमपीसीएस द्वारा धान अधिप्राप्ति का कार्य विर्तीय वर्ष 2024-25 में सुचारू रूप से संपादित किया गया था लेकिन 2025-26 में लौंगा लैम्पस लिमिटेड को धान अधिप्राप्ति की संभावित सूची से नाम हटा दिया गया है। बसिया प्रखंड में 15 लैम्पस है और मात्र एक लैम्पस खटखुरा लैम्पस लिमिटेड को अधिकृत किया गया है। एक लैम्पस द्वारा प्रखंड के पूरे किसानों से धान क्रय करना लगभग संभव नही है। इस पर जिप सदस्य बसंती डूंगडूंग ने कहा कि जल्द ही कृषि मंत्री से इस संबंध में मुलाकात कीजिए और इस समस्या का हल ढूंढा जायेगा।

## अधिकारियों ने प्रस्ताव पर नहीं दिया ध्यान

किसानों के हित व मांग को देखते हुए वर्ष 2025 26 में लौंगा लैंपस द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी गुमला को प्रस्ताव किया 4 नवम्बर 2025 को किया गया है परतु प्रस्ताव पर कोई विचार नही किया गया। जिला के पदाधिकारियों द्वारा पूर्व के मामले को आधार बनाया जा रहा है।

## लैंपस के पूर्व पदाधिकारियों द्वारा किये गबन की दी जा रही है सजा

इस संबंध में वर्तमान लौंगा लैम्पस के सचिव प्रवीण रोशन सिंह कहते है कि पूर्व के मामला जो लौंगा लैम्पस लिमिटेड के वर्ष 2011-12 में पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा गबन किया गया था वो निजी तौर पर फर्जीवाड़ा कर फरार हैं। उनके विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गयी है, लेकिन इसके कारण लौंगा लैम्पस को 11 वर्षों से मृतप्राय कर दिया गया है।

## उपायुक्त सहित कई पदाधिकारियों से लगायी गयी गुहार

लौंगा लैंपस लिमिटेड के सचिव एवं अध्यक्ष द्वारा लौंगा लैम्पस लिमिटेड को धान अधिप्राप्ति केंद बनाने हेतु जिले के उपायुक्त महोदया ओर जिला सहकारिता पदाधिकारी से आवेदन देकर गुहार लगा चुके है परंतु जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा पुराने मामले को आधार बताकर लौंगा लैम्पस लिमिटेड को धान क्रय केंद्र बनाने से वंचित कर दिया गया है।

# अमित पांडेय बने चैनपुर भाजपा के मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** भाजपा जिला चुनाव पर्व के तहत चुनाव प्रभारी राकेश भास्कर सह प्रभारी सविंद्र कुमार सिंह ने अमित किशोर पाण्डेय को चैनपुर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया। जबकि बुधराम नायक को प्रखंड प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। इसकी घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नव-नियुक्त मंडल अध्यक्ष अमित किशोर पाण्डेय को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अमित ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। जबकि, कार्यकर्ताओं ने कहा कि अमित किशोर पाण्डेय लंबे समय से संगठन से जुड़े हैं। उनके अनुभव का लाभ मंडल को मिलेगा। उनकी नियुक्ति से चैनपुर मंडल में भाजपा और अधिक सशक्त होगी एवं आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती मिलेगी। वहीं, शुभकामना देने वालों में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, जिला अध्यक्ष बिनय लाल पूर्व बाल संरक्षण आयोग सदस्य भूपन साहू, जिला महामंत्री यशवंत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप शाहदेव, पूर्व मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक, मनोहर बड़ाईक, नीरज शर्मा, अरबिंद मौर्य, शोभा देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, नीरज मौर्य, मनोज कुमार, राजेश कुमार, राहुल नन्द, ओम प्रकाश सिंह, कौशल केशरी, विक्की साहू, प्रदीप केशरी, शिवा नायक और राजेश भगत आदि शामिल हैं।

# ध्यान एवं योग साधना के साथ पांच दिवसीय योग शिविर का समापन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भदौली पंचायत अंतर्गत पोटरो भंडार टोली में पांच दिवसीय योग शिविर के अंतिम दिन रविवार को विभिन्न आसनों का योगाभ्यास कराया गया। पतंजलि योग समिति के प्रखण्ड योग प्रचारक सह योग गुरु गजराज महतो के सानिध्य में सभी ग्रामीणों ने योग किया। वहीं, ग्रामीणों ने प्रतिदिन सूर्योदय से पूर्व उठकर सपरिवार योग के विभिन्न आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास करने की बातें कही। शिविर के अंतिम सत्र में प्रतिदिन की तरह ध्यान मुद्रा में बैठने की विधि बताई गई। कहा गया कि सुबह दैनिक क्रिया से निवृत्त होकर इस मुद्रा में बैठने से मन संयमित एवं एकाग्रचित होता है। ध्यान शक्ति का विकास होता है। नकारात्मक विचार दूर होते हैं और स्मरण शक्ति का विकास होता है। शिविर के समापन पर सभी योग साधकों के बीच औषधीय गुणों से युक्त पौधों का वितरण किया गया। इनमें गिलोय, पुनर्नवा जिसे स्थानीय भाषा में (खपड़ा साग) कहा जाता है, तुलसी एवं पत्थर चटा पौधा शामिल हैं। शिविर में कृष्णा कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, शिवपूजन साहू, संदीप साहू, सत्यम साहू, कमलेश साहू, अर्जुन उरांव, रीता देवी, दीपा अनुराधा कुमारी, मालती कुमारी, छोटी कुमारी, लालधर साहू, महावीर साहू, रामेश्वर साहू, राजू साहू आदि शामिल थे।

# पत्थर से कूचकर अधेड़ की हत्या

## पुआल के ढेर से शव बरामद, अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के चौली नवाटोली में अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से वार कर एक व्यक्ति हत्या कर दी। उसकी पहचान रमेश साहू (45) के रूप में हुई है। रविवार को उसका शव पुआल के ढ़ेर से बरामद हुआ। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रमेश साहू शनिवार की रात 8.30 बजे घर से कही जाने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। संदेह होने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच रविवार की सुबह ग्रामीणों ने घर से कुछ दूरी पर स्थित पुआल में रमेश का शव पड़ा देखा। इस बाबत मृतक के भाई बालेश्वर साहू ने बताया कि रमेश शनिवार की रात घर से निकला था और रविवार की सुबह घर से कुछ दूसी पर उसका शव मिला। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान है। आशंका है कि किसी अज्ञात लोगों ने पत्थर से वार कर उसकी हत्या की है। इस संबंध में परिजनों ने अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## डीएसपी स्कूल के पीछे युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला-लोहरदगा रोड स्थित डीएवी स्कूल के पीछे पुलिस ने रविवार को एक युवक का शव बरामद किया। उसकी अनुमानिक उम्र 25 साल बतायी जा रही है। उसकी पहचान नहीं हो सकी बै। रविवार की शाम छह बजे लोगों ने धान के खेत में युवक का शव देखा। इसकी जानकारी गुमला पुलिस को दी गई। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां शव को शव गृह में रखा गया है। आशंका जताई जा रही कि युवक की अन्यत्र हत्या कर शव को धान के खेत में फेंक दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सुरसांग थाना क्षेत्र के कोंडरा पंचायत अंतर्गत बागबोथा-लोहराडेरा पथ पर बागबोथा ग्राम के पास अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। साथ ही थाना प्रभारी अनिकेत कुमार गुप्ता ने सशस्त्र बलों के सहयोग से चालक को पकड़ लिया और उसे वाहन सहित थाना ले गये। इस संबंध में गुमला जिला खनन निरीक्षक को पत्राचार किया गया। जिसके बाद उनके आवेदन पर सुरसांग थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित चालक बागबोथा ग्राम निवासी परशुराम सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रविवार को गुमला जेल भेज दिया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 'सप्तशक्ति संगम' महोत्सव का हुआ आयोजन




**केतार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को सप्तशक्ति संगम महोत्सव का आयोजन धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया, जिसका संचालन गीतांजलि दीदी ने किया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की संख्या अधिक रही। विद्यालय परिसर में आगमन पर उच्च कक्षाओं के छात्र-छात्राओं की ओर से माताओं को धागा बांधकर एवं माथे पर तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को संस्कार, शिक्षा में उनकी भूमिका, बच्चों के सर्वांगीण विकास, पारिवारिक मूल्यों एवं सामाजिक दायित्वों से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातें समझाई गईं। इसमें अतिथि के रूप में प्रांत सप्तशक्ति संगम की संयोजिका शीला देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जो शक्तियां महिलाओं में अंतर्निहित होती हैं, वे पुरुषों में नहीं होतीं। आवश्यकता केवल इस बात की है कि महिलाएं अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचानें एवं उन्हें जागृत कर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। वहीं, अन्य वक्ताओं ने कहा कि बच्चों के चरित्र निर्माण में माता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। संस्कारयुक्त शिक्षा से ही सशक्त और सुसंस्कृत समाज का निर्माण संभव है। इस मौके पर गढ़वा की संयोजिका आरती देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता, केतार संयोजिका मीना दीदी, श्वेता कुमारी, पुष्पा कुमारी, चंदा कुमारी, सविता कुमारी, मीना कुमारी, सुदीप कुमार पाल, रमेश पाल, श्याम बिहारी राम, दीनानाथ पटेल, उदित कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला अभिभावक उपस्थित रहीं।

# हादसे में घायल व्यक्ति ने दम तोड़ा

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा-बानपुर मोड़ पर बाइक से गिरकर घायल हुए सुरसांग गांव के रहने वाले रेवती रमन साहू (45) ने रविवार तड़के तीन बजे मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रेवती रमन साहू शनिवार की शाम अपनी बाईक से धरनापुर गांव स्थित साप्ताहिक बाजार गया था। वहां से घर वापसी के क्रम में बानपुर मोड़ के पास शाम सात बजे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी। इस घटना में रमन को काफी चोट आयी थी। उसने फोनकर अपने परिजनों को दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। जिसके हाद परिजन रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गये और वहां से उठाकर घर ले आये। इसके बाद स्थानीय एक स्वास्थकर्मी से प्राथमिक उपचार कराया। इसी बीच रविवार तड़के करीब तीन तीन बजे के आसपास उसे शौच लगी और दर्द से छटपटाते हुए अचेत हो गया। यह देख परिजन उसे इलाज के लिए कामडारा सीएचसी ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की खबर लगते ही कामडारा पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

# राजू नाग अध्यक्ष और संजय नाग बने सचिव



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चंदाटोली बाजारटांड़ गांव में रविवार को छोटनगपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने की। बैठक में प्रखंड कमेटी गठित की गयी। जिसमें सर्व सहमति से कामडारा प्रखंड अध्यक्ष राजू नाग, सचित संजय नाग, कोषाध्यक्ष गोवर्धन साहू, युवा अध्यक्ष अरविंद नाग और सचित राहुल ओहदार को चुना गया। इस मौके पर रोहित ओहदार, बालमोहन ओहदार, अरविंद ओहदार, गोवर्धन साहू, भुनेश्वर साहू, अभिषेक साहू, राजू नाग, मिथुन कुमार नाग, अमर नाग, मुकेश ओहदार, बीरबल ओहदार, सुधीर नाग, सुजीत ओहदार, प्रदीप ओहदार और संजय नाग आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसा में पांच घायल, एक रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के टोटो पेट्रोल पंप के समीप रविवार की दोपहर दो बाइक के बीच हुई टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। उनकी पहचान करमटोली सरहुल नगर निवासी सुकरा लकड़ा (55), उसकी पत्नी शांति देवी, चैनपुर कांसीर मकरा निवासी जगमोहन लोहरा (54) के रूप में हुई है, जबकि दो की पहचान नहीं हो सकी है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही टोटो पुलिस ने पांचों घायलों को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां शांति देवी की गंभीर स्थिति देखते हुए डाक्टर ने उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि, अन्य घायलों का गुमला सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सुकरा लकड़ा और शांति देवी एक बाइक से टोटो से गुमला की ओर आ रहे थे। जबकि, टोटो मेला से जगमोहन और उसके दो अन्य साथी एक बाइक में लौट रहे थे। इसी दौरान टोटो पेट्रोल पंप के समीप जगमोहन ने सुकरा लकड़ा के बाइक को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। जिससे सभी सड़क में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पुष्प पंचमी मेला हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करता है : बसनू

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुर।** प्रखंड अंतर्गत चिंगरी गांव में तीन दिवसीय ऐतिहासिक पुष्प पंचमी मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बनारी के मुखिया बसनू उरांव, बिशुनपुर थाना के एसआई नितेश कुमार, मेला समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुखिया बसनु उरांव ने कहा कि पुष्प पंचमी मेला वर्षों पुरानी परंपरा का प्रतीक है, जिसे चिंगरी मेला समिति की ओर से निरंतर सुचारू रूप से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेला हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करता है। भविष्य में भी इसे इसी तरह भव्य रूप से आयोजित किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया गया कि पुष्प पंचमी के अवसर पर लगने वाले इस मेले का ऐतिहासिक महत्व है। खेती-बाड़ी का काम समाप्त होने के बाद यह मेला लोगों को अपने सगे-संबंधियों एवं रिश्तेदारों से मिलने का अवसर प्रदान करता है। मेले में विशेष रूप से बच्चों के नाक-कान छेदन, शादी-विवाह से संबंधित सामग्री, रंग-बिरंगे खिलौने, विभिन्न प्रकार की मिठाइयां एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएँ आकर्षण का केंद्र रहीं। मेले में उमड़ी भारी भीड़ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में पारंपरिक नृत्य, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर प्रखंड उप प्रमुख चंदन सिंह, मेला समिति के अध्यक्ष बाबूलाल उरांव, सचिव शाशित उरांव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चीक बड़ाईक, संरक्षक सोमा उरांव, शिव कुमार भगत, करमपाल उरांव, सचिन उरांव, संदीप खेरवार, रोहित उरांव, महिंद्र भगत, प्रमोद उरांव, जितेंद्र उरांव, मुनेश्वर उरांव और प्रवीण उरांव आदि उपस्थित थे।

# शौर्य यात्रा पथ संचलन के दौरान गिरा बिजला की तार, टला बड़ा हादसा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की ओर से आयोजित शौर्य यात्रा पथ संचलन के दौरान शहीद चौक सिसई रोड के पास रविवार को अपराह्न 3.30 बजे बिजली का तार टूटकर सड़क पर गिर गया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने बताया कि सिसई रोड में विभाग की ओर से बिजली नहीं काटी गई थी। तार गिरने की सूचना तुरंत विद्युत विभाग को फोन कर दी गयी, जिसके बाद बिजली काटी गई। लोगों ने बताया कि छोटी सी लापरवाही बड़ा हादसा का कारण बन सकती थी। शौर्य यात्रा के दौरान विभाग को बिजली सेवा रोक देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विद्युत तार सड़क पर गिरने के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि बाद में सब शांत हो गया।

# चैनपुर सीएचसी को मिले चार डॉक्टर

## सिविल सर्जन ने 24 घंटे इलाज की व्यवस्था का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का शनिवार देर शाम सिविल सर्जन डॉ शंभुनाथ चौधरी ने दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्मित हो रहे अनुमंडल स्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने वर्तमान में जहां मरीजों का इलाज किया जा रहा है, उस पूरे परिसर का घूम-घूम कर निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजी और स्टॉक रजिस्टर की भी जांच की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि चैनपुर सीएचसी का कार्यक्षेत्र बहुत बड़ा है। यहां कुल 10 पंचायतों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। डॉक्टरों की कमी के कारण लोगों को काफी असुविधा हो रही थी, जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई थी। उन्होंने बताया कि गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित की पहल पर यहां चार नए डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। अभी तक डॉक्टर सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक उपलब्ध रहते थे, लेकिन अब इस व्यवस्था में बदलाव करते हुए 24 घंटे डॉक्टरों की रोस्टर ड्यूटी तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, ताकि जनता को हर समय बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। डॉ चौधरी ने निर्माणाधीन अनुमंडल स्तरीय अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो और इसे समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। कहा कि यह अस्पताल जनता का है, और जनता इसे जैसा रखे और जैसा सजा सकेगी, यह उनकी अपनी जिम्मेदारी होगी। इस मौके पर उपाधीक्षक डॉ अनुपम किशोर, एसएमओ डॉ धनुराज सुब्रह्मरु आदि मौजूद थे।

# गढ़वा जिला के सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों पर पार्टी ने दी है बहुत बड़ी जिम्मेदारी : लक्ष्मण



**श्री बंशीधरनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के गढ़वा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने सभी नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई दी है। कहा कि भाजपा के श्री बंशीधर नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क सहित गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, सगमा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, धुरकी मंडल अध्यक्ष मंगल यादव, डंडई मंडल अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी, रमना मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, बिशनपुरा मंडल अध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा, भवनाथपुर मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप शाह, केतार मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद हरिहरपुर मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, खरौंधी मंडल अध्यक्ष उपेंद्र दास, गढ़वा शहर धनंजय गोड, ग्रामीण विकास तिवारी, मझिआंव ग्रामीण दीपक चौहान, शहर दीपक चंद्रवंशी, कांडी शशि रंजन दुबे, मेराल उतरी अशोक केसरी, दक्षिणी राजेश यादव, रमकंडा राजकुमार विश्वकर्मा, रंका उत्तरी बसंत प्रसाद, दक्षिणी बलराम यादव, गवावल परीक्षित तिवारी, भंडारिया ललन बैठा, बरगढ़ बजरंग प्रसाद आदि को बहुत-बहुत बधाई। कहा कि सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों के ऊपर पार्टी ने बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। क्योंकि आज भाजपा झारखंड में विपक्ष की भूमिका निभा रही है। इस स्थिति में आप सभी को मजबूती से पार्टी का कार्य करना होगा, ताकि आने वाले समय में भाजपा सत्ता में लौट सके। क्योंकि झारखंड का विकास भाजपा के बिना संभव नहीं है।

## पैंटून ग्राउंड के पास मिला युवक का शव

**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के रिवर साइड निवासी अरुण महतो का इकलौता पुत्र 21 वर्षीय शुभम महतो उर्फ बिट्टू का शव रविवार की सुबह दामोदर नदी के समीप पैंटून ग्राउंड के समीप बीम पाइप में बेल्ट के सहारे लटका पाया गया। लोगों के नजर पड़ते ही क्षेत्र में यह घटना आग की तरह फैल गया। देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। घटना की सूचना पर सुदामडीह पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को नीचे उतरवाया गया और पुलिस घटना की जानकारी जुटाने में जुट गयी है। बताया जाता है कि मृतक शुभम अपने घर का इकलौता पुत्र था। जिसकी शिक्षा डिनोबली स्कूल से हुई थी। घर पर ही रहकर तैयारी करने में जुटा था। पिता अरुण महतो जमीन की खरीद बिक्री का काम किया करते है। रविवार की सुबह बाइक संख्या जेएच 10 बीडी 1864 लेकर घर से निकला था। इस मामले में भाजपा नेता उचित महतो ने बताया कि यह आत्महत्या नहीं हत्या की गयी है। जिसकी जांच होनी चाहिए।

# महुदा इंटर कॉलेज में इपीएफ घोटाले और प्रबंधन की तानाशाही के खिलाफ उग्र आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा इंटर महाविद्यालय में वर्षों से जड़ जमाए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के विरुद्ध चल रहा आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। 9 सूत्री मांगों पर धनबाद एसडीओ प्रतिनिधि द्वारा कार्रवाई के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त किया गया आमरण अनशन, कॉलेज प्रबंधन की तानाशाही के चलते फिर से उग्र हो गया है। 13 दिसंबर को आयोजित बैठक में विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, एसडीओ प्रतिनिधि सह अंचलाधिकारी और ग्रामीणों की मौजूदगी में बाहरी तत्वों से साजिशन बैठक बाधित करवाना संस्थान के लिए खतरा। इसी दौरान कॉलेज प्रबंधन द्वारा बुलाए गए बाहरी लोगों ने अनशनकारियों के प्रतिनिधिमंडल को अपनी बात रखने से रोका और उन पर अचानक हमला कर दिया। बैठक स्थल पर धक्का-मुक्की हुई और राजनीतिक नारेबाजी की गयी।



घटना से आक्रोशित ग्रामीण और प्रतिनिधिमंडल बैठक का बहिष्कार कर बाहर आ गये, जिसके चलते कार्रवाई की दिशा में वार्ता पूरी तरह विफल रही।

**भ्रष्टाचार छिपाने की कोशिश उजागर :** घटना से स्पष्ट है कि कॉलेज प्रबंधन अपने किए गए घोटालों पर पर्दा डालने के लिए जानबूझकर बैठक में अवरोध पैदा कर रहा है। बाहरी तत्वों को शैक्षणिक संस्थान में बुलाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

**इपीएफ घोटाले से हड़कंप :** कॉलेज के वर्तमान सचिव दीपनारायण शर्मा पर गंभीर आरोप हैं कि उन्होंने वर्ष 1998 से 2014 तक स्वयं को संस्थान का कर्मचारी दर्शाते हुए ईपीएफओ रिकॉर्ड में फर्जी प्रविष्टि कराई। यह नामांकन तत्कालीन प्राचार्य राजकुमार प्रसाद के स्थान पर किया गया, जिससे सरकारी कोष की खुली लूट का खुलासा हुआ है। जबकि वे 2016 में निकाय के सदस्य थे।

**राजनीतिक समर्थन से आंदोलन मजबूत :** रविवार को आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि (गिरिडीह लोकसभा) रामा शंकर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि कौशल किशोर महतो, बाघमारा जिला परिषद सदस्य सुबोध भारती, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, भोला प्रामाणिक सहित कई नेताओं ने धरनास्थल पहुंचकर अनशनकारियों प्रो सुरेश रजक एवं द्वारपाल को अपना नैतिक समर्थन दिया। रामाशंकर तिवारी ने कहा कि यह एक शिक्षण संस्थान है, जहां लगातार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की खबरें सामने आ रही हैं। आरोप है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले कर्मियों को बिना जांच और नियमों के बर्खास्त किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से सभी बर्खास्त कर्मियों की तत्काल बहाली और वरीयता के आधार पर प्राचार्य न्युक्ति और लिखित आश्वासनों पर कार्रवाई की मांग की, अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

जिप सदस्य सुबोध भारती ने प्रकरण पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि प्रबंधन द्वारा द्वेषवश की गयी सभी बर्खास्तगियां अविलंब रद्द कर कर्मियों को पुनः बहाल किया जाये। उन्होंने शिक्षण संस्थान में बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप को समाप्त करने की मांग की, अन्यथा जन आंदोलन की चेतावनी दी।

### जांच के बावजूद कार्रवाई शून्य

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी और धनबाद एसडीओ द्वारा बार-बार जांच के बावजूद अब तक दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या भ्रष्टाचार को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है?

### 16 दिसंबर को प्रशासनिक फैसला

मामले को लेकर 16 दिसंबर को धनबाद एसडीओ कार्यालय के सभागार में सभी शासी निकायों की मौजूदगी में अंतिम निर्णय लिया जायेगा। इधर, अनशनकारी सातवें दिन भी धरने पर डटे हुए हैं।

## पेटरवार-गोमिया मुख्य सड़क के मरम्मत में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो में सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और उन्होंने राज्य के मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद से शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। पथ निर्माण विभाग की ओर से पेटरवार-गोमिया मुख्य सड़क का मरम्मत कालीकरण का कार्य लगभग 3 वर्ष पूर्व से चल रहा है। सड़क मरम्मती व कालीकरण के कार्य में भारी अनियमितता बरतने का आरोप गोमिया में ग्रामीणों ने लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि सड़क मरम्मती का कार्य निर्धारित मानकों से कम मोटाई व प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। सड़क में कालीकरण के बाद जगह-जगह पिच उखड़ने लगे है। इस कारण कुछ दिनों बाद सड़क की फिर से मरम्मत करने की आवश्यकता पड़ेगी। ग्रामीणों ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों की मिली भगत से सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य निम्न स्तर की की जा रही है। निर्माण कार्य के समय कोई भी संबंधित अधिकारी नहीं होते हैं। कहा कि समय को ताक पर रखकर सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य धीमी गति से की जा रही है। ताकि संबंधित ठेकेदार को सड़क की मेंटेनेंस की खर्च बच सके। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गोमिया विधायक सह राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से कार्रवाई की मांग की है।

## सिंदरी को बचाने के लिए 'सिंदरी बचाओ संघर्ष मोर्चा' गठन



**झरिया/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** विधायक चंद्रदेव महतो के नेतृत्व में डोंमगढ़ मैदान के विशाल आम सभा मे सिंदरी को उजाड़ने से बचाने के लिए जो संघर्ष का बिगुल बजा, उसकी अगली कड़ी में रविवार को बिरसा समिति सिंदरी में सभी राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों की एक बैठक पूर्व विधायक कामरेड आनंद महतो एवं सभी संगठनों के नगर प्रमुखों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने 7 दिसंबर को आमसभा सफल बनाने के लिए सिंदरी वासियों का अभिनंदन किया गया। तथा आगे की संघर्ष के लिए सभी सिंदरी वासियों को एक जुट कर तीखा संघर्ष का संकल्प लिया गया। यह फैसला लिया गया कि किसी भी सूरत में डोंमगढ़ सहित सिंदरी के किसी भी क्षेत्र को उजड़ने नहीं दिया जायेगा। बैठक में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को लेकर 'सिंदरी बचाओ संघर्ष मोर्चा' का गठन किया गया। मोर्चा का संरक्षक विधायक चंद्रदेव महतो एवं संयोजक राजीव मुखर्जी को चुना गया यह मोर्चा माननीय सिंदरी के विधायक के नेतृत्व में एफसीआइ प्रबंधन के सिंदरी उजाड़ो आवास नीति का सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करेगा और जल्द ही पूरे एफसीआइ के स्थानीय दलाल प्रबंधन की हुका पानी बंद किया जायेगा और सिंदरी बचाने के संघर्ष को तेज किया जायेगा। बैठक में माले के नगर सचिव राजीव मुखर्जी, सीपीएम के सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव गौतम प्रसाद, कांग्रेस के सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष परशुराम सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता सुरेश राउत, संग्राम समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल सिंह ने अपना वक्तव्य रखा। बैठक में मुख्य रूप से सुरेश प्रसाद, प्रशांत दुबे, विमल रवानी, राहुल राज, अशोक महतो, मुकेश कुमार उर्फ मुन्ना मुखिया समेत कई शामिल थे।

# सड़कें और इमारतें भी खुशियां मनाने का हक रखती हैं: डीसी

**बोकारो में हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र सेक्टर-04 स्थित गांधी चौक से बोकारो मॉल तक की सड़क रविवार सुबह एक अलग ही रंग में नजर आयी। अवसर था 'हैप्पी स्ट्रीट' कार्यक्रम का, जिसका विधिवत शुभारंभ उपायुक्त श्री अजय नाथ झा और बीएसएल के वरीय पदाधिकारियों ने नीले और सफेद गुब्बारों के गुच्छे को खुले आसमान में छोड़कर किया। इस दौरान पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट और उल्लास से भर गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने एक प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सड़कें केवल गाड़ियों के चलने के लिए नहीं होतीं, बल्कि वे भी खुशियां मनाने का हक रखती हैं। जीवन जीने की जिजीविषा केवल सजीवों में ही नहीं, बल्कि सड़कों और कंक्रीट जैसी निर्जीव वस्तुओं में भी होती है। उन्होंने बीएसएल नगर प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि 2022 से शुरू हुई यह पहल आज समाज में सकारात्मक ऊर्जा और 'वाइब्रेशन' का केंद्र बन गयी है।

**तनाव मुक्ति का बना माध्यम, उपायुक्त ने खुद चलाया बल्ला :** उपायुक्त ने कहा कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में तनाव हर जगह है, लेकिन ऐसे आयोजन लोगों को मानसिक शांति और खुश रहने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एक अभिभावक के रूप में नजर आए। उन्होंने न केवल विभिन्न स्टॉलों का जायजा लिया, बल्कि खुद को गतिविधियों से जोड़ते हुए पेंटिंग बोर्ड पर 'लंस्त्रस्त्र८ इङ्क्ष्१इ्क्ष' लिखकर अपनी कलात्मक रुचि दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय वाद्य यंत्र (नगाड़ा) बजाकर और क्रिकेट खेलकर युवाओं व बच्चों का उत्साहवर्धन किया। हैप्पी स्ट्रीट में शहर की सांस्कृतिक और सामाजिक झलक देखने को मिली। मार्शल आर्ट्स और खेल में सफेद ड्रेस में सजे बच्चों ने ताइक्वांडो और कराटे के शानदार दांव-पेंच दिखाए।

बोकारो पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रंग-बिरंगे 'डस्टर्स' के साथ एरोबिक्स और डांस कर सड़क को मंच बना दिया। सीआईएसएफ के जवानों ने अग्नि सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई, जहाँ उपायुक्त ने उपकरणों के बारे में जानकारी ली। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों और बच्चों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प, पेंटिंग्स और खिलौनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

## 14 को होगा टुसू परब का आयोजन



**जोड़ापोखर/ झरिया (आजाद सिपाही)।** दामोदर नदी बिनोद पुल डूंगरी सिलफोर में नवयुवक संघ समिति और जोहार सिलफोर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले टुसू परब 2026 को लेकर एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति सदस्यों और आम नागरिकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष टुसू पर्व का आयोजन एक दिवसीय कार्यक्रम के रूप में भव्यता के साथ किया जायेगा। निर्णय के अनुसार, मुख्य कार्यक्रम 14 जनवरी, 2026 को आयोजित किया जायेगा, जिसमें टुसू मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपरा एवं कला को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी, साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। बैठक में दीपक कुमार महतो, सुभाष महतो, मनोज महतो, रूपेश महतो, राजकिशोर महतो, धनंजय महतो, अजेश रजक, अमन, प्रेम, उदय, उत्तम,आलोक महतो, आशिक, शक्ति, सूरज, आकाश, समीर, किशोर, अजीत सहित कई अन्य सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के मिलन समारोह में दो दर्जन श्रमिक संगठन में शामिल



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** एचएमएस से संबद्ध श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत भवन स्वांग में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यहां स्वांग गोविंदपुर फेज दो परियोजना और स्वांग वाशरी के करीब दो दर्जन की संख्या में कामगारो ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में स्वांग - गोविंदपुर परियोजना फेज दो के सचिव धनंजय कुमार सिंह की अगुवाई में उक्त लोग ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। यहां मुख्य रूप से कथारा क्षेत्र के सचिव विजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम, स्वांग - गोविंदपूर फेज दो के अध्यक्ष प्रेमजीत प्रसाद, स्वांग वाशरी परियोजना के अध्यक्ष सुधीर सिंह, सचिव पीयूष कुमार, कथारा क्षेत्र के सहायक सचिव व जारंगडीह कोलियरी परियोजना के सचिव खगेशवर रजक मुख्य रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री प्रेमजीत प्रसाद ने की। जबकि संचालन धनंजय सिंह ने किया। यहां क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने श्रमिकों को अश्वस्त करते हुए कहा कि उनके अधिकार पर कुठाराघात किसी कीमत पर नही होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जबतक समस्या का समाधान नहीं होता है तबतक संगठन के पदाधिकारी इत्मीनान की सांस नही लेते हैं। उन्होंने चार लेबर कोड के कानून के संदर्भ में श्रमिकों को जानकारी देते हुए भविष्य के मंजर से अवगत कराया। वही संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यकारी अध्यक्ष श्रीराम ने संगठन द्वारा श्रमिक हित के किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। स्वांग - गोविंदपुर फेज दो के सचिव धनंजय सिंह ने कहा कि श्रमिकों की सुख-दुःख में सदैव भागीदारी निभाना, उनके अधिकारो की रक्षा करना, हर परिस्थिति में श्रमिकों के साथ खड़ा होना राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों की पहचान है।

# बोकारो में क्रिसमस की धूम, पेंटाकोस्टल चर्च में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** लौहनगरी बोकारो में प्रभु यीशु के आगमन की तैयारियां पूरे जोर-शोर से शुरू हो गयी हैं। शहर के विभिन्न चर्चों और ईसाई संस्थानों में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में, सेक्टर-12 स्थित पेंटाकोस्टल चर्च में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत की गयी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवपूर्ण हो गया है, जिसका शुरूवात पास्टर डॉ डीएन प्रसाद ने पवित्र बाइबल के वचन से प्रति सप्ताह की तरह इस सप्ताह भी चर्च का संचालन किया। इसी क्रम में रीता प्रसाद ने अपने चर्च के महिलाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का संचालन किया , और जीसस के आगमन के गाने पर पूरा चर्च झूम उठा। इस अवसर पर पास्टर डीएन प्रसाद ने प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु का जन्म मानवता के कल्याण और आपसी प्रेम का प्रतीक है।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

उद्घाटन के बाद चर्च के बच्चों और समुदाय के सदस्यों द्वारा कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसमें कैरल सिंगिंग (मसीही गीत), नृत्य और प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित लघु नाटिकाओं का मंचन किया गया। रंग-बिरंगी लाइटों और क्रिसमस ट्री से सजे चर्च ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

इस आयोजन में भारी संख्या में मसीही समुदाय के सभी लोग शामिल हुए और कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। चर्च प्रबंधन की ओर से आगंतुकों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गयी थीं। लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की अग्रिम बधाई देते हुए खुशियां बांटीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता और सकारात्मकता का संचार होता है।

# एसएसपी प्रभात कुमार ने कृषि बाजार समिति का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा स्थित पुराने थाने के भवन में पुलिस निरीक्षक कार्यालय का शुभ उद्घाटन धनबाद के एस एस पी प्रभात कुमार ने फीता काटकर किया।उन्होंने कहा कि बाजार समिति के व्यापारियों की सुरक्षा करना हमारी प्राथमिकता है। इसी के मद्देनजर आज यहां पुलिस निरीक्षक कार्यालय जो पिछले कई वर्षों से गोविंदपुर में था उसे पुराने बरवाअड्डा थाना परिसर में शिफ्ट किया गया है। मौके पर उपस्थित बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने कहा कि थाना यहां से 4 किलोमीटर दूर जाने के बाद व्यवसाइयों के द्वारा प्रशासन से लगातार टीओपी की मांग की जा रही थी पिछले 9 नवंबर को बाजार समिति के व्यवसाई श्याम भीमसरिया के साथ हुई छिनतई एवं गोली चालन की घटना के बाद बाजार समिति के व्यवसाई एसएसपी से मिलकर सुरक्षा के लिए टीओपी एवं चेंबर कार्यालय सह कंट्रोल रूम की मांग की थी एसएसपी प्रभात कुमार ने व्यवसायियों से वादा किया था कि दिसंबर तक यहां टीओपी का निर्माण कर दिया जायेगा लेकिन आज यहां टीओपी ही नहीं थाना से भी ऊपर पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय बना दिया इससे व्यापारियों में हर्ष है। उद्घाटन के पश्चात एसएसपी ने बाजार समिति परिसर में नवनिर्मित कार्यालय सह कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया। चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यालय में सीसीटीवी हुटर एवं अन्य सुरक्षा से संबंधित यंत्र लगाये जायेंगे जो 24 घंटा कार्य करेगा जो सभी आने जाने वाले पर पूरी नजर रखेगा। उन्होंने चैंबर के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ मार्गदर्शन किया और जल्द से जल्द इसे चालू करने का आग्रह किया। इस मौके पर बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, संरक्षक गुलाब सिंह, वरीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, विक्की सांवरिया,विकास कांधवे, विनोद सिंघल संजय भुवानिया, संतोष सिंह, रोशन कुमार, नीरज अग्रवाल, शेखर सिंह, श्याम भीमसरिया समेत दर्जनों व्यवसायी उपस्थित थे।



# एमजीएम स्कूल में कला अकादमी का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-4 एफ में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'आरोह' का भव्य समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि आइएफएस संदीप शिंदे (डीएफओ, बोकारो) और विशिष्ट अतिथि विपिन कुमार सिंह (अधिशासी निदेशक, कार्मिक, इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर) ने अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।



**प्रकृति संरक्षण और कठिन परिश्रम का संदेश :** समारोह को संबोधित करते हुए डीएफओ संदीप शिंदे ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि धरती को सुरक्षित रखने के लिए हम सबको मिलकर नए वर्ष पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने सफलता के लिए कठिन परिश्रम को एकमात्र विकल्प बताया। वहीं, एमजीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के फादर एचजी एलेक्सीओक्स मार यूरेबियस ने छात्रों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का आशीर्वाद दिया।

**एमजीएम कला अकादमी की सौगात :** इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 'एमजीएम कला अकादमी' का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने बताया कि यह अकादमी विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए समर्पित है। यहाँ गायन, वादन और नृत्य के प्रशिक्षण के साथ-साथ डिग्री और डिप्लोमा कोर्स की सुविधा भी मिलेगी, जो बच्चों के करियर को नयी दिशा प्रदान करेगी।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, प्रतिभाएं हुईं सम्मानित :** समारोह के दौरान स्कूल की हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सीबीएसई दसवीं और ग्यारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में तनुश्री मंडल, सुमंत मुखर्जी, रोशनी रानी, सक्षम झा सहित अन्य कई विद्यार्थी शामिल रहे।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर एमजीएम के शिक्षा अधिकारी फादर रेजी सी वर्गीस, सचिव जॉर्ज कोशी, उप-प्राचार्य राखी बनर्जी, शैक्षिक निदेशक जॉर्ज जोसेफ सहित कई स्कूलों के प्राचार्य और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# परमवीर की बायोपिक 'वीर जवान' में अल्बर्ट एक्का के बेटे का किरदार निभा रहे हैं रोनी झा

**बॉलीवुड अभिनेता जनार्दन झा के सुपुत्र हैं रोनी झा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** 1971 के भारत-पाक युद्ध में असाधारण साहस दिखाकर सर्वोच्च बलिदान देने वाले शौर्यगाथा झारखंड के वीर सपूत अल्बर्ट एक्का पर बन रही बायोपिक फिल्म वीर जवान की शूटिंग चैनपुर से की जा रही है और इसके साथ ही झारखंड के लिए भी गौरवान्वित की बात है। इस फिल्म में झारखंड के बोकारों जिले के चंदनकियारी का रहने वाला 6 वर्षीय बाल कलाकार रोनी झा अपने अभिनय से सभी को प्रभावित कर रहा हैं। उसके प्रदर्शन ने न केवल निर्देशक-निर्माता को प्रभावित किया



है बल्कि सेट पर मौजूद कई लोग भावुक भी हो गये हैं। फिल्म में अल्बर्ट एक्का के बेटे भींसेंट एक्का के बचपन का किरदार निभा रहे रोनी झा बॉलीवुड अभिनेता जनार्दन झा के सुपुत्र हैं। यह फिल्म रोनी झा का पहला बड़ा प्रोजेक्ट है और इसी फिल्म से उनका करियर भी शुरू हो रहा है। छह साल की उम्र में इतनी गहरी भावनाओं को व्यक्त करने की उनकी क्षमताओं ने निमार्ताओं एवं उनकी टीम को हैरान और अर्चंभित कर दिया है। इस फिल्म में 1971 के युद्ध नायक अल्बर्ट एक्का की भूमिका अमरीश पुरी के पोते वरदान पूरी निभा रहे हैं, जबकि बलमदिना का अभिनय साक्षी कर रही हैं। फिल्म की टीम मुंबई और आंध्र प्रदेश से आयी है, जिससे इस बायोपिक के निर्माण में तकनीकी एवं सिनेमाई गुणवत्ता को मजबूत होने की उम्मीद है। बॉलीवुड अभिनेता जनार्दन झा के अनुसार कहानी पूरी तरह ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है और इसका उद्देश्य अल्बर्ट एक्का की साहसिक गाथा को दुनिया के सामने लाना है। अल्बर्ट एक्का झारखंड के गुमला जिले के जारी गांव के रहने वाले थे, जहां उनका जन्म 27 दिसंबर, 1942 को हुआ था और वे भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 में अपने अदम्य साहस के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित हुए थे। उनके पिता का नाम जूलियस एक्का और माता का नाम मरियम एक्का था। उन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान असाधारण वीरता दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। शूटिंग का पहला चरण जारी चैनपुर से शुरू होकर मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली और कई अन्य खूबसूरत लोकेशनों पर शुटिंग करेगी। फिल्म 2026 में विश्वभर में रिलीज होने वाली है और यह न केवल भारत के दर्शकों को, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारतीय वीरता का संदेश देने का प्रयास करेगी।

## ऑस्ट्रेलिया के मशहूर बॉन्डी बीच पर आतंकी हमला

# शूटर समेत 12 की मौत एक हमलावर गिरफ्तार

- इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने रेस्त्रां में छिप कर जान बचायी

एजेंसी

**सिडनी।** सिडनी के बॉन्डी बीच पर दो हथियारबंद लोगों ने सामूहिक गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कई राउंड गोलियां चलने के बाद बीच पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। हमले में शूटर समेत 12 लोगों की मौत हो गयी है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने इस गोलीबारी को आतंकी हमला करार दिया है। गोलीबारी की घटना के तुरंत बाद पुलिस को बॉन्डी में कैंपबेल परेड में एक गाड़ी मिली, जिसमें उन्हें कुछ विस्फोटक होने की आशंका है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन इस हमले में बाल-बाल बचे हैं। उन्होंने रेस्त्रां में छिप कर अपनी जान बचायी। उन्होंने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वॉन ने एक्स पर लिखा- बॉन्डी में एक रेस्टोरेंट के अंदर बंद रहना बहुत डरावना था। अब मैं सुरक्षित घर पहुंच गया हूं। आतंकियों का सामना करने वाले इमरजेंसी स्टाफ्स का बहुत-बहुत धन्यवाद। इस घटना से प्रभावित सभी लोगों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं।



**जवाबी कार्रवाई में मारा गया एक हमलावर :** सिडनी मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी में शूटर सहित 12 लोग मारे गये हैं। जानकारी के अनुसार यहूदी त्योहार हनुक्का मनाने के लिए सैकड़ों लोग बॉन्डी बीच पर जुटे थे। इसी दौरान हमलावरों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। एक पुलिस अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि हमलावरों में से एक सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में बोनिरिग का रहने वाला नवीद अकरम था। पुलिस शूटर के घर पर इस समय पुलिस छापा मार रही है।

**यहूदी समुदाय को निशाना बना कर किया गया था हमला :** एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिस मिन्स ने बताया कि 12 लोगों की मौत हो गयी है। हमलावरों में से एक मारा गया है और एक को हिरासत में लिया गया है। मिन्स ने कहा कि यह हमला यहूदी समुदाय को निशाना बना कर किया गया था। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस के मुताबिक गोलीकांड के बाद एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, पुलिस की जांच जारी है और हम लोगों से अपील करते हैं कि वे इस इलाके से दूर रहें। पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है और जानकारी मिलने पर आगे अपडेट दिया जायेगा।

**बीच पर भागते दिखे लोग :** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बॉन्डी बीच पर लोग भागते हुए दिखायी दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाज और पुलिस सायरन सुनायी दे रहे हैं। रॉयटर्स ने कहा कि वह इन वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका।

गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार उसके पत्रकारों द्वारा देखे गये वीडियो में काले कपड़े पहने दो लोग बीच के पास एक पुल के पास गोलीबारी करते दिखे। करीब एक दर्जन राउंड गोलियों की आवाज सुनायी दी और लोग चीखते हुए इधर-उधर भागने लगे।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक्स पर एक ताजा पोस्ट में बताया कि बॉन्डी बीच पर दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस अभियान अभी जारी है और लोगों से लगातार अपील की जा रही है कि वे इस इलाके से दूर रहें। पुलिस ने लोगों से सभी निर्देशों का पालन करने को कहा है और चेतावनी दी है कि कोई भी पुलिस की बनायी गयी घेराबंदी को पार न करें। पुलिस ने यह भी कहा कि डोवर हाइट्स में किसी भी तरह की घटना की कोई सूचना नहीं है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहें न फैलाएं। इस मामले में आगे की जानकारी यहीं साझा की जायेगी।

### घटना की टाइमलाइन

- **शाम 6:45 बजे :** बॉन्डी बीच पर गोलीबारी की खबरों के बाद पुलिस की गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं।
- **शाम 7:05 बजे :** पुलिस ने लोगों को बॉन्डी बीच से दूर रहने का आग्रह किया और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से सुरक्षित जगह पर जाने को कहा।
- **शाम 7:43 बजे :** पुलिस ने दो लोग हिरासत में हैं।
- **रात 8:35 बजे :** एंबुलेंस 16 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में ले गयीं।
- **रात 8:45 बजे :** पुलिस ने शूटर समेत 12 लोगों की मौत, दो पुलिस अधिकारी सहित 11 अन्य लोग घायल की पुष्टि की।

# इजराइल ने किया दावा : हमास के नंबर-2 चीफ राएद सईद को मारा

- गाजा में कार पर एयरस्ट्राइक की
- नेतन्याहू बोले- इजराइली सैनिकों की मौत का बदला लिया

एजेंसी

**गाजा।** गाजा सिटी में इजराइली हमले में हमास के सेकेंड-इन-कमांड राएद सईद की मौत हो गई है। इजराइली सेना (आइडीएफ) ने शनिवार को यह दावा किया कि उसने गाजा सिटी में एक कार को निशाना बनाकर यह हमला किया। हालांकि, हमास ने अब तक राएद सईद की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। राएद, हमास अल-कासिम ब्रिगेड का प्रमुख कमांडर था। अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार इजराइली सेना ने कहा कि सईद हमास के हथियार बनाने वाले नेटवर्क का प्रमुख था और अक्टूबर 2023 में इजराइल पर हुए हमलों की साजिश बनाने वालों में भी शामिल था। हमास के सूत्रों के मुताबिक राएद गाजा सिटी बटालियन का पूर्व प्रमुख भी रहा था। इजराइल का आरोप है कि सईद सीजफायर के बावजूद हमास की क्षमताओं को फिर से मजबूत करने और हथियार बनाने का काम कर रहा था, जो समझौते का उल्लंघन है। यह हमला हमास के इजराइली सैनिकों पर हमले के बाद हुआ। इसमें 2 इजराइली सैनिक घायल हो गए थे। इसके बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सईद को निशाना बनाने का आदेश दिया था। अब नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने सैनिकों की मौत का बदला ले लिया।

**सीजफायर के बाद भी इजराइल के हमले जारी :** अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा प्रशासन का कहना है कि यह हमला अक्टूबर 2025 में हुए सीजफायर का उल्लंघन है। सीजफायर के बाद से इजराइल ने गाजा में करीब 800 से ज्यादा हमले किए, जिनमें 386 लोगों की मौत हुई।



### सइद के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी : इजराइल

इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि हमें रियल-टाइम में खुफिया जानकारी मिली कि सईद गाजा शहर के पश्चिमी हिस्से में यात्रा कर रहा था। हमने मौका हाथ से निकलने से पहले उसे मारने के लिए तुरंत कार्रवाई की। अरब के खुफिया अधिकारियों के मुताबिक राएद पिछले 2 साल के दौरान ज्यादातर समय गाजा सिटी के नीचे बनी हमास की सुरंग में छिपा रहा।

### इजराइली ड्रोन ने सिविलियन गाड़ी को निशाना बनाया : हमास

दूसरी ओर हमास ने सईद की मौत की पुष्टि नहीं की है। संगठन का कहना है कि इजराइली ड्रोन ने गाजा सिटी के पश्चिम में नबुलसी जंक्शन के पास एक सिविलियन गाड़ी को निशाना बनाया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस हमले में पांच लोगों की मौत हुई और 25 लोग घायल हुए।

## आइएसआइएस का सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर हमला, तीन लोगों की मौत

**दमिश्क (आजाद सिपाही)।** मध्य सीरिया के शहर पल्मायरा में शनिवार को इस्लामिक स्टेट आइएसआइएस के एक हमलावर ने अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया। हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी सैनिक आइएसआइएस के खिलाफ चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियानों के तहत एक बैठक में शामिल थे। हमलावर को मौके पर मौजूद सीरियाई बलों ने मार गिराया। इस हमले में सीरियाई सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को हेलिकॉप्टर के जरिए अल-तनफ स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ले जाया गया। अमेरिकी बलों पर यह हमला बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद पहली बार हुआ है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार समूह के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जायेगी। ट्रंप ने मुंहतोड़ जवाब देने और बदला लेने की बात कही।

# अमित शाह ने नितिन नबीन को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भाजपा संसदीय बोर्ड द्वारा नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी। केंद्रीय गृह मंत्री ने (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं भाजपा संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव हो, या बिहार में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष या छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी, उन्होंने संगठन के हर दायित्व को पूरी निष्ठा और सफलता से निभाया है। बिहार में 5 बार विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में उनके पास जनता के बीच लंबे समय से कार्य करने का अनुभव है। आज उनका राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनना दिन-रात परिश्रम करने वाले हर युवा भाजपा कार्यकर्ता का सम्मान है। उनके नवीन दायित्व और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



# आतंक की पाठशाला : ट्रेनिंग लेने पाकिस्तान जानेवाले 40 आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** एड्रेस एंड इंटरनल मूवमेंट कंट्रोल ऑर्डिनेंस के तहत अवंतिपोरा थाने में दर्ज एक मामले में 40 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है। सभी आरोपियों पर कश्मीर में रहकर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और अवैध हथियारों की ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान जाने का आरोप है। ये सभी अभी सीमा पार ही हैं और लौट कर नहीं आये हैं। इसी साल अवंतिपोरा थाने में एग्रेस एंड इंटरनल मूवमेंट कंट्रोल ऑर्डिनेंस के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस एफआईआर में शामिल 40 लोग अवैध हथियारों की ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान गये हुए हैं। पाकिस्तान जाने से पहले ये सभी आरोपी कश्मीर में रह कर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। पुलिस ने 40 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। सभी पर देशद्रोह के आरोप तय किये गये हैं। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त और कानूनी कार्रवाई करने तथा कानून के शासन का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# हम जहां रहते हैं, वो हिंदू घर जैसा दिखे : मोहन भागवत

- दीवारों पर विवेकानंद की तस्वीर हो या माइकल जैक्सन की, यह तय करना होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री विजय पुरम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि हिंदुओ को एकजुट होकर देश को आगे ले जाना होगा। इसके लिए वैसा ही आचरण करना होगा। हम जहां रहते है वो हिंदू घर की तरह सजा होना चाहिए। हमें यह तय करना होगा कि घर की दीवारों पर स्वामी विवेकानंद की तस्वीर हो या माइकल जैक्सन की।

भागवत ने ये बातें अंडमान के श्रीविजय पुरम में स्थित नेताजी स्टेडियम में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हिंदू एकता के लिए एकरूपता को जरूरी नहीं मानता। बाकी दुनिया इसके उलट सोचती है। भागवत ने कहा कि अगर हिंदू जागेंगे तो दुनिया जागेगी। दुनिया मानती है कि भारत ही रास्ता दिखाएगा। समस्याओं पर समय बर्बाद करने के बजाय हमें समाधान खोजने चाहिए। किसी भी काम को पूरा करने के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है और शक्ति केवल एकता से आती है। भागवत ने कहा कि दुनिया सत्य को नहीं शक्ति को देखती है। जिसके पास शक्ति है उसी की बात मानी जाती है। एक मजबूत समाज बनाने और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एकता आवश्यक है। इसके साथ ही भागवत ने टकराव से बचने की भी सलाह दी।



भागवत ने कहा कि भगवान कृष्ण और जंगल में रहने वाले एक राक्षस के बारे में महाभारत की एक कहानी सुनाते हुए कहा कि अर्जुन और सात्यकि ने राक्षस से लड़ने की कोशिश की, लेकिन हर वार से वह और बड़ा होता गया। कृष्ण ने हस्तक्षेप किया, टकराव से बचाया और बिना लड़ाई के उसे वश में करने के लिए समझदारी का इस्तेमाल किया। सबक यह है कि हर समस्या के लिए बल की आवश्यकता नहीं होती। समाधान स्थिति को समझने पर निर्भर करते हैं।

भागवत ने कहा कि हम परिवार के साथ घूमने जाते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आप पेरिस, सिंगापुर जाओ। दुनिया घूमने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन कभी-कभी श्री विजयपुरम भी जाओ, वहां सेल्यूलर जेल देखो। लोगों ने यहां जेल में अपनी जिंदगी बिताई है। वे झुके नहीं, वे टूटे नहीं। उन्होंने आजाद भारत देखा।

## प्रदूषण के कारण ऑनलाइन चलेंगी क्लास पांच तक की कक्षाएं, परीक्षाएं की गयीं रद्द

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के कारण ग्रेटर नोएडा के सीबीएसइ, आईसीएसइ, यूपी बोर्ड के साथ अन्य बोर्ड की कक्षा पांच तक की कक्षाएं ऑनलाइन मोड पर अग्रिम आदेशों तक कर दी गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्रैप चार लागू हो गया है। छह से नौ और 11वीं की कक्षाएं हाइब्रिड मोड पर संचालित होंगी। वहीं 10वीं और 12वीं के लिए कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। बोर्ड परीक्षा के कारण उनकी कक्षाएं पहले की तरह संचालित होती रहेंगी। वहीं परिषदीय स्कूलों में चल रही परीक्षाओं को रद्द कर दिया गया है।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**